रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 79,032.73 −210.45
डॉलर 83.378 -0.081
रांची सर्राफा
10 ग्राम 67,850 | 01 किलो 94,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, रविवार, 30 जून 2024, वर्ष-25, अंक- 148, पृष्ठ-14 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-14 सरकार ने एनडीआरएफ जोखिम...


## 1 जुलाई 2024 से देश में लागू होने वाले नए कानूनी प्रावधानों को जानें

## सजग नागरिक बनें

# न्याय की नई परिभाषा





**श्री चम्पाई सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

आप कहीं से भी किसी भी थाने में **जाकर FIR दर्ज करवा सकते हैं,** वहां से संबंधित थाने में इसे भेज दिया जाएगा। **आप ऑनलाइन या ई-मेल से भी प्राथमिकी दर्ज करवा सकते हैं।**

प्राथमिकी के बाद **अनुसंधान में क्या प्रगति हुई है, इसकी जानकारी जांच अधिकारी को पीड़ित या सूचक को देनी होगी।** पहले थाने में जाकर जानकारी लेनी पड़ती थी।

**संगठित अपराध, झपटमारी और मॉब लिंचिंग को भी नए अपराध में शामिल किया गया है।** छोटे अपराधों के लिए सीधे जेल की जगह आरोपी से सामाजिक/सामुदायिक सेवा करने का भी दण्ड दिया जा सकता है।

पहले जहां अपराध के बाद केवल दण्ड आधारित न्याय व्यवस्था थी, वहीं **अब दण्ड की जगह न्याय व्यवस्था पर जोर है** यानी दण्ड ही केवल ना हो, यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो कि पीड़ित को न्याय भी मिले।

18 साल से कम आयु की महिला के साथ **सामूहिक दुष्कर्म के अपराधियों को मृत्युदण्ड भी दिया जा सकता है।** जबकि 18 साल से अधिक आयु की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के अपराधियों को 20 साल से आजीवन कारावास तक की सजा दी जा सकती है।

नए कानूनी प्रावधानों के अनुसार, **महिला से विवाह करने के झूठे वचन देकर शारीरिक संबंध बनाने के दोषी के लिए अब 10 वर्ष तक की सजा है।** दुष्कर्म पीड़िता का मेडिकल रिपोर्ट अब चिकित्सक को 7 दिन के भीतर देने होंगे।

नए कानूनी प्रावधानों में बालक (child) को परिभाषित किया गया है जो IPC में नहीं था। **महिला एवं बालकों के विरुद्ध अपराध को लिंग तटस्थ (Gender Neutral) बना दिया गया है, इसमें उभयलिंगी (Transgender) को भी सम्मलित किया गया है।**

इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के व्यापक इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, **इसमें ऑडियो-वीडियो संसाधनों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।**

समन, तामिला का सबूत, दस्तावेजी समन के लिए इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का प्रयोग एवं **साक्ष्य केवल लिखित नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक साधनों जैसे: ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग कर रखा जा सकेगा।**

तलाशी या जब्ती की प्रक्रिया में **ऑडियो-वीडियो संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।** इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख या रिकॉर्ड को विधिक दस्तावेज के रूप में मान्यता होगी।

फोरेंसिक जांचकर्ता को **अपराध स्थल पर जाकर साक्ष्य संकलन करने की बाध्यता होगी।** चिकित्सक अभियुक्त का जैविक परीक्षण कर चिकित्सीय साक्ष्य एकत्रित करेंगे।

नए कानूनी प्रावधानों के तहत अब **कम समय में अनुसंधान और न्यायिक प्रक्रिया सम्पन्न करने की व्यवस्था है।**

**आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) लागू होंगे...**
**ये कानून भारतीय दंड संहिता (IPC), दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर लागू होंगे।**

PR No. 328214 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# संताल विद्रोह 1855



## 30 जून को मनाया जाता है हूल क्रांति दिवस

# 30 हजार संतालों ने दी थी कुर्बानी

**प्रवीण प्रियदर्शी । रांची**

अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 1857 की लड़ाई को इतिहासकार सिपाही विद्रोह कहते थे लेकिन वीर सावरकर ने अपने तर्क पूर्ण लेखन से इसे भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का सम्मान दिलाया। दुर्भाग्य से झारखंड के आदिवासी इतने भाग्यशाली नहीं रहे। 1857 के महान संग्राम के दो साल पाहले ही संताल परगना में अंग्रेजों के खिलाफ एक ऐसा विद्रोह हुआ, जिसमें 400 से ज्यादा गांवों के लगभग एक लाख लोगों ने भाग लिया। इस विद्रोह में 30 हजार से अधिक संताल आदिवासियों ने कुबार्नी दी। लेकिन इतिहास के पन्नों में इस महान संघर्ष को अब तक पर्याप्त सम्मान का स्थान नहीं मिल पाया। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ अंग्रेजी हुकूमत और महाजनों के शोषण और अत्याचार से तंग आकर वीर नायक सिद्धो, कान्हु,चांद, भैरव के नेतृत्व में 30 जून, 1855 को भोगनाडीह पहुंचकर संताल विद्रोहियों ने अंग्रेजों से आमने-सामने की जंग का एलान करने के साथ मालगुजारी नहीं देने का एलान किया था। अंग्रेजों ने तब संथाल विद्रोहियों से घबराकर उनका दमन प्रारंभ किया। इस विद्रोह को संताल हूल के नाम से जाना जाता है। इस मौके पर सिद्धू ने नारा दिया था, 'करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो।

सिदो मुर्मू और कान्हू मुर्मू (सगे भाई) ने लगभग 60,000 सशस्त्र संथालों के साथ विद्रोह का आगाज किया। संतालों का विद्रोह बंगाल प्रेसीडेंसी में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की राजस्व प्रणाली, सूदखोरी प्रथा और जमींदारी व्यवस्था को समाप्त करने की प्रतिक्रिया के रूप में शुरू हुआ। यह औपनिवेशिक शासन के उत्पीड़न के खिलाफ बड़ी शुरूआत थी।

1832 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने वर्तमान झारखंड में दामिन-ए-कोह क्षेत्र का सीमांकन किया और संतालों को इस क्षेत्र में बसने के लिए आमंत्रित किया। भूमि और आर्थिक सुविधाओं के वादे के कारण धालभूम, मानभूम, हजारीबाग, मिदनापुर आदि से बड़ी संख्या में संताल आकर बस गए। जल्द ही अंग्रेजों के लिए कर संग्रह करने वाले महाजन, जमींदार और बिचौलिये यहां की अर्थव्यवस्था पर हावी हो गए। कई संताल भ्रष्ट धन उधार प्रथाओं के शिकार हो गए। उन्हें अत्यधिक दरों पर पैसा उधार दिया गया। जब वे कर्ज न चुका पाए तो उनकी जमीनों को जबरन छीन लिया गया और उन्हें बंधुआ मजदूरी के लिए मजबूर कर दिया गया। ...और इस दमन के खिलाफ हथियारों से लैस संतालो ने विद्रोह कर दिया। कई गांवों में जमींदारों, साहूकारों और उनके गुर्गों को मार डाला। इस विद्रोह ने कंपनी प्रशासन को चकित कर दिया। जब कानून और व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण से बाहर होने लगी तो कंपनी प्रशासन ने विद्रोह को कुचलने के लिए स्थानीय जमींदारों और मुर्शिदाबाद के नवाब की सहायता से बड़ी संख्या में सैनिकों को भेजा। ईस्ट इंडिया कंपनी ने सिदो और उनके भाई कान्हू को गिरफ्तार करने के लिए इनाम की भी घोषणा की। इसके बाद 1855 से जनवरी 1856 तक कहलगांव, सूरी, रघुनाथपुर और मुनकटोरा जैसी जगहों पर सीधी झड़पें हुईं, संतालो ने पारंपरिक तीर-धनुष से आधुनिक अस्त्र-शस्त्र से लैस अंग्रेज सेना का जमकर मुकाबला किया और कई युद्धों में उन्हें परास्त किया।

**60,000 से अधिक लोगों ने किया था जंग का ऐलान**

**संताल विद्रोह को इतिहास में नहीं मिला सम्मानजनक स्थान**

**संतालों के संघर्ष को दर्शाता है हुल दिवस**

**हुकूमत की नींव हिल गई, अंग्रेज अफसर शर्मिंदा हुए**

**संताल हूल विद्रोह के बाद सीएनटी कानून बना**

**संताल विद्रोहियों ने मजिस्ट्रेट को घेरा, मदद के लिए सेना पहुंची**

**संताल विद्रोह जिसने अंग्रेजों की नींद उड़ा दी थी**

## लगान मांगने पर दारोगा का सिर काट डाला

इस दौरान बरहेट के समीप पंचकठिया में दिघी थाना के दारोगा महेश लाल दत्त के नेतृत्व में 7 जुलाई 1855 को सैनिकों की एक टुकड़ी के साथ पहुंची। संताल विद्रोहियों को सरकार के निर्देश के अनुसार लगान देने का निर्देश दिया। जिसे विद्रोहियों ने मानने से इंकार कर दिया। कहते हैं दारोगा ने सरकार का आदेश नहीं मानने पर वीर नायकों को गिरफ्तार करने की चेतावनी दी। इससे संताल धनुधार्री भड़क उठे और अपनी कुल्हाड़ियों से उस पर टूट पड़े। उसका सिर काट दिया। इस हत्या के बाद संथाल युद्ध पथ पर निकले संताल विद्रोहियों ने गोड्डा अनुमंडल के करहरिया थाना के दारोगा प्रताप नारायण की भी हत्या कर दी। इसके बाद संताल हुल की ज्वाला समूचे संताल परगना में फैल गयी। बिहार के भागलपुर के कहलगांव से लेकर पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले तक विद्रोह की आग फैल गयी। पीरपैंती के पास प्यालापुर और पाकुड़ जिले में तोराई नदी के तट पर तथा महेशपुर सहित कई स्थानों पर अंग्रेजी फौज और संताल सैनानियों के साथ जबरदस्त भिड़ंत हुई। इस विद्रोह में संताल धनुर्धरों के आक्रमक हमले से अंग्रेजी हुकूमत के सैकड़ों सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी। जबकि फूट डालो राज करो की नीति का सहारा लेकर अंग्रेजी फौज ने बंधुक और गोला बारूद की बौछार कर हजारों संताल धनुर्धारियों को मौत की नींद सुला दिया। 1855 में संताल हूल का केंद्र झारखंड का संताल परगना था। जो जल,जंगल, जमीन की रक्षा के लिए यह सबसे बड़ी घटना थी। संताल की माटी के इन्हीं शहीदों की याद में हर साल 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है।

### विद्रोह से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिल गई थी

एक अंग्रेज इतिहासकार हंटर ने लिखा है कि इस महान क्रांति में लगभग 20 हजार अधिक आदिवासियों को मौत के घाट उतार दिया गया। हालांकि, संथालों के इस बलिदान पर कोई भी अंग्रेज सिपाही ऐसा नहीं मिला, जो शर्मिंदा न हुआ हो। जिससे अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिल गयी थी। इतिहास के पन्नों में जन आंदोलन के रूप में दर्ज विद्रोह में संताल विद्रोहियों ने अपने परंपरागत हथियारों के दम पर ही ब्रिटिश सेना को परास्त कर दिया था और अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का आह्वान किया था।

### सिद्धो-कान्हू को अलग-अलग पेड़ में लटका कर दी गई थी फांसी

विद्रोहियों को सबक सिखाने के लिए अंग्रेजों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। सबसे पहले चांद और भैरव को अंग्रेजों ने मार डाला गया। सिदो को अगस्त 1855 में पकड़कर पंचकठिया नामक जगह पर बरगद के पेड़ पर फांसी दे दि गई वह पेड़ आज भी पंचकठिया में स्थित है जिसे शहिद स्थल कहा जाता है। जबकि कान्हू को 26 जुलाई 1855 को भोगनाडीह में फांसी दे दी गई पर आज भी वह संतालो के दिलो में जिन्दा हैं एवं याद किए जाते है। संतालों के इस हार पर भी अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से हिला कर रख दिया था। कार्ल मार्क्स ने इस विद्रोह को भारत का प्रथम जनक्रांति कहा था। आज भी 30 जून को भोगनाडीह में हूल दिवस पर सरकार द्वारा विकस मेला लगाया जाता है एवं विर शहिद सिदो-कान्हू को याद किया जाता है।

*__सिदो__ को अगस्त 1855 में पकड़कर पंचकठिया नामक जगह पर बरगद के पेड़ पर फांसी दे दि गई वह पेड़ आज भी पंचकठिया में स्थित है जिसे शहिद स्थल कहा जाता है।*

### भोगनाडीह में जुटे थे 400 गांवों के 60 हजार संताल आदिवासी

साधन विहिन भोगनाडीह गांव के चार वीर सपूत सिद्धो, कान्हु, चांद और भैरव ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया। चारों ने मिलकर आमलोगों को गोलबंद करने निकल पड़े। बस क्या था साल का पत्ता घुमाकर गांव गांव में संदेश पहुंचाया गया। इस संदेश के मुताबिक 30 जून 1855 को चांदनी वाली रात में बरहेट के समीप भोगना डीह गांव में लगभग 400 गांवों के करीब साठ हजार से अधिक लोग जुट गए। अंग्रेजी सल्तनत के अत्याचार से पीड़ित संताल वीरों ने अपने वीर नायक सिद्धो, कान्हु, चांद और भैरव के नेतृत्व में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का विगुल फूंक दिया। बेतहाशा लगान देने से इंकार कर दिया।

*__साधन__ विहिन भोगनाडीह गांव के चार वीर सपूत सिद्धो, कान्हु, चांद और भैरव ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।*

## संतालों के जमीन की रक्षा के लिए 1882 में बना नया कानून

मुख्य रूप से हिल रेंजर सैनिकों का एक दल मेजर एफ डब्ल्यू बरोज की कमान के तहत भागलपुर से रवाना किया गया जो 10 जुलाई को बिहार के भागलपुर जिले के पीरपैंती के पास प्यालापुर में परम्परागत तीर धनुष और कुल्हाड़ियों से लैस संतालों के साथ लड़ाई में हार गए। संताल विद्रोह ने पश्चिम में भागलपुर के कहलगांव से लेकर पूर्व में राजमहल तथा लगभग दक्षिण में रानीगंज और सैंथिया तक तबाह कर दिया। बंधुक और गोला बारूद से लैस 7 वीं रेजिमेंट नेटिव इन्फैंट्री के दो सौ जवानों ने तराई नदी के पास पाकुड़ के पश्चिम में 5000 विद्रोहियों पर हमला कर दिया और उन्हें हरा दिया। मुर्शिदाबाद के मजिस्ट्रेट के अधीन अंग्रेज सैनिकों की टुकड़ी ने विद्रोहियों का पहाड़ियों में पीछा किया और उन्हें रघुनाथपुर (बरहड़वा ) में हरा दिया। 24 जुलाई 1855 को बरहेट रोड में भगनाडीह को जला दिया और विद्रोहियों के गढ़ बरहेट पर क जा कर लिया। संताल विद्रोह को कुचलने के लिए अंग्रेजी हुकूमत ने इस क्षेत्र में मार्शल लॉ लागू कर दिया। हालांकि अंग्रेजी हुकूमत द्वारा सरकार के खिलाफ उभरे असंतोष को भले ही दबा दिया गया। लेकिन सरकार को आमलोगों की समस्याओं के त्वरित निदान की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए मजबूर कर दिया। इसी क्रम में बिहार के भागलपुर और पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के कुछ भागों को मिलाकर 22 दिसम्बर 1855 को अंग्रेज उपायुक्त मिस्टर ऐंडन एस्ली के नेतृत्व में संतालपरगना अलग जिले का गठन किया गया। इसके बाद संताल सहित स्थानीय लोगों को प्रशासन के करीब लाने तथा उनकी समस्याओं को जानकर उसके निदान की दिशा में कदम आगे बढाये गये। लोगों को जमीन संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए संताल परगना रेगुलेशन एक्ट 1872 सहित कई अन्य कानून बनाये गये जिससे यहां के लोगों के जमीन की रक्षा की जा सके।

## विद्रोह का कारण

संताली भाषा में हूल का शाब्दिक अर्थ विद्रोह है। तब बिहार और ओडिशा और अब झारखंड एकीकृत बंगाल का हिस्सा था। अंग्रेजी हुकूमत ने बेतहाशा जमीन का लगान बढ़ा दिया गया था। जमींदारों व महाजनों को किसानों से जबरन लगान वसूली की खुली छुट दे दी गयी थी। समय पर लगान नहीं चुकाने पर जमींदार और उसके अमला महाजनों द्वारा आमलोगों पर तरह-तरह से अत्याचार किया जा रहा था। इससे आम लोग परेशान थे। इस कारण आमलोगों के मन में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ असंतोष की ज्वाला भड़क रही थी। इसी क्रम में कभी जंगल तराई के नाम से जाने जाने वाला अब झारखंड के संताल परगना के साहेबगंज जिले के भोगनाडीह से आंदोलन की शुरूआत हुई। अंग्रेजों ने विद्रोह को रोकने के लिए 1856 में तो रात पाकुड़ में मार्टिलो टावर का निर्माण कराया, अंतत: इस मुठभेड़ में संतालों कि हार हुई और सिदो-कान्हू को फांसी दे दी गई। और उसमें छोटे-छोटे छेद बनाए गए ताकि छिपकर संथालियों को बंदूक से निशाना बनाया जा सके। लेकिन एक इमारत भला आदिवासियों के पराक्रम के आगे कहां टिकने वाली थी। संतालियों के पराक्रम और साहस के आगे अंग्रेजों को झुकना पड़ा और उल्टे पांव भागने पर मजबूर होना पड़ा।

## मजिस्ट्रेट रिचर्डसन ने रेलवे इंजीनियर विंगर्स में ली थी शरण

संताल परगना गेजेटियर में संताल विद्रोह की पृष्ठभूमि के संदर्भ में लिखा गया है कि भागलपुर के मजिस्ट्रेट एच ई रिचर्डसन और पोंटेट राजमहल में थे। जहां उन्होंने रेलवे इंजीनियर विगर्स के यहां शरण ली। वहां संताल विद्रोहियों के हमले से बचने के लिए बैरिकेडिंग और किलेबंद कर दिया गया था। रेलवे अधिकारियों ने विद्रोहियों के हमलों के खिलाफ उन्हें तब तक रोके रखा जब तक कि सेना उन्हें राहत देने के लिए नहीं पहुंची। जब आंदोलन की खबर सी. एफ. ब्राउन तक पहुंची। 8 जुलाई को भागलपुर के कमिश्नर ने भागलपुर की रक्षा और डाक संचार की सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाए गये। पहाड़ी सरदारों और पड़ोसी जमींदारों को आंदोलन को दबाने में सहायता के लिए आदेश जारी करते हुए पत्र लिखा गया। इस मामले में उपयुक्त सहयोग के लिए बंगाल और बिहार में कुछ स्थानों पर कार्यकारी प्राधिकारी से संपर्क करने का निर्देश दिया गया।

**1855-56 में सिदो-कान्हू ने ब्रिटिश सत्ता, साहुकारों, व्यापारियों व जमींदारो के अत्याचारों के खिलाफ एक विद्रोह कि शुरुआत कि जिसे संताल विद्रोह या हूल आंदोलन के नाम से जाना जाता है।**



## छह संताल भाई-बहनों ने हिला दी थीं शासन की चूलें

संताल परगना को पहले जंगल तराई के नाम से जाना जाता था। संताल आदिवासी इस क्षेत्र में 1790 ई0 से 1810 ई0 के बीच बसे। संताल परगना को अंग्रेज दामिन ए कोह कहते थे, इसकी घोषणा 1824 को हुई। इसी संताल परगाना में संताल आदिवासी परिवार में दो विर भईयों का जन्म हुआ जिसे हम सिदो मुर्मू और कान्हू मुर्मू के नाम से जानते हैं जिसने अंग्रेजो के आधुनिक हथियारों को अपने तीर धनुष के आगे झुकने पर मजबूर कर दिया था। सिदो-कान्हू मुर्मू का जन्म भोगनाडीह गांव में एक संथाल आदिवासी परवार में हुआ था जो कि वर्तमान में झारखंड के साहेबगंज जिला के बरहेट प्रखंड में है। सिदो मुर्मू का जन्म 1815 में हुआ था जबकि उनके छोटे भाई कान्हू मुर्मू का जन्म 1820 में हुआ था। संथाल विद्रोह में सक्रिय भूमिका निभाने वाले इनके और दो भाई भी थे जिनका नाम चांद मुर्मू और भैरव मुर्मू था। चांद का जन्म 1825 में एवं भैरव का जन्म 1835 में हुआ था। इनके अलावा इनकि दो बहनें भी थीं जिनका नाम फुलो मुर्मू एवं झानो मुर्मू था। इन 6 भाई-बहनो का पिता का नाम चुन्नी मांझी था। सिदो-कान्हू ने 1855-56 मे ब्रिटिश सत्ता, साहुकारों, व्यपारियों व जमींदारो के अत्याचारों के खिलाफ एक विद्रोह कि शुरूआत कि जिसे संताल विद्रोह या हूल आंदोलन के नाम से जाना जाता है। संताल विद्रोह का नारा था करो या मरो अंग्रेजो हमारी माटी छोड़ो। सिदो ने अपनी दैवीय शक्ति का हवाला देते हुए सभी मांझीयों को साल की टहनी भेजकर संथाल हुल में शामिल होने के लिए आमंत्रन भेजा। 30 जून 1855 को भेगनाडीह में संताल आदिवासी की एक सभा हुई जिसमें 400 गांवों के 50000 संथाल एकत्र हुए। जिसमें सिदो को राजा, कान्हू को मंत्री, चांद को मंत्री एवं भैरव को सेनापति चुना गया। संथाल विद्रोह भोगनाडीह से शुरू हुआ जिसमें संताल तीर-धनुष से लैस अपने दुश्मनो पर टुट पड़े। जबकि अंग्रेजों में इसका नेतृत्व जनरल लॉयर्ड ने किया जो आधुनिक हथियार और गोला बारूद से लैस थे इस मुठभेड़ में महेश लाल एवं प्रताप नारायण नामक दरोगा कि हत्या कर दि गई इससे अंग्रेजो में भय का माहोल बन गया।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, रविवार, 30 जून 2024, वर्ष-25, अंक-148, पृष्ठ-14 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स 79,032.73 -210.45

डॉलर 83.378 -0.081

रांची सर्राफा

10 ग्राम 67,850

01 किलो 94,500

पेज 14



सरकार ने एनडीआरएफ जोखिम और कठिनाई भत्ते...

# श्योक नदी पार करते समय फंसा टैंक, सेना के पांच जवानों की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चीन सीमा पर लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में सैन्य अभ्यास करके लौट रहे पांच जवानों की शुक्रवार रात करीब 1 बजे श्योक नदी पार करते समय मौत हो गई। लद्दाख के न्योमा-चुशूल इलाके में श्योक नदी का जलस्तर बढ़ने से टी-72 टैंक फंस गया और सेना के 5 जवान बह गए। शनिवार को सभी सैनिकों के शव बरामद कर लिए गए। इनमें एक जूनियर कमीशन्ड ऑफिसर (जेसीओ) भी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के पांच बहादुर जवानों की जान जाने पर शोक व्यक्त किया है। दरअसल, सेना के जवान सैन्य अभ्यास के बाद शुक्रवार देर रात करीब एक बजे टैंक टी-72 टैंक से लौट रहे थे। टैंक पर रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी सवार थे। यह मिलिट्री टैंक पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांगसा में श्योक नदी पार कर रहा था, तभी पानी का लेवल अचानक बढ़ गया और सभी जवान टैंक सहित नदी में डूबने लगे।

लेह की फायर एंड फ्यूरी 14 कॉर्प्स के मुताबिक यह हादसा एलएसी के चुशूल से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास हुआ। अचानक जलस्तर बढ़ने से जेसीओ और चारों जवान लापता हो गए। शनिवार को जानकारी मिलने पर रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। नदी में तेज बहाव और जलस्तर के कारण जवानों को बचाया नहीं जा सका। पांचों जवानों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जिनकी पहचान रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी के रूप में हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि लद्दाख में नदी पार करते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के पांच बहादुर जवानों की जान जाने से मैं बहुत दुखी हूं। हम देश के लिए अपने वीर जवानों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।' कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लद्दाख में टैंक के नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार दुखद है। दुख की इस घड़ी में हम सभी शहीद जवानों के परिजनों के साथ खड़े हैं।



लद्दाख में सैन्य अभ्यास करने के बाद आधी रात को लौट रहे थे जवान

रक्षा मंत्री ने 5 बहादुर जवानों की जान जाने पर शोक व्यक्त किया

## पीएम ने अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पवित्र अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर सभी तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के दर्शन से उनके अनुयायियों में अपार ऊर्जा का संचार होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, पवित्र अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर सभी तीर्थयात्रियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। बाबा बफार्नी के दर्शन और वंदन से जुड़ी यह यात्रा शिवभक्तों में असीम ऊर्जा का संचार करने वाली होती है। उनकी कृपा से सभी श्रद्धालुओं का कल्याण हो, यही कामना है। जय बाबा बफार्नी! शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि 4,029 यात्रियों का दूसरा जत्था 200 वाहनों के दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू स्थित भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। इनमें से 1,850 यात्री सुबह 4 बजे 104 वाहनों में बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए और 2,179 यात्री 96 वाहनों में सवार होकर सुबह 4.30 बजे पहलगाम के नुनवान बेस कैंप के लिए रवाना हुए। दोनों काफिलों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। 52 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी। यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

# सूबे में एक बार फिर बनेगी झारखंडियों की सरकार

- भाजपा का नाम लिए बिना कहा, इनकी ताबूत में आखिरी कील ठोकने का सही वक्त आ गया है
- वह वक्त भी आने वाला है जब दीया लेकर ढूंढ़ने से भी उनका नामोनिशान कहीं नहीं मिलेगा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बड़गाईं जमीन घोटाले में जेल से बाहर आने के बाद शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फिर से लड़ाकू तेवर दिखाते हुए बिना नाम लिए सूबे की प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। अपने आवास पर झामुमो कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा हेमंत ने कहा कि झारखंड में एक बार फिर झारखंडियों की सरकार बनेगी। भारतीय जनता पार्टी के नाम का जिक्र किए बगैर **शेष पेज 11 पर**



### दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में हैं, मुझे भी षड्यंत्र के तहत जेल भेजा


उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार के खिलाफ कोई भी खड़ा ना हो पाये, इसकी जुगत भिड़ाई जा रही है। उसी का परिणाम है कि आज दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं। मुझे सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र में फंसाकर पांच महीने तक जेल में रखा गया, लेकिन अदालत के फैसले के बाद मैं आज सबके बीच हूं। भगवान के घर में देर है, लेकिन अंधेर नहीं। सच्चाई को कोई हमेशा जंजीर से बांधकर नहीं रख सकता। सूरज-चांद को कोई भी बादल **शेष पेज 11 पर**



## भारत ने दूसरी बार जीता टी20 विश्व कप

भारत ने दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। बारबाडोस में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 176 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 169 रन बना सकी।

## आज | कल




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।


आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## एनटीए ने एनसीईटी व यूजीसी नेट के लिए की नई तारीखों की घोषणा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक सार्वजनिक नोटिस में राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी) 2024, संयुक्त वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) जून 2024 चक्र के लिए नई तारीखों की घोषणा की है। एनटीए के अद्यतन कार्यक्रम के अनुसार, एनसीईटी 2024 परीक्षा अब 10 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी। इसके बाद संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट 25 जुलाई से 27 जुलाई 2024 तक आयोजित की जाएगी। यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा 21 अगस्त 2024 से 4 सितंबर 2024 के बीच आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित होंगी।

## सारे देश में 48 घंटे के अंदर मानसून के पहुंचने का अनुमान

नवीन मेल संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 48 घंटे में सारे देश में मानसून के पहुंचने का पूर्वानुमान जारी किया है। साथ ही चार-पांच दिन तक उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में भारी वर्षा होने के संकेत दिए हैं। पूर्वानुमान में कहा गया है कि पूर्वोत्तर भारत के ज्यादातर क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश होगी। विभागीय विज्ञानियों ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों छोड़कर पूरे देश में पहुंच चुका है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर के अलावा कल उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश हुई है। दक्षिण के राज्यों में तो पहले से ही बरसात हो रही है। मौसम एवं विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून पश्चिम राजस्थान के कुछ और हिस्सों, पूर्वी राजस्थान के शेष हिस्सों में आगे बढ़ा है। हरियाणा के कुछ हिस्से, पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ और इलाकों, मध्य प्रदेश के शेष भाग, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ और भाग और उत्तराखंड के शेष भाग तक पहुंच गया है। मानसून की उत्तरी सीमा जैसलमेर, चुरू, भिवानी, दिल्ली, अलीगढ़, कानपुर, गाजीपुर, गोंडा, खीरी, मुरादाबाद, ऊना, पठानकोट और जम्मू से होकर गुजर रही है। पश्चिम विक्षोभ और **शेष पेज 11 पर**

## मोदी सरनेम टिप्पणी केस में राहुल गांधी पर छह जुलाई को चार्ज फ्रेम होगा

**रांची।** मोदी सरनेम को लेकर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को रांची के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा। कोर्ट ने इस केस में चार्ज फ्रेम करने पर बहस के लिए 6 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। प्रावधानों के अनुसार, इस दौरान बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट में राहुल गांधी की निजी तौर पर उपस्थिति जरूरी होगी। यह केस रांची के लालपुर निवासी एडवोकेट प्रदीप मोदी ने 23 अप्रैल 2019 को दर्ज कराया था। सिविल कोर्ट में दर्ज शिकायतवाद के अनुसार, राहुल गांधी ने रांची में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि मोदी सरनेम वाले सभी लोग चोर होते हैं। शिकायतवाद में कहा गया है कि राहुल गांधी की इस टिप्पणी से पूरा मोदी समाज आहत है। इसलिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

## अलकतरा घोटाले के 25 साल पुराने मामले में 3 इंजीनियर को तीन-तीन साल की सजा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अलकतरा घोटाला के 25 साल पुराने मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाया। मामले के आरोपित तत्कालीन जूनियर इंजीनियर विवेकानन्द चौधरी, कुमार विजय शंकर और विनोद कुमार मंडल को सीबीआई की विशेष कोर्ट ने दोषी पाते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने सभी पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर सभी को तीन-तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

### ये है पूरा मामला

यह घोटाला तत्कालीन बिहार सरकार में वर्ष 1992-93 से लेकर 1997 तक जारी रहा। घोटाला प्रकाश में आने के बाद इसकी जांच सीबीआई से कराई गई। सीबीआई ने छह दिसंबर, 1999 को प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ की। जांच पूरी करते हुए सीबीआई ने पांच लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। इनमें दो की मृत्यु ट्रायल के दौरान हो गई।

आरोपितों ने 12 सड़क की मरम्मत का कार्य दिखाकर उसी के अनुसार अलकतरा की मांग की। इन्होंने 11 सड़क की मरम्मत का कार्य फाइलों में दिखाकर सरकारी राशि का गबन कर लिया था। लगभग 1500 मिट्रिक टन अलकतरा आइओसीएल से ट्रांसपोर्टर के माध्यम से आरोपितों ने प्राप्त किया। ट्रांसपोर्टर को चालान भी दिया लेकिन स्टाक रजिस्टर में प्राप्ति से काफी कम मात्रा दिखाई गई। इस गबन को छिपाने के लिए एक फर्जी एकाउंट जनवरी 1997 में तैयार किया गया था। इस एकाउंट में न आपूर्ति आदेश और न ट्रक नंबर अंकित था। मामले में ट्रायल फेस कर रहे दो आरोपित आरईओ वर्क्स डिवीजन के तत्कालीन जूनियर विवेकानन्द चौधरी और कुमार विजय शंकर सेवानिवृत हो चुके हैं।




## इंडिया



सुनील बादल

*निस्संदेह आज कृषि क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है, जिसमें सरकार की नीतियों और संरचनात्मक बदलावों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।*

# विज्ञापन से चमकते खाद्य पदार्थों में जहरीले रसायन

झारखंड सहित देश के बाजारों में विज्ञापन के बलबूते बिकने वाले खाद्य पदार्थों में सड़ने से बचाने के लिए डाला जाने वाला रसायन हमें कैंसर जैसी बीमारी दे रहा है। सड़क किनारे ठेलों में एक ही तेल में बार बार टेल पदार्थ जहरीले हो जाते हैं। कुछ दिनों पूर्व एमडीएच मसाले और पतंजलि के कुछ उत्पादों में मिलावट पाए जाने के बाद विवाद भी हुआ और विदेशों में बिक्री पर पाबंदी की भी चर्चा बहुत हुई। राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत गुणवत्ता परीक्षणों में कई प्रमुख मसाला ब्रांड विफल रहे, जिसमें एमडीएच, एवरेस्ट, गजानंद, श्याम और शीबा ताजा जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के नमूने उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए। इनमें कीटनाशक के अवशेष और अन्य हानिकारक रसायन मिले हैं। यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी मिलावट की घटनाएं पाई गई हैं। ऐसी घटनाएं खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के प्रति गंभीर चिंताओं को उजागर करती हैं, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और वैश्विक व्यापार में भारत की साख पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। ऐसी समस्या के लिए अब किसानों को जिम्मेदार ठहराया जाने लगा है, क्योंकि वे अपनी फसल सुरक्षा और उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर रासायनिक दवाओं का उपयोग करते हैं। लेकिन किसानों को दोषी ठहराना अनुचित है। यह एक जटिल और बहुआयामी समस्या है, जिसमें किसानों की भूमिका बहुत कम है। कई छोटे और सीमांत किसानों के पास आधुनिक कृषि पद्धतियों और सुरक्षित रसायनों के बारे में जानकारी की कमी होती है। ज्ञान और जागरूकता की कमी उन्हें अनजाने में हानिकारक रसायनों का उपयोग करने के लिए मजबूर करती है। गंभीर आर्थिक दबाव में फंसे किसान अधिकतम उत्पादन के लिए तेजी से परिणाम देने वाले रसायनों का उपयोग करने के लिए मजबूर होते हैं। पर्याप्त निगरानी और प्रवर्तन की कमी के कारण, बाजार में हानिकारक और प्रतिबंधित रसायन आसानी से मिलते हैं। किसानों को अक्सर इन रसायनों की सुरक्षा और कानूनी स्थिति के बारे में नहीं बताया जाता है। निस्संदेह आज कृषि क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है, जिसमें सरकार की नीतियों और संरचनात्मक बदलावों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। किसानों को सुरक्षित कृषि पद्धतियों की ओर प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत समर्थन, वित्तीय सहायता और उचित बाजार पहुंच आवश्यक है। इसके बिना, किसानों को दोषी ठहराना समाधान की दिशा में सही कदम नहीं माना जा सकता। सब्जियों और फलों का बाजार बड़ा है पर सब्जियों और फलों में कीटनाशक अवशेषों की अधिक मात्रा, दूध उत्पादों में हानिकारक रसायनों की मौजूदगी और मसालों में मिलावट की घटनाएं स्थिति की गंभीरता को उजागर करती हैं। हालांकि इन चिंताओं को दूर करने के लिए फूड सेफ्टी ऐंड स्टैंडर्ड रूल्स, 2011 के संशोधन से ट्रेसिबिलिटी को अनिवार्य कर आपूर्ति श्रृंखला में खाद्य की उत्पत्ति और आवाजाही को ट्रैक करने की क्षमता पर जोर दिया गया है। यदि यह प्रणाली प्रभावी ढंग से लागू की जाती है, तो हर हितधारक को जवाबदेह बनाया जाएगा और यह प्रणाली मिलावट की प्रथाओं को रोकेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की साख बढ़ाएगी।



संभावित लाभों के बावजूद, 2011 का संशोधन काफी हद तक लागू नहीं हो पाया है, जिसके कारणों में बुनियादी ढांचे की कमी, लॉजिस्टिक चुनौतियां और छोटे व सीमांत किसानों को डिजिटल प्रणाली में एकीकृत करने की आवश्यकता शामिल है। खाद्य सुरक्षा मानकों के बारे में चिंताओं के कारण भारतीय कृषि निर्यात को खारिज कर दिया जाता है। इससे किसानों के लिए कम कीमतें और निर्यात के अवसर खत्म हो सकते हैं। यह विश्वसनीय उत्पादक और निर्यातक के रूप में भारत की छवि को कमजोर करती है। किसान सुरक्षित और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता को सुनिश्चित कर सकें इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। सरकार को बुनियादी ढांचे और क्षमता निर्माण में निवेश को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। उपभोक्ताओं को भी सुरक्षित भोजन की मांग करनी चाहिए।

## राज्य के सरकारी सेवकों को 15 जुलाई तक देना होगा संपत्तियों का विवरण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार के सभी सरकारी सेवकों (ग्रुप डी को छोड़कर) को अपनी चल-अचल संपत्तियों का विवरण देना होगा। कार्मिक विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि सरकारी सेवकों को एचआरएमएस पोर्टल के जरिए 15 जुलाई तक संपत्तियों का विवरण जमा करना अनिवार्य है। पांच साल की परफॉरमेंस रिपोर्ट भी जमा करनी होगी। राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, एवं 2022-23 का परफॉरमेंस स्वमूल्यांकन प्रतिवेदन जमा करना होगा। इसमें प्रतिवेदक पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून रखी गयी है जबकि समीक्षी पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन मूल्यांकन की अंतिम तिथि 10 जुलाई और स्वीकरण पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन मूल्यांकन की अंतिम तिथि 20 जुलाई रखी गयी है। सरकारी सेवकों और राज्य सेवा के अफसरों द्वारा तय समय सीमा पर रिपोर्ट जमा नहीं करने पर राज्य सरकार की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ से वे वंचित हो जा सकते हैं। सरकार के इस आदेश के बाद सरकारी सेवक और राज्य सेवा के अफसर एचआरएमएस पोर्टल पर विवरण जमा करने में लगे हुए हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी अधिकारियों को प्रत्येक तीन साल पर यह ब्यौरा जमा करना होता है लेकिन कई अधिकारियों ने राज्य सरकार को अपनी संपत्तियों के बारे में कोई सूचना पिछले कुछ वर्षों से नहीं दी है।




## एक नजर

### आज के बच्चे कल के भविष्य हैं : डॉ. परमेश्वर भगत

**चान्हो।** स्टार निर्मल एकेडमी बेयासी से मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित/सम्मानित पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत के द्वारा किया गया। डॉ परमेश्वर भगत ने मैट्रिक में सफल होने वाले बच्चों को कहा कि अब आप जिंदगी के अहम पड़ाव से गुजरने वाले हैं, आपका हर एक कदम आपका सुनहरा भविष्य का निर्माण करने में लगना चाहिए। आप आने वाले भविष्य के कर्णधार हैं। आगे इन्होंने कहा की अच्छे संगति में रहते हुए खूब मेहनत करे, अनुशासित रहे एवं समय का प्रबंधन करते हुए सदुपयोग करें, समय किसी का प्रतीक्षा नहीं करता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का नाम राम उरांव 92.80%, सुबोध उरांव 80%, विक्की साहू 79%, फुलकुमारी उरांव 76%, राहुल उरांव 72%, प्रीति मुंडा 70%, सीमा उरांव 69.40%, रामू उरांव 70.60%, संजू उरांव 64.40%, प्रमिला उरांव 62.80% है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुल्तान मल्लिक के निधन पर शोक



**रांची।** कौमी एकता के कन्वेंनर और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुल्तान मल्लिक के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए समाज सेवी जावेद गद्दी, महबूब आलम, कल्लन गद्दी, मंजर गद्दी ने कहा की मल्लिक साहब का सारा जीवन समाज कल्याण में लगा. इन्होंने ने दलित पिछड़े और निर्धन को हर समय आर्थिक और सामाजिक सेवा की. शहर में आपसी भाईचारा और सम्प्रदायिक सौहार्द कायम करने में इनका रोल सराहनीय रहा. आज इनके व्यक्तित्व से युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेने की जरुरत है।

### समुचित मुआवजा दिलाना हम लोगों का सामाजिक दायित्व और कर्तव्य : न्यायाधीश

**रांची।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से कोयला नगर स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के सामुदायिक भवन में एक दिवसीय भू अधिग्रहण, राजस्व संग्रहण, पुनर्वास से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विभिन्न तरह के विवादों का ऑन द स्पॉट निस्तारण कर एक अरब 66 करोड़ 34 लाख 63 हजार रुपए की परिसंपत्तियों व नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। वहीं एक लाख 63 हजार 441 विवादों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। इसके बाद नालसा का थीम सोंग हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा द्वारा स्वागत भाषण किया गया। मौके पर न्यायाधीश आनंद सेन ने संबोधित करते हुए कहा कि भू अधिग्रहण से संबंधित विवाद के मामले ज्यादा बढ़ते जाते हैं। इसलिए जल्द से जल्द उन्हें पुनर्वासित करने तथा उसे समुचित मुआवजा दिलाना हम लोगों का सामाजिक दायित्व और कर्तव्य है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसु पार्टी का हल्लाबोल कार्यक्रम

# अबुआ आवास योजना में हो रही अनियमितताओं को आजसू बर्दाश्त नहीं करेगी : जिप अध्यक्ष




**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** शनिवार को आजसु पार्टी का चान्हो प्रखंड में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रांची जिला परिषद के अध्यक्ष निर्मला भगत के नेतृत्व में प्रखंड के बड़ा बाबू को एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। मांग पत्र में आंचल में दाखिल खारिज के जो मामले हैं उसे सही तरीके से निपटारा करने की मांग की गई। मनरेगा के लाभुकों को समय पर भुगतान, विद्यार्थियों के जाति आय और आवासीय आदि प्रमाण पत्र को जल्द से जल्द निर्गत करने की मांग की गई। अबुआ आवास योजना में जो हो रही अनियमितताओं को आजसू किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। उसे दूर करने की मांग गई। किसानों को खाद बीज की आपूर्ति, खराब पड़े चापानल की मरम्मती, राशन की आपूर्ति, पेंशनधारियों को समय पर पेंशन समेत जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं इसका लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचे और बिचौलिया हावी न होने पाए। मौके पर बोलते हुए जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि यहां पर जिला परिषद मुखिया तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की अनदेखी की जा रही है और किसी खास जनप्रतिनिधि इशारे पर प्रखंड और अंचल में काम होता है। अंचल और प्रखंड कर्मी समझ ले कि अभी हम लोग शांत है लेकिन अगर इसी तरह का रवैया रहा तो हम लोग जोरदार और क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। जनता के हित के लिए आजसू पार्टी सदैव आगे रही है और आने वाले दिनों में भी आगे रहेगी। वहीं जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने भी कहा कि चाहे कुछ भी हो अंचल और प्रखंड में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है उसे आजसु खत्म करके रहेगी।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार के दिन रांची पुरुलिया मुख्य पथ पर एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के सामने एक बुलेट जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जे एच 01ई वाई 3670 और डिस्कवर मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जे एच 01 एडी 7839 की आमने-सामने टक्कर हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डिस्कवर मोटरसाइकिल चलाने वाले युवक सुदेश महतो उम्र 19 वर्ष पिता राजेश महतो मैसूडीह निवासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। डिस्कवर पर पीछे बैठे युवक मंशाराम महतो, उम्र 17 वर्ष, पिता बसंत महतो, टुटकी नवाडीह निवासी का एक पैर टूट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक अपने घर से मुरी की ओर किसी काम के लिए जा रहे थे।बुलेट में सवार बंता निवासी कपिलदेव गोप,उम्र 25 वर्ष, पिता शीतल अहीर एवं पीछे बैठी युवती नीलू कुमारी, उम्र 19 वर्ष, पिता बेनी सिंह मुंडा तथा परी कुमारी, उम्र 15 वर्ष, पिता मोती सिंह मुंडा भी घायल हो गए। सिल्ली पुलिस को सूचना मिलते ही थाना के अवर निरीक्षक पंकज कुमार यादव घटनास्थल पहुंचे और सभी घायलों को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया जहां सुदेश महतो को डॉक्टर विवेक कुमार के द्वारा मृत घोषित किया गया और अन्य घायलों को बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बेहतर इलाज हेतु घायलों को सिंगपुर नर्सिंग होम ले गए। मृत युवक का शव पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु रांची रिम्स भेज दिया।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व डीडीसी को देख कर रो पड़ी कमला कुमारी



**लापुंग।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम ककरिया निवासी कमला कुमारी ने जब पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत से मिली तब अपना दुखड़ा सुनाते हुए रो पड़ी। ज्ञात हो की कमला कुमारी के पति का निधन हुए साल भर हो गया है, तत्पश्चात महिला ने विधवा पेंशन के लिए बीते एक साल से अंचल का चक्कर लगा रही हैं परंतु आज तक पेंशन नहीं हो पाया। अबूआ आवास के लिए योग्य होते हुए भी उक्त महिला का आवास अभी तक नहीं मिल पाया। उक्त जानकारी महिला ने श्री भगत को रो रो कर बताई। डॉ परमेश्वर भगत ने आपबीती सुनने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी लापुंग से अनुरोध किया की इस महिला का पेंशन का स्वीकृति शीर्घ कराया जाए साथ ही अबुवा आवास को विशेषरूप से ध्यान में रखते हुए स्वीकृति कराया जाए।

### अमरनाथ यात्रा के लिए चोरेया से श्रद्धालुओं का एक जत्था रवाना



**चान्हो।** प्रखंड के चोरेया गांव से अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का एक जत्था शनिवार की शाम रवाना हुआ। जिप सदस्य आशुतोष तिवारी की अगुवाई में इस जत्थे में कुल 24 सदस्य हैं। जिप सदस्य ने बताया कि यात्रा को लेकर सभी श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। अमरनाथ यात्रा में जिन भी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, सारे सदस्यों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। श्रद्धालुओं के जत्थे में डॉ अनिल साहू, रामदयाल साहू, जलेश्वर महतो, मुन्ना पांडे, अशेश्वर साही, विनोद साहू,पंकज तिवारी, मुन्ना पांडे, दिनेश, साहु, अशेषर सही, ब्रजदेव साहू, जलेश्वर महतो, पंकज साहू, अजय साहू, सतन साहु, विकास कुमार, सुनील साहु, सोनू साहु, आदि शामिल हैं। साथ ही मौके पर भारी संख्या में इन सभी के परिजन भी मौजूद थे। अनिल मिश्रा और अरविंद शर्मा ने जत्थे को रवाना किया।

### बलसोकरा अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन का हुआ पुनर्गठन



**चान्हो।** प्रखंड के बलसोकरा में शुक्रवार देर रात तक चली बैठक के बाद अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन का पुनर्गठन किया गया। अंजुमन कमेटी में 25 लोगों को शामिल किया गया। वहीं अंजुमन के नए अध्यक्ष के रूप में मौलाना अब्दुल कयूम और सचिव रहमातुल्लाह अंसारी कोषाध्यक्ष हारून रशीद को बनाया गया। इस दौरान गांव के सभी लोग शामिल थे।अध्यक्ष चुने जाने के बाद मौलाना अब्दुल कयूम ने कहा कि ये कमेटी लंबे समय से निष्क्रिय थी। जिसके कारण गांव समाज में कई तरह के मामले होने पर लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता था। जिससे लोगों को अब निजात मिलेगी। वहीं सचिव बनाए गए रहमातुल्लाह अंसारी ने कहा कि कमेटी का कार्य समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना, समाज में नशाखोरी को बंद कराने सहित अन्य मामलों पर पूरी मुस्तैदी से सभी सदस्यों को मिलकर काम करना होगा तब जाकर के बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। नई कमेटी में अली हसन, अफरोज अंसारी, हाजी अब्दुल कुदुस, सहाबुद्दीन अंसारी, अकमल हुसैन, ईशत्याक अंसारी, एजाजुल रहमान, मुफ़्ती इम्तियाजुर रहमान, हाफिज शाहजंहा, खालिद सद्दाम को शामिल किया गया।

### जीतो की प्रदर्शनी 'ब्राइडल स्टोरी 2.0' का हुआ भव्य समापन

**रांची।** जीतो द्वारा आयोजित ब्राइडल स्टोरी 2.0 का शनिवार को भव्य समापन हुआ। इस दो दिवसीय आयोजन का उद्घाटन नेहा महतो द्वारा 28 जून को किया गया था। इस एग्जीबिशन में 111 स्टॉल्स प्रदर्शित किए गए थे। इसमें विभिन्न प्रकार के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिनमें कपड़े, आभूषण, जूते-चप्पल, बैग, घर की आंतरिक सज्जा के समान इत्यादि थे। इस आयोजन को रांची के लोगों ने भरपूर सराहा एवं जमकर खरीदारी की। खरीदारी करने वालों को 10,000 की खरीदारी पर एक निश्चित उपहार भी दिया जा रहा था। इसके अलावा लकी ड्रॉ के माध्यम से चुने गए विजेताओं को चांदी के सिक्के भी बांटे गए। इस आयोजन में आने वालों के खाने के लिए भी तरह-तरह के स्टॉल्स लगाए गए थे। शनिवार का दिन काफी ऐतिहासिक रहा, क्योंकि जीतो लेडीज विंग की के अपेक्स की अध्यक्षता संगीता लालवानी द्वारा जीतो धनबाद महिला शाखा का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा जैन महिला उद्यमियों की एक विशेष डायरेक्टरी 'ऊर्जा' का भी विमोचन किया गया। इस आयोजन में देशभर से आए सभी स्टॉल लगाने वालों में काफी उत्साह था। वे अपने व्यापार का प्रचार-प्रसार कर बहुत खुश थे। यह जानकारी जीतो महिला शाखा की तरफ से पायल गोधा ने दी।

### परमेश्वर की भक्ति से ही मिल सकती है सुख-शांति : स्वामी प्रमोद महाराज

**खूंटी।** खूंटी जिला संतमत सत्संग समिति के तत्वावधान में मुरहू सहित सीमावर्ती पश्चिमी सिंहभूम के विभिन्न गांवों में आयोजित सात दिवसीय सत्संग कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। सत्संग कार्यक्रम में महर्षि मेंही आश्रम भागलपुर के स्वामी प्रमोद जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य धरती का मालिक भी बन जाए, तो भी सुखी जीवन नहीं जी सकता। जैसे बालक को जितना मनाओ, लेकिन मां के गोद में ही वह सुरक्षित-निश्चिंत महसूस करता है। वैसे ही परमात्मा हमारे परम पिता हैं, उसी की एकमात्र भक्ति से हमें सुख शांति मिल सकती है। गौतम बुद्ध का उदाहरण देते हुए उन्होने कहा कि यशोधरा ने गौतम बुद्ध से कहा कि भक्ति घर में भी हो सकती थी। अतः कहीं भटकने की जरुरत नहीं है, बस सद्गुरू की युक्ति जानकर भक्ति करें। मांस मदिरा आदि के सेवन पर उन्होंने कहा कि जैसे गंदे पात्र में भोज्य पदार्थ नहीं रखते,उसी प्रकार शरीर में मांसाहार शराब आदि रहने से हमारा अंतर्मन अशुद्ध हो जाता है, तो परमात्मा कैसे रहेंगे, भक्ति नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा कि शाकाहार और सदाचार बहुत जरूरी है।

स्वामी निर्मलानंदजी महाराज ने कहा कि सदा पाप कर्म से बचें, फल की इच्छा त्यागें,खान-पान की बुराईयों से दूर रहें, और हमेशा भक्ति की डोर पकड़े रहें तभी हमें मोक्ष यानी परमात्मा प्राप्त हो सकते हैं।

# रोहिणी अस्पताल में सेवानिवृत्ति पर डा. एक्का को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** एनके एरिया सेंट्रल अस्पताल डकरा के सीएमओ डा थियोडोर एक्का को सेवानिवृत्त होने पर रोहिणी अस्पताल में विदाई दी गई। इस मौके पर उपस्थित अस्पताल के कर्मचारियों ने डा टी एक्का को शाल ओढ़ाकर व बुके देकर सम्मानित किया। उन्हें उपहार भी भेंट किया गया। अस्पताल के कर्मियों ने कहा कि डा एक्का ने रोहिणी अस्पताल में भी कुछ समय के लिए योगदान दिया था और उनकी सेवा का लाभ सीसीएल कर्मियों के साथ ग्रामीणों को भी मिला था। उनके साथ कार्य करने का एक अच्छा अनुभव रहा है। इनकी चिकित्सा सेवा लोगो को हमेशा याद रहेगी। उपस्थित लोगों ने इनके सुखमय जीवन की कामना की है। इस मौके पर मालती कुमारी, निर्मला तिर्की, दशमी कुमारी, मुनिया देवी, फुलमनी देवी, श्रद्धा टोप्पो, फिलमोन एक्का, पोमिना भेंगरा, राबिंसन एक्का, सुमित्रा टोप्पो, जगन्नाथ महतो, हीरालाल मुर्मू, सावित्री कुमारी, सावित्री देवी, ममता कुमारी, जीतनदेव गंझू आदि उपस्थित थे।

## नाई संघ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। लारी** अखिल भारतीय युवा नाई संघ खलारी के तत्वाधान में शनिवार को मोहननगर स्थित चुरी मध्य पंचायत भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मणिभूषण ठाकुर ने की। कार्यक्रम में सत्र 2023-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्राफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में छात्र-छात्राओं में आयुषी राज, श्रेया कुमारी, सोनूकुमार ठाकुर, अन्वी आनंद, अदिति राज, ओजस्वी ठाकुर, प्रांजल कुमार, शोभाश्री कुमारी, आयुषकुमार ठाकुर, सलोनी कुमारी, रिया कुमारी, नैना कुमारी, शिवम कुमार, राजूकुमार ठाकुर, सन्नी कुमार, शुभम कुमार आदि शामिल है। वक्ताओं ने बच्चों की शिक्षा तथा उन्हें उत्तम संस्कार देने पर विशेष जोर दिया। सभी बच्चों के बेहतर और उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालन ओम प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर गायत्री शर्मा, गुड़िया ठाकुर, निर्मला ठाकुर, श्वेता देवी, धनु ठाकुर, दयानन्द ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, शिवरतन ठाकुर, ओमप्रकाश ठाकुर, नरेश ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, निखिल आनंद, राजकुमार ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर सहित काफी संख्या में महिला पुरूष और बच्चे उपस्थित थे।

### हजारीबाग जिला राइफल शूटिंग प्रतियोगिता शुरू

**रांची।** जिला राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय कर्जन ग्राउंड स्टेडियम में फर्स्ट जिला शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ डीजीपी अजय कुमार सिंह, डीआईजी सुनील भास्कर, डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, ब्रिगेडियर राजेश करेल, एसडीपीओ सदर कुमार शिवाशीष, एसडीओ शैलेंद्र कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर नीरज कुमार, एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के जीएम फैज तय्यब ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण में राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन ने कहा कि उन्होंने कैसे कम संसाधनों और सचिव नीलेंद्र जयपुरियार के साथ मिलकर इस फायरिंग रेंज को डेवलप किया। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि बड़े-बड़े देशों में किस तरह लोग एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लेकर अपने दिमाग को व्यस्त रखते हैं। इस प्रकार भारत में भी लोगों को अपने बच्चों को एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में व्यस्त कर उसकी प्रतिभा को उभर सकते है।

## रांची में जून में एक लाख 33 हजार बच्चे मध्याह्न भोजन से लाभान्वित : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता रांची।** रांची उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्तरीय स्टीयरिंग मॉनीटरिंग कमेटी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर शनिवार को समाहरणालय में पीएम पोषण योजनांतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनीटरिंग कमिटी की बैठक हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में विद्यालयों तक चावल पहुंच के लिए निविदा के माध्यम से एजेंसी के जरिये विद्यालयों में चावल पहुंचाए गए थे। इसमें निविदा एकरानामा के अंतर्गत निविदा दाता की ओर से बैंक गारंटी उपलब्ध कराई गई थी। बैंक द्वारा पत्र के माध्यम से बताया गया है कि बैंक गारंटी की समय सीमा समाप्त हो चुकी है, ऐसी स्थिति में उक्त राशि का क्या किया जाए। डीसी के निर्देश पर उक्त राशि को जिला शिक्षा अधीक्षक के पद नाम से संचालित बैंक खाते में सुरक्षित रखे जाने का निर्णय लिया गया। जब तक निविदा दाता के जरिये बैकलॉग चावल विद्यालयों को उपलब्ध नहीं करा दिए जाते, तब तक वह राशि जिला शिक्षा अधीक्षक के पद नाम से संचालित खाते में जमा रहेगी। बैठक में बताया गया कि जिले के विद्यालयों में मई माह में छात्रों की उपस्थिति 65.66 प्रतिशत रही। जून महीने में एक लाख 33 हजार 102 बच्चे मध्याह्न भोजन से लाभान्वित हुए। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची मिथिलेश केरेकेट्टा, सिविल सर्जन कार्यालय रांची के प्रतिनिधि सहित संबंधित सभी पदाधिकारी शामिल हुए।

### बालू के अवैध खनन, भंडारण, परिवहन के विरुद्ध अभियान चला कार्रवाई करें : डीसी

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को अवैध खनन के रोकथाम के लिए जिलास्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा की। जिला खनन पदाधिकारी के जरिये बताया गया कि रांची जिलांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 26 जून तक अवैध खनन, परिवहन, भंडारण को लेकर विभिन्न थानों में 75 अभियुक्तों के विरुद्ध 13 प्राथमिकी दर्ज की गई है और 31.55 लाख जुमार्ना भी वसूला गया है। इस दौरान उपायुक्त ने बालू खनिज के अवैध खनन, भंडारण, परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं बुंडू को निर्देश दिया कि जिला के सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी के सहयोग से विशेष अभियान चलाकर अंचलों में अवैध खनन, परिवहन, भंडारण पर पूर्णतः रोक सुनिश्चित करें। जिलांतर्गत विभिन्न विभागों से अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध प्राप्त शिकायत पत्रों एवं विभिन्न समाचार पत्रों में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध प्रकाशित समाचार के बाबत जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स समिति के सदस्यों को समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र सघन छापामारी अभियान चलाते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी के जरिये समिति को बताया गया कि जिलांतर्गत अवैध रूप से कुल 3,95,000 घनफीट बालू जब्त किया गया है।

## पर्यावरण की रक्षा

## रामवि बुकबुका में फलदार वृक्ष के पौधों का किया वितरण

# प्रतिवर्ष अपने घर में पांच पौधे लगाएं : राजन



**राजनसिंह राजा ने स्कूली बच्चों से अपने-अपने घरों में प्रतिवर्ष पांच-पांच पौधे लगाने की अपील की**

नवीन मेल संवाददाता। खलारी पेड़ पौधा लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत शनिवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुकबुका में देवेंद्र बाबू सेवा संस्थान व अंबेडकर विचार मंच के सौजन्य से विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं छात्रों के बीच फलदार वृक्षों के पौधों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि देवेंद्र बाबू सेवा संस्थान के संयोजक राजनसिंह राजा व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी ने सभी के बीच पौधों का वितरण किया। राजनसिंह राजा ने स्कूली बच्चों से अपने-अपने घरों में प्रतिवर्ष पांच-पांच पौधे लगाने की अपील की। उन्होने कहा कि लगाए गए पौधों को संरक्षित करे ताकि हमारी धरती हरी भरी रहे और हमारा पर्यावरण संतुलित रहे। कार्यक्रम के दौरान ही अतिथियों द्वारा झारखंड सरकार द्वारा प्रदत्त कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग, किताब कापी सहित अन्य पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजेशसिंह मिंटू, प्रधानाध्यापक अमरलाल सतनामी, सहायक शिक्षक कुलदीप एक्का व जगदीश नायक के अलावा तनवीर आलम, मोनू रजक, फिरोज अंसारी, रोशनलाल चौधरी, विक्की सिंह, नसीम अंसारी, विप्रस अध्यक्ष प्रतिमा एक्का, उपाध्यक्ष अरविंदकुमार सिंह उर्फ मोनू सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# स्वस्थ बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं: लोकश मिश्रा

खूंटी। जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन शनिवार को आरसी बालक मध्य विद्यालय खूंटी, लोयोला उच्च विद्यालय, खूंटी तथा लोयोला छात्रावास खूंटी के खेल मैदान में किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें प्रतियोगिता को खेल की भावना से खेलते हुए विजयी होने कें लिए प्रेरित किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के न्दकमत 15 बालक वर्ग में विजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय अनिगड़ा, खूंटी और उप विजेता संत जोसेफ उच्च विद्यालय तोरपा की टीम रही। अंडर 17 बालिका में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, खूंटी की टीम विजेता और $2 उच्च विद्यालय, कर्रा की टीम उप विजेता रही। अंडर 17 बालिक वर्ग में राउ मध्य सह उच्च विद्यालय चुरदाग, तोरपा की टीम ने निर्मला उच्च विद्यालय पिडुल, रनिया को हराकर सुब्रतो कप पर अपना कब्जा जमाया। तीनों श्रेणी में विजेता खिलाडियों की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता में भाग लेन वाले सभी प्रतिभागियों को उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान किया।

## आनंद नगर के नव प्राथमिक विद्यालय के चारों ओर फैला है गोबर, बंधी रहती हैं गायें

# दुर्गंध के बीच कैसे पढ़ेंगे छोटे-छोटे बच्चे

*स्कूल के मेन गेट के पास है खुली नाली*

*बच्चों के स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा*

**रजनीश**

**रांची।** बच्चों को अगर प्राकृतिक वातावरण में पढ़ने का मौका मिले, तो इससे बेहतर कुछ भी नहीं हो सकता है। प्रकृति के बीच ज्ञान की प्राप्ति अनुपम है। यह शिक्षा की प्राचीन भारतीय परंपरा की याद दिलाता है, जहां ज्ञान का बीज बोधत्व के भाव को अंकुरित करता है और जिससे मेधा का प्रस्फुटन होता है। लेकिन, अगर शिक्षा गोशाला में गाय-बैलों के बीच दी जाए, जहां चारों ओर गोबर, गंदगी और दुर्गंध फैली हुई है, तो ज्ञान की प्राप्ति मुश्किल हो जाएगी। क्योंकि, वहां बच्चा शारीरिक रूप से अस्वस्थ हो जाएगा और मानसिक रूप ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा। वह विद्यालय से जल्द घर भागना चाहेगा। ऐसे विद्यालय में बच्चे क्या स्वच्छता के महत्व को समझ पाएंगे? यही हाल है राजधानी रांची के आनंद नगर के नव प्राथमिक विद्यालय का। यहां स्कूल के बाहर चारों ओर गाय-बैल बंधे रहते हैं। इस कारण विद्यालय के चारों और गंदगी फैली रहती है। क्लास के अंदर इतनी बदबू आती है कि एक मिनट खड़ा होना मुश्किल काम है। नव प्राथमिक विद्यालय में दो क्लास रूम हैं। यहां बच्चों को गंदगी और बदबू के बीच बैठकर पढ़ाई करनी पड़ती है। क्लास रूम की खिड़की खोलते ही खिड़की पर गाय-भैंसें आ जातीं हैं। खिड़की खोलते ही गोबर की दुर्गंध पूरी कक्षा में फैल जाती है। स्कूल की ऐसी स्थिति से बच्चों पर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्कूल के मेन गेट के पास एक खुली नाली है, जिसमें गंदगी भरी हुई रहती है। इसकी शायद ही कभी सफाई होती है। विद्यालय जाने वाले रास्ते में गोबर फेंका हुआ रहता है। हर ओर गंदगी ही गंदगी नजर आती है।




### बीईईओ से जांच करने को कहता हूं : डीएसई

रांची के जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) मिथलेश केरकेट्टा से जब इस संबंध में बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यह मामला संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा, मैं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) को मामले की जांच कर रिपोर्ट भेजने के लिए कहता हूं। मैं इस पर कार्रवाई करूंगा।



### स्कूल में 86 बच्चे पढ़ते हैं

आनंद नगर के नव प्राथमिक विद्यालय में 5वीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है। इसमें 86 बच्चे नामांकित हैं। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए दो महिला पारा शिक्षक हैं। बच्चों के बैठने के लिए दो कमरें हैं। अन्य कमरों में ऑफिस है और मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) बनता है। इसी गंदगी में बच्चों को मध्याह्न भोजन भी दिया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल में कोई अधिकारी कभी नहीं जाते हैं। विद्यालय में पहले तीन शिक्षक थे। बाद में एक शिक्षक की कहीं और नौकरी लग गई , तो वे स्कूल छोड़कर चले गए।

# एमिटी ने बैच 2024 के छात्रों को दी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और कुलाधिपति के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए एमिटी विवि के छात्र कल्याण विभाग और सांस्कृतिक समिति ने बैच 2024 की विदाई का समारोह आयोजित किया। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ अशोक के. श्रीवास्तव ने निवर्तमान छात्रों को उनकी आगे की यात्रा के लिए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि उत्तीर्ण छात्र भविष्य में जिन विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देंगे, उनमें एमिटी का नाम हमेशा ऊंचा रखेंगे।

उन्होंने कहा, आज हमारे प्यारे और समर्पित छात्रों और उनके माता-पिता के लिए एक महान दिन है। यकीन मानिए, हमने जिन मूल्यों, शिक्षाविदों और शोध के साथ आपका पालन-पोषण किया है, वे आपके पूरे जीवन में मूल्यवान रहेंगे। अब आप एक महान नागरिक होने के साथ-साथ दो लाख से अधिक के बड़े एमिटी परिवार के पूर्व छात्र हैं, प्रत्येक संकाय सदस्य, छात्र हमें हमेशा गौरवान्वित महसूस कराते हैं। मैं एमिटी की ओर से आपको आश्वासन देता हूं कि आप जहां भी हों, हमारा हर सदस्य आपकी और आपके परिवार की सहायता के लिए मौजूद रहेगा। हम अपने दिल की गहराइयों से अनुरोध करते हैं कि हमेशा अपने कनिष्ठों और अन्य सभी सदस्यों का हाथ थामे रहें, क्योंकि हम एक परिवार हैं।

डॉ प्रभात त्रिपाठी, एसोसिएट डीन, छात्र कल्याण विभाग, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने संबोधित करते हुए कहा, आज हम आपके विकास और समृद्धि को देखकर गर्व महसूस करते हैं। हम आपके माता-पिता और परिवारों को सलाम करते हैं, गुरुओं और संकाय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। यह विश्वविद्यालय हमेशा आपका घर रहेगा और खुले दिल से आपके स्वागत के लिए दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। जब आप अपने समय के दौरान अर्जित ज्ञान और कौशल से लैस होकर इन दीवारों से परे दुनिया में कदम रखते हैं, तो याद रखें कि आप अपने साथ एमिटी यूनिवर्स की भावना लेकर चलते हैं।

# दो सब इंस्पेक्टर सहित सात पुलिसकर्मी निलंबित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के पास स्थित डीपी ज्वेलर्स में हुई लूटकांड मामले में शनिवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले जगन्नाथपुर थाना के दो सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार और शैलेंद्र सिंह सहित सात पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। इसमें वायरलेस पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इसके अलावा, बाकी जमादार और सिपाही स्तर के पुलिसकर्मी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के पास स्थित डीपी ज्वेलर्स में अपराधियों ने एक करोड़ 40 लाख रुपये के जेवरात और तीन लाख रुपये नगद लूटकर फरार हो गए थे। इस दौरान जेवर दुकान के मालिक ओम वर्मा को लूट के दौरान अपराधियों ने गोली मार दी थी।

# आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा : सीएम

*मुख्यमंत्री से झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफजेसीसीआई), सोना-चांदी व्यवसायी समिति और सरार्फा एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री को राजधानी रांची में हो रही लूट, छिनतई एवं डकैती जैसी आपराधिक घटनाओं से अवगत कराते हुए उसे नियंत्रित करने के लिए समुचित कदम उठाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि राज्य के डीजीपी को अपराध नियंत्रण के लिए कड़े निर्देश दे दिए गए हैं। उन्हें घटित आपराधिक घटनाओं का खुलासा कर उसमें संलिप्त अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विधि-व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गट्टानी, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया और रोहित पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष कुणाल आजमानी तथा सोना-चांदी व्यवसायी समिति के डॉ दिलीप सोनी, रवि कुमार पिंटू और जितेंद्र कुमार वर्मा शामिल थे।

## अपराधियों में प्रशासन का भय खत्म हो गया है : संजय सेठ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने बढ़ते अपराधी घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजधानी में पुलिस अधिकारी सुरक्षित नहीं, तो आम लोगों का क्या हाल होगा। राजधानी रांची में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। अपराधियों में प्रशासन का भय खत्म हो गया है । उन्होंने कहा कि बिरसा चौक में ज्वेलर्स दुकान में कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा करीब डेढ़ करोड़ रुपये की आभूषण लूट ली और ज्वेलर्स दुकान के संचालक रामनाथ वर्मा और उनके बेटे ओम वर्मा को गोली मारकर घायल कर दिया। सेठ शनिवार को दिल्ली से रांची पहुंचने पर साकेत नगर हिनू उनके आवास जाकर उनके परिवार जनों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली और पारस हॉस्पिटल जाकर घायलों से मिलकर उनका हाल जाना।

# रांची से 30 तीर्थयात्रियों का जत्था अमरनाथ दर्शन के लिए रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बाबा अमरनाथ की यात्रा के लिए शनिवार को हटिया से 'जय भोले' के उद्घोष के साथ 30 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना हुआ। इस दौरान सभी तीर्थयात्री काफी उत्साहित नजर आए। यह जत्था एक जुलाई को बाबा बफार्नी का दर्शन करेगा। इसके बाद सभी लोग श्रीनगर के श्री शंकराचार्य मंदिर, माता वैष्णो देवी और शिव खोड़ी के दर्शन करते हुए आठ जुलाई को रांची लौटेंगे। कुल 30 तीर्थयात्रियों के जत्थे में अजय शंकर कुमार, संतोष वर्मा, रमेश सोमानी, दिलीप सिंह, अरुण कुमार, किशोर कुमार चौबे, धर्मेंद्र, रामकेश्वर महतो, आशीष, विजय, अजय साह, सृष्टि, आरुषी, अंकिता, मीना देवी, सूरज प्रसाद, कृष्णा, कन्हैया, सुनील, अजित, प्रमेश्वर, राहुल, विकाश, अंकित राज, श्रेया, सारिका, अमिता देवी, अक्षत और पवन आदि शामिल हैं। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 29 जून से आरंभ हुई है, जो 19 अगस्त तक चलेगी।

# हटिया रेलवे स्टेशन पर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मनीष कुमार है। वह बिहार के नालंदा का रहने वाला है। रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार ने शनिवार को बताया कि आरपीएफ पोस्ट हटिया और फ्लाइंग टीम ने जांच के दौरान हटिया रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति को प्लेटफॉर्म पर संदिग्ध तरीके से एक लाल रंग के ट्रॉली बैग के साथ बैठा देखा। ट्रॉली बैग की जांच करने पर 15 शराब की बोतलें बरामद की गईं। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया कि शराब को वह रांची से खरीदा था और अपने निजी लाभ के लिए अधिक पैसे कमाने के लिए बेचने के लिए ट्रेन संख्या 18623 एक्सप्रेस से पटना (बिहार) जा रहा था। इसी क्रम में वह पकड़ा गया।



# आभूषण व्यवसायियों ने सांसद व विधायक से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सोना चांदी व्यवसाय समिति के आह्वान पर रांची के आभूषण व्यवसायियों ने शनिवार को अपना प्रतिष्ठान बंद रखा। विगत कुछ दिनों से आभूषण व्यवसायियों के साथ हो रही लूटपाट की घटना से उनमें डर व्याप्त हो गया है। व्यवसायियों ने दुकान बंद करके एक बैठक भी की। उन्होंने रांची के सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तथा हटिया के विधायक नवीन जायसवाल से भी इस घटना को लेकर के विस्तृत चर्चा की। चर्चा में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष गोपाल सोनी, जदयू के प्रदेश महासचिव व सोना चांदी व्यवसाय समिति के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष सोनी, वर्तमान सोना चांदी व्यवसाय समिति के चुनाव पर्यवेक्षक उमेश प्रसाद, सोना चांदी व्यवसाय समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष शंभु प्रसाद, कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत के महासचिव मुकेश वर्मा, सुमित कुमार शामिल थे। जनपतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वरिष्ठ पदाधिकारी से बात कर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी।

# डीपी ज्वेलर्स में हुई लूट के विरोध में व्यवसायियों ने निकाला विरोध मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के डीपी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना को लेकर सोना चांदी व्यवसायी समिति के बैनर तले शहर के व्यवसायियों ने शनिवार को विरोध मार्च निकाला। साथ ही, घटना के विरोध में शहर के सभी ज्वेलरी दुकानें बंद रखीं। सभी व्यवसायी अपर बाजार स्थित गांधी प्रतिमा के पास जुटे और विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर शहर भर में मार्च किया। व्यवसायियों ने घटना का विरोध किया और रांची पुलिस को दो दिनों के अंदर अपराधियों को गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम दिया। सोना चांदी व्यावसायी समिति के रवि कुमार सिंकु ने कहा कि शहर में दो बड़ी लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इससे पहले रांची के पंडरा इलाके में एक ज्वेलर्स से लूट हुई थी और उसमें शामिल अपराधी अभी तक पकड़े नहीं गए हैं, वहीं अब एक और लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। जिला प्रशासन पूरी तरह से फेल है। जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए। वहीं, दूसरी ओर विरोध मार्च में शामिल कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा ने कहा कि लूट की घटना में शामिल अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने आश्वासन दिया है।

## बारिश और उमस भरे मौसम को देखते हुए पारस अस्पताल की सलाह


# खान-पान में बरतें सावधानी और हमेशा रहें हाइड्रेटेड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

तपती गर्मी के बाद बारिश के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। गर्मियों के बाद जब अचानक से बारिश का मौसम आता है, तो कुछ लोगों को एलर्जी के लक्षण होने लगते हैं। यह स्किन एलर्जी या श्वसन प्रणाली से संबंधित एलर्जी हो सकती है। इसमें आमतौर पर त्वचा में खुजली, लालिमा, सूजन, जुकाम, छींक व खांसी आदि के लक्षण देखे जाते हैं। बारिश का मौसम बैक्टीरिया व वायरस को बढ़ने में मदद करता है। ऐसे में कई लोग बारिश के मौसम में बीमारियों से परेशान रहते हैं।




पारस अस्पताल के डॉ परमार शिव कृष्ण ने इस मौसम में बचाव के तरीके बताए हैं। डॉक्टर के अनुसार गर्मी और उमस बढ़ने से समर कोल्ड, यानी नजला-जुकाम, खांसी और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। कारण है कि मौसम में उमस से शरीर पर पसीना आता है। इसमें ठंडा पानी या बर्फ का सेवन करने से बचना चाहिए। ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करने से गला खराब होने, नजला, जुकाम, खांसी होने के साथ वायरल बुखार होने की आशंका रहती है। इसमें छींक आना, नाक बंद होना, या नाक बहना गले में खराश होना आदि लक्षण होते हैं। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए खान-पान में सावधानी बरतनी चाहिए। फ्लू और सर्दी जैसे संक्रमणों से बचने के लिए गर्म और सूखा रहना महत्वपूर्ण है। बरसात के मौसम के बाद कई बार गर्मी बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, जिससे हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए स्वयं को हाइड्रेटेड करते रहें। अगर गलती से भीग भी गए हैं, तो तुरंत शरीर को सुखाएं और कपड़े बदलें। इसके बाद चाय-कॉफी जरूर पिएं। नहाने के लिए गुनगुने पानी का प्रयोग करें। डॉक्टर ने कहा कि कभी अचानक से गर्मी बढ़ जाती है, तो कभी बारिश का मौसम हो जाता है। वहीं, जिन इलाकों में रिमझिम बरसात देखने को मिल रहा है, वहां इसकी वजह से उमस भी देखने को मिल रहा है। मौसम में लगातार इस तरह के बदलाव सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह हो सकता है। क्योंकि, इस दौरान हमारा शरीर लगातार मौसम में ढलने की कोशिश करता है। इस तरह के लगातार बदलाव के दौरान हमारे शरीर की इम्यूनिटी काफी प्रभावित होती है। इस दौरान लोग काफी अधिक बीमार पड़ते हैं। ऐसे में अपनी सेहत का बहुत खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। स्वस्थ रहने के लिए हर मौसम में शरीर का हमेशा हाइड्रेटेड रहना बेहद जरूरी होता है। इसलिए गर्मी और उमस को मात देने के लिए मानसून में पानी, जूस, नारियल पानी आदि जैसे तरल पदार्थों का सेवन करते रहना चाहिए।

# फिर बगावती तेवर में हेमंत सोरेन



मिला **लोगों का साथ** तो **मूंछ** पर आया **ताव**

## इन्होंने सीरिंज से लोगों का खून ही चूस लिया है : हेमंत

**रांची।** बढ़ी हुई दाढ़ी और साधारण कुर्ता पायजामा में पत्नी विधायक कल्पना सोरेन के साथ पूरे आत्मविश्वास के साथ घूम रहे हेमंत अपनी गिरफ्तारी पर सवाल उठा रहे हैं और अपने पुराने अंदाज में भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों पर भेदभाव का रोप लगाया। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने धरती आबा बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित करने से पहले अपने आवास के पास भारी बारिश के बीच कार्यकतार्ओं को संबोधित किया। हेमंत ने कहा कि मोदी सरकार में नीट व यूपीएससी पेपर लीक और ट्रेन व एयरपोर्ट दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन लोगों ने सीरिंज से लोगों का खून चूस लिया है। इन लोगों ने कई संवैधानिक संस्थाओं को अपनी मुट्ठी में कर लिया है, लेकिन जनता की अदालत सबसे बड़ी अदालत है।
इस दिए को हम कभी नहीं बुझने देंगे। कई ऐसे वीर शहीद हैं, जो हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। आपके आशीर्वाद से सबसे पहले देश में आदिवासी मुख्यमंत्री बना है। मजबूरन मोदी सरकार को पड़ोसी राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाना पड़ रहा है। लेकिन वो रबर स्टैंप है। हेमंत सोरेन का इशारा छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी की तरफ था। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के सपने को पूरा करने का हम काम करेंगे। संबोधन के दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, सांसद कालीचरण मुंडा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, अनूप सिंह, राजेश कच्छप, सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडेय समेत अन्य कई नेता मौजूद थे।

### हाईकोर्ट ने सोरेन को दी जमानत

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को 149 दिन बाद जेल से बाहर आए। हाईकोर्ट के जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय की सिंगल बेंच ने जमीन पर क जे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोरेन को शुक्रवार को जमानत दे दी थी। हाईकोर्ट ने कहा कि तथ्यों से ऐसा लगता है कि ईडी के सोरेन पर लगे सभी आरोप आधारहीन हैं। हाईकोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद 13 जून को मामला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को दिए गए फैसले में हेमंत सोरेन को बड़ी राहत मिली। जेल से बाहर आने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्हें झूठे आरोपों में फंसाया गया।




### 'हेमंत सोरेन झारखंड में काफी लोकप्रिय'

हेमंत सोरेन की रिहाई झामुमो सांसद महुआ माझी ने कहा 'झारखंड में हेमंत सोरेन काफी लोकप्रिय हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी अनुपस्थिति के बावजूद लोगों ने हमें समर्थन दिया। उनकी जेल से रिहाई को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। भाजपा ने लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कराकर वोट पाने की साजिश रची थी, लेकिन वह असफल हो गई।



**जेल** से छूटने के बाद शनिवार को हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन व पार्टी नेताओं के साथ बिरसा चौक पहुंचे और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर झारखंड की जनता के भलाई के लिए अपना संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### हेमंत सोरेन ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची के बिरसा चौक स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी सहित अन्य नेता मौजूद थे। इसके बाद हेमंत ने पार्टी कार्यकत्ताओं का अभिवादन किया। हेमंत सोरेन करीब 10 मिनट तक बिरसा चौक में रहे। इस दौरान राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हेमंत के समर्थन में रांची की सड़कों पर लगे बैनर-पोस्टर

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल से रिहा होने के बाद झामुमो कार्यकर्ता उत्साहित हैं। वे उनके आगमन पर जश्न मना रहे हैं। अदालत से जमानत मिलने के बाद से ही रांची की सड़कों पर उनके पोस्टर लगने शुरू हो गये थे। राजधानी रांची की सड़कों पर शनिवार को उनके समर्थन में बैनर-पोस्टर लगे दिखाई पड़े। इसमें लिखा था 'साजिशों के खेल का हुआ अंत, आ गया अपना हेमंत'। हेमंत सोरेने की रिहाई के बाद शनिवार को रांची के अनेक स्थानों पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि 31 जनवरी की रात को ईडी ने जमीन घोटाले के आरोप में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। तब से वे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद थे। करीब पांच महीने बाद 28 जून को झारखंड हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। इसके बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया था। सीपीआई महासचिव डी राजा ने इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अदालत का यह फैसला स्वागत योग्य है। केंद्र सरकार विपक्षी दलों को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। उनकी रिहाई से इंडिया गठबंधन और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि न्याय की जीत होगी, सच्चाई की जीत होगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी उनकी रिहाई पर खुशी जतायी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर बीते शुक्रवार को कहा था कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी बदले और राजनीतिक दुर्भावना से की गई थी। हाई कोर्ट द्वारा उन्हें जमानत देने के फैसले का हम स्वागत करते हैं।



### बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम के तहत मास्टर ट्रेनरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला की हुई शुरुआत

# मातृभाषा में पढ़ने से बच्चों के भाषाई विकास में सुधार होता है : महेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन तथा इससे जुड़े अपेक्षित उच्चतम लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अपनायी जाने वाली शिक्षण प्रक्रिया तथा इस बहुउद्देशीय शिक्षण कार्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराने के लिए शनिवार से प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। राज्य के आठ जिलों के 45 चयनित शिक्षकों के लिए रातू स्थित झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) में एलएलएफ संस्था के सहयोग से छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत हुई है।

इस विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला में दुमका, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, पश्चिमी सिंघभूम, साहिबगंज, लातेहार, सिमडेगा के मास्टर ट्रेनर शामिल हो रहे हैं। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर बहुभाषी शिक्षा के लिए राज्य स्त्रोत समूह के रूप में कार्य करेंगे तथा इनके द्वारा भविष्य में संबंधित जिलों के चयनित विद्यालयों के बहुभाषी शिक्षा से जुड़े शिक्षकों को सम्यक रूप से प्रशिक्षित तथा अनुसमर्थन किया जाएगा।

भारत में मातृभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए उनके आजीवन योगदान के लिए यूनेस्को द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा पुरस्कार-2023 से सम्मानित प्रख्यात भाषाविद् और लोकगीतकार डॉ महेंद्र कुमार मिश्रा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बुनियादी शिक्षा में बहुभाषी शिक्षा के महत्व पर कहा कि मातृभाषा में पढ़ने से बच्चों की भाषाई विकास में सुधार होता है। यह उनकी शब्दावली, वाक्य रचना और वाक्यों का अर्थ समझने की क्षमता को बढ़ाता है। बच्चे अपने परिवार, मित्र और समाज के साथ संवाद आसानी से कर पाते हैं। साथ ही, बच्चों को शिक्षा की सुगमता मिलती है, जिससे उनकी शिक्षा में रुचि बनी रहती है। इससे उनके विचार और सोचने की क्षमता का भी विकास होता है।उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों से राज्य के 259 विद्यालयों में मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, जिसे वर्तमान शैक्षणिक सत्र में राज्य के 1040 विद्यालयों में विस्तारित करने की योजना प्रस्तावित है।

#### बुनियादी शिक्षा में मातृभाषा के प्रति समझ महत्वपूर्ण : स्मृति मिश्रा




कार्यशाला को संबोधित करते हुए लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन, नई दिल्ली की तकनीकी विशेषज्ञ स्मृति मिश्रा ने कहा कि प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों की बुनियादी शिक्षा में मातृभाषा के प्रति उनकी समझ और बहुभाषी शिक्षा सीखना महत्वपूर्ण है। बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई कराने से उनकी शिक्षा में गहराई और समग्रता बढ़ती है। इसके साथ बहुभाषी शिक्षा उन्हें अन्य भाषाओं के साथ भी संवाद करने की क्षमता प्रदान करती है। इससे उनकी सोचने की क्षमता और सामाजिक जीवन में सहयोग बढ़ता है।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर सीयूजे ने किया कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी (सीयूजे) में शनिवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया। प्रख्यात सांख्यिकीविद प्रो पीसी महालनोबिस की जयंती पर भारत में हर साल 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। सीयूजे के सांख्यिकी दिवस कार्यक्रम में आईक्यूएसी के निदेशक प्रो रतन कुमार मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पीके परीडा ने सांख्यिकी के विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आंकड़ों का निर्णय लेने में भूमिका पर प्रकाश डाला। सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो कुंज बिहारी पंडा ने सांख्यिकी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और इसके उपयोग के बारे में बताया। प्रो रतन कुमार डे ने आधुनिक युग में सांख्यिकी के महत्व और इसकी भूमिका पर जोर दिया। डॉ हृषिकेश महतो, एसोसिएट प्रोफेसर, गणित विभाग, ने दैनिक जीवन में सांख्यिकी के महत्व के बारे में बताया। इसके अलावा, ऑनलाइन माध्यम से भी प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। एनएसएसओ के सहायक निदेशक डॉ प्रभात दास ने सांख्यिकी के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सांख्यिकी की उपयोगिता और महत्व को समझा।

### सीसीएल से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 6 कर्मियों मनोज कुमार प्रसाद, महाप्रबंधक (खनन), खनन विभाग, उदित प्रताप नारायण, महाप्रबंधक (सामाजिक सुरक्षा), सामाजिक सुरक्षा विभाग, विनय कांत सिन्हा, मुख्य प्रबंधक (वित्त), विपणन एवं विक्रय विभाग, प्रदीप निरल टोप्पो, कार्यालय अधीक्षक (ए-1), सांख्यिकी विभाग, जूनिका परपिया, मेट्रोन (ए-1), गांधीनगर अस्पताल एवं प्रेम सिंह, वरीय लिपिक, सामान्य प्रशासन को सीसीएल की ओर से एक सम्मान- सह - विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि जून महीने में सीसीएल से कुल 86 कर्मचारी सेवा निवृत्त हुए हैं।

### आईटीआई बस स्टैंड पर बुनियादी सुविधाओं का है घोर अभाव

# न पीने को पानी, न धूप-वर्षा से बचने को छत

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** स्मार्ट सिटी में स्मार्ट बस स्टैंड होता है। क्या रांची के आईटीआई बस स्टैंड को देखकर हम कह सकते हैं कि यह स्मार्ट सिटी का बस स्टैंड है? जब कोई पहली बार यह सोचकर रांची आए कि स्मार्ट सिटी के बस स्टैंड पर बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ आधुनिक सुविधाएं भी होंगी, तो उसका आश्चर्य और निराशा से एक साथ सामना होगा। जब वह आईटीआई बस स्टैंड में पहुंचकर ऊपर की ओर देखेगा, तो पाएगा कि इतने व्यस्त बस स्टैंड में यात्रियों के लिए शेड तक नहीं है। आईटीआई बस स्टैंड की वास्तविकता यह है कि यात्री धूप से बचने के लिए इधर-उधर जगह ढूंढते नजर आते हैं, मगर उन्हें कोई उपाय समझ में नहीं आता। महिलाओं के साथ छोटे बच्चे हैं, तब तो उन्हें बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। इस भयंकर गर्मी में बच्चे बीमार तक हो जाते हैं। क्या आमलोगों की इस परेशानी को वातानुकूलित ऑफिस में बैठे पदाधिकारी समझ पाते हैं? क्या उन्हें इस बात की तनिक भी चिंता होती है कि बच्चे घूप में रह कर बीमार हो जाते हैं? शायद नहीं। तभी तो आईटीआई बस स्टैंड की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। इस बस स्टैंड में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था तक नहीं है। लोक कल्याणकारी राज्य का प्रशासन क्या इतना बेपरवाह हो सकता है कि वह पेयजल की व्यवस्था तक नहीं करे। राज्य का अपने नागरिकों के प्रति कर्तव्य बनता है कि वह अपने नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराए। आईटीआई बस स्टैंड के लिए करीब एक करोड़ के टेंडर हुए थे। ये पैसे नगर निगम ने लिये, तो फिर यात्री शेड और पेयजल की व्यवस्था क्यों नहीं हो रही है। आम जनता के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है।






**बच्चों और महिलाओं को करना पड़ता है भारी मुश्किलों का सामना**

## तीन नए आपराधिक कानूनों पर न्यायिक अधिकारियों ने की गहन चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश में एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) लागू होने वाले हैं। रांची के जज कॉलोनी स्थित मल्टी पर्पस हॉल में झारखंड न्यायिक अकादमी के दिशा-निर्देश पर शनिवार को बैठक कर इन तीनों आपराधिक कानून पर गहन चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने की। बैठक में उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारियों को 10 अलग-अलग समूहों में बांटा गया था और सभी को नए कानून से संबंधित एक-एक खंड दिया गया था। इस पर न्यायिक पदाधिकारियों ने गहन मंथन किया और उक्त विषय पर अपने-अपने मंतव्य देकर एक-दूसरे से जानकारी साझा की।

इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय के दो महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी चर्चा की गई, जिनमें टरसेम लाल बनाम डायरेक्टोरेट इंफोर्समेंट और जालंधर जोनल अफसर और बाबू साहेबागौड़ा बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटक है। अभियुक्तों के कोर्ट में बेल एवं उनकी उपस्थिति से संबंधित प्रावधानों पर चर्चा की गई। न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने भी न्यायिक पदाधिकारियों को नए आपराधिक कानून के बदले हुए प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान रांची सिविल कोर्ट के सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ-साथ विधि के छात्र-छात्राएं और न्यायालयकर्मी उपस्थित थे।

# डीएवी हेहल में अंतरसदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में शनिवार को अंतरसदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 'हिंदी ही राष्ट्रभाषा के लिए उपयुक्त भाषा है' का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के स्वामी दयानंद सदन, स्वामी श्रद्धानंद सदन, महात्मा हंसराज सदन एवं महात्मा आनंद स्वामी सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कक्षा 10वीं के छात्र शितांशु ने महात्मा आनंद स्वामी सदन की ओर से 47 अंक एवं दक्षा प्रसाद ने महात्मा हंसराज सदन की ओर से 47 अंक संयुक्त रूप से हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षरा राज कक्षा 10वीं ने महात्मा हंसराज सदन की और से 42 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान तथा कक्षा 10वीं की छात्रा शांभवी शर्मा ने श्रद्धानंद सदन की और से 36 अंक अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया।

निर्णयक मंडल के सदस्यों एके मिश्रा एवं सुशील आर्य ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति इतनी अच्छी थी कि हम दोनों के लिए यह निर्णय करना मुश्किल हो गया कि किसको प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रखें। बच्चों ने अनेक उदाहरणों एवं तथ्यों के साथ हिंदी को ही राष्ट्रभाषा के लिए उपयुक्त भाषा बताया। प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का आत्मबल बढ़ता है और उनके अंदर से स्टेज फीयर दूर होता है। श्रोता छात्र भी नए आंकड़ों और नई जानकारियों से अवगत हो पाते हैं, जिससे उनको पढ़ाई में मदद मिलती है। सीसीए इंचार्ज शिक्षक सोवन देव चक्रवर्ती एवं शिक्षिका मौसमी मजूमदार की अहम भूमिका रही।



#### समर्पित शिक्षक ही पाते हैं मुकाम : एसके मिश्रा

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची की वरिष्ठ शिक्षिका अनुराधा सिंह को एसके मिश्रा प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-जे एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने शनिवार को डीएवी, बोकारो की प्रधानाध्यापिका के पद नियुक्त होने पर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी। एसके मिश्रा ने कहा कि समर्पित शिक्षक अपने मुकाम को प्राप्त करते हैं। मैं मैडम अनुराधा सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। बताते चलें कि शिक्षिका अनुराधा सिंह ने डीएवी हेहल में चौदह वर्ष तक शैक्षणिक कार्य कर सेवा प्रदान की है। वे डीएवी हेहल में सीनियर सेकेंडरी के बच्चों को अर्थशास्त्र विषय पढ़ाती थीं तथा विद्यालय की प्राथमिक शाखा में प्रभारी के रूप में भी कार्यरत थीं।

## स्वास्थ्य मंत्री ने जेनेटिक अस्पताल मामले में विभागीय जांच के दिए आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जेनेटिक अस्पताल के अमानवीय कृत्य का संज्ञान लिया है। उन्होंने शनिवार को स्वास्थ्य सचिव को तीन दिनों के अंदर मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। विभागीय रिपोर्ट के आधार पर जेनेटिक अस्पताल पर कार्रवाई की जाएगी।

इसके पहले झारखंड हाई कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य सचिव को मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।



उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बूटी मोड़ स्थित जेनेटिक अस्पताल में महिला को नवजात शिशु से अलग करते हुए बंधक बनाने का मामला सामने आया था। महिला के पति की शिकायत पर सीआईडी और सदर अस्पताल की टीम ने महिला को अस्पताल से मुक्त कराया था। खूंटी की रहने वाली महिला ने 28 जून को जेनेटिक अस्पताल में नवजात को जन्म दिया था। तीन मई को अस्पताल प्रबंधन ने नवजात बच्चे को पिता को सौंप दिया और सुनीता को अस्पताल में रख लिया। पीड़ित परिवार के पास अस्पताल की फीस चुकाने के लिये पैसे नहीं थे, जिसके बदले में अस्पताल ने महिला को बंधक बना लिया था।

## सीबीआई ने एचईसी मुख्यालय में दो घंटे तक खंगाले कागजात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीबीआई की टीम शनिवार को धुर्वा स्थित एचईसी मुख्यालय पहुंची। दो गाड़ियों में सवार होकर पहुंची सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम ने एचईसी के मुख्य कार्यालय में करीब दो घंटे तक कागजात खंगाले। इसके बाद सीबीआई की टीम वापस लौट गई। सीबीआई की टीम किस मामले को लेकर एचईसी मुख्यालय पहुंची थी, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि, बताया जा रहा है कि सीबीआई की टीम फिर से एचईसी मुख्यालय आ सकती है। सीबीआई की टीम जब मुख्यालय पहुंची, तो उस समय एचईसी के कोई भी सीनियर अधिकारी ऑफिस में मौजूद नहीं था।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में सेवा निरंतर जारी है

**रांची।** भुतहा तालाब के श्री चैती दुर्गा मंदिर में पिछले कई वर्षो से शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे में 2500 से ज्यदा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। मंदिर के पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा द्वारा भोग लगाया गया तथा मंदिर परिसर में जुटे भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। विशाल कृष्णा द्वारा भंडारा में चावल, दाल, तेल दिया गया और साथ ही महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे द्वारा मसाला, सव्जी दिया गया। भंडारा में खिचड़ी, अचार, चिप्स आदि का वितरण किया गया।

### 2500 से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया श्री श्याम भंडारे का प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को विजय जी महाराज की प्रेरणा से 118वां श्री श्याम भंडारा बड़े ही भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि श्री श्याम मित्र मंडल यहां प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारे का आयोजन करता है।श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में अजय जैन एवं बरखा जैन ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, रिद्धि-सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी, गरुड़जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। भोग लगे प्रसाद को जैन परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण किया।

### यूवा आजसू ने मारवाड़ी कॉलेज में सीट बढ़ाने की मांग की

**रांची।** युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य से मुलाकात की और उनसे बीबीए, बीसीए, बीकॉम में सीटें बढ़ाने की मांग की। इस दौरान विशाल कुमार यादव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मारवाड़ी कॉलेज में बीबीए और बीसीए विषय में सीटों की कमी के कारण नामांकन से वंचित रह जाएंगे।




**राम लखन सिंह यादव कॉलेज में एनसीसी के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के कैडेटों ने महाविद्यालय परिसर में शनिवार को 7आर दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ जेपी सिंह, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी डॉ भावना कुमारी, सीनियर अंडर अफसर सूरज कुमार शर्मा समेत 35 कैडेटों ने भाग लिया।**

### 16 वर्षीय किशोर की इलाज के दौरान हुई मौत

**रांची।** मां-बाप का इकलौता बेटा प्रियम कुमार को सड़क दुर्घटना के दौरान पेट में चोट लगने पर पारस अस्पताल ले जाया गया। शुरू में डॉक्टर ने जांच कर बताया कि पेट को छोड़ कर शरीर में कहीं भी कई इंज्युरी नहीं है। पेट की चोट के लिए छोटा सा ऑपरेशन करना होगा। मरीज के परिजनों ने बताया कि इसके लिए अस्पताल ने एक लाख रुपये की मांग की। पैसा जमा होते ही बच्चे को ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। बच्चा को दिन में एक बजे ऑपरेशन किया गया लेकिन शाम चार बजे डॉक्टरो ने जवाब दे दिया।

### रामधारी सिंह दिनकर की 50वीं पुण्य स्मृति में डीएसपीएमयू में रश्मिरथी संवाद का आयोजन

# जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है : कुलपति शांडिल्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग और राष्ट्रकवि दिनकर प्रतिष्ठान ने शुनिवार को दिनकर की 50वीं पुण्य स्मृति मनाई। इस दौरान रश्मिरथी संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने कार्यक्रम की शुरुआत दिनकर की पंक्तियों, 'जब नाश मनुष पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है' से की। इसके बाद उन्होंने कहा कि ये पंक्तियां और उनकी कविताएं हमें जीवन में अनुशासन और संस्कार सिखाते हैं। दिनकर एक कुशल राजनीतिज्ञ, प्रशासक, कवि, साहित्यकार के रूप में बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने कहा कि जेपी आंदोलन में 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' पंक्तियां काफी महत्वपूर्ण और सार्थक रहीं। आज भी इनकी कविताएं प्रासंगिक हैं। दिनकर अपनी राष्ट्रवादी कविताओं के परिणामस्वरूप विद्रोही कवि के रूप में उभरे। उनकी कविताओं में वीर रस झलकता था और उनकी प्रेरक देशभक्ति रचनाओं के कारण उन्हें राष्ट्रकवि और युगचरण के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने दिनकर की पहली रचना रेणुका का उल्लेख करते हुए कहा कि यह तीस के दशक में प्रकाशित हुई थी और उनके द्वारा प्रकाशित हुंकार ने देश के युवाओं में एक ऊर्जा का संचार कर दिया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनकर जी के पौत्र ऋत्विक उदयन ने कहा कि रश्मिरथी संवाद के जरिए हम दिनकर साहित्य को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहते हैं। इस शृंखला के तहत पूरे भारतवर्ष के विभिन्न संस्थानों में 50वीं पुण्य स्मृति पर 50 कार्यक्रम आयोजित होंगे। दिनकर प्रतिष्ठान के साकेत कुमार ने रश्मिरथी का पाठ करते हुए उसकी व्याख्या की और कई तकनीकी पहलुओं से दिनकर साहित्य के प्रचार प्रसार करने की बात कही। डॉ जंग बहादुर पांडेय ने दिनकर को आग और राग के कवि के रूप में व्याख्या की। इससे पहले हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जिंदर सिंह मुंडा ने कहा कि दिनकर जनकवि हैं एवं इनकी लेखनी और करनी में समानता है। कार्यक्रम में डॉ मृत्युंजय कोईरी, डॉ जितेंद्र सिंह, संगीता कुमारी, संजय, रेखा, सुधीर, नेहा, रजनीश और हिंदी विभाग के सभी विद्यार्थियों मौजूद थे।




## कार्यालय, जिला अभियंता, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 08/2024-25

1. कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र कीराशि | कार्य पूर्ण करने कीअवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मासियातु ग्राम भांग में मेन रोड से आंगनबाडी केन्द्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 89,10,800 | 1,78,500 | 10,000 | 06 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 04.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–10.07.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.07.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार।

PR.NO.328187 Rural Development(24-25):D

## एक नजर

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार की उपस्थिति में शनिवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए। वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने हर हाल में घाटी में लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के द्वारा वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।

### हेमंत के जेल से बाहर आने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांट कर मनाई खुशी

**गिद्दी।** झामुमो कार्यकर्ताओं ने गिद्दी के रैविमो कार्यालय में शनिवार को मिठाई बांटकर और एक दूसरे को खिलाकर हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने पर खुशी मनाया। इस मौके रैविमो महामंत्री सह झामुमो के केंद्रीय सदस्य सैनाथ गंझू ने कहा पुर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने पर पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। इससे संगठन को मतबूती मिलेगा। खुशी मनाने वालों में सैनाथ गंझू, पप्पू सिंह, बहादूर मुर्मू, प्रकाश महली, आशीष करमाली, सुनील गंझू, मनोज टुड्डू, राजेश मांझी, पवन बेसरा, शन्नी गंझू, मनीष कुमार, रवि टुड्डू, जगदेव सोरेन, रमेश सोरेन, संजय मांझी, दीपक महली, कल्पना देवी, सारो देवी, सुषमा देवी, ललिता देवी, बसंती देवी आदि शामिल थे। यह हिन्दुस्तान अखबार की ऑटोमेटेड न्यूज फीड है।

### भुरकुंडा नवनिर्माण मोर्चा ने डीसी-एसपी को सौंपा मांग पत्र

**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा के समग्र विकास और जन समस्याओं के समाधान के लिए गठित भुरकुंडा नवनिर्माण मोर्चा ने रामगढ़ डीसी और एसपी को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। मोर्चा के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने रामगढ़ समाहरणालय में डीसी चंदन कुमार और डॉ विमल कुमार से मुलाकात कर उन्हें जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त मांग पत्र सौंपा। इसमें भुरकुंडा मेन रोड को जाम से मुक्ति दिलाने, दुकान का सामान फुटपाथ पर लगाने वालों पर अंकुश लगाने, आधुनिक ट्रैफिक प्रणाली की व्यवस्था करते हुए बाजार में ट्रैफिक पुलिस को प्रतिनियुक्त करने, पार्किंग और ऑनलाइन चालान की सुविधा देने, सरकारी अस्पताल का निर्माण, भुरकुंडा को प्रखंड बनाने, भुरकुंडा स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करने, केंद्रीय विद्यालय को भुरकुंडा में स्थापित करने, बंद आईएजी ग्लास फैक्ट्री को चालू करने आदि 12 सूत्रीय मांग शामिल हैं।

**धरना स्थल पर खड़े निलंबित शिक्षक ने पत्रकारों से बात करने से कतराया**

## अनुशासनहीनता और गलत गतिविधि निलंबन का है प्रमुख कारण : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** डीएवी पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने अनुशासनहीनता के आरोप में बीते 26 अक्तूबर 2023 को शारीरिक शिक्षक रविन्द्र कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया. निलंबन के संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बताया कि उक्त शिक्षक का व्यवहार उनके पदस्थापना वर्ष 2018 से ही स्थानीय प्रबंधन के खिलाफ रहा. प्राचार्य के आदेश की अवहेलना और बच्चो को विद्यालय के प्रबंधन के खिलाफ भड़काना, विद्यालय के पीटी कक्ष में छात्राओं से अकेले में बात करना आदि जैसे कई मामले आते रहे. कई बार समझाने का कार्य किया गया, कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए परंतु आदतन सुधार नही हुए. जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को भी दी गई. इसी क्रम में बीते 20 जुलाई को विद्यालय के ही तीन अभिभावको ने उक्त शिक्षक पर अपनी बच्ची को मिसगाइड करने, रात में मोबाईल पर वीडियो कॉल करके बात करने, व्हाट्सएप चैटिंग करने आदि संबंधित शिकायत करते हुए एक मोबाईल भी विद्यालय प्रबंधन को सुपुर्द किया गया. जिसमें उक्त शिक्षक की छात्राओं के साथ फोटो और कई अन्य बातें रिकॉर्ड है. इसे लेकर अभिभावकों में काफी रोष था और अपनी बच्चियों का नाम भी विद्यालय से कटवा दिया. इस संबंध में आरोपी शिक्षक से स्पष्टीकरण भी मांगा गया, जिसका उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया. इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई. मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएवी प्रबंधन ने 26 अक्तूबर को उक्त शिक्षक को निलंबित कर दिया. जहां मामला हियरिंग में चल रहा है. आगे की सभी प्रक्रिया डीएवी का लीगल विभाग देख रहा है. उन्होंने यह भी बताया कि जब निलंबन से संबंधित उक्त शिक्षक से पक्ष मांगा गया तो उन्होंने बतौर चेतावनी देते हुए स्पष्ट कहा कि मामला कोर्ट में है, जो भी जवाब देना होगा कोर्ट में दिया जाएगा.

### क्या कहते है कानूनविद

धरना के संबंध में बरही बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव और वरिष्ठ वकील रामचंद्र साव ने बताया कि जब मामला कोर्ट में चल रहा हो तो ऐसी स्थिति में वादी के द्वारा धरना प्रदर्शन करना अवैध है. इस प्रकार के एक्टिविटी पर कानूनी कारवाई किए जाने का प्रावधान है.

### क्या कहते है दंडाधिकारी

धरना के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह सीओ राम नारायण खलखो ने बताया कि मामला कोर्ट में चल रहा है ऐसे में धरना करना अनुचित है. **लॉ एंड ऑर्डर नही बिगड़ने दिया जाएगा:** एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने कहा कि पुलिस मामले पर निगरानी रखी हुई है. किसी भी स्थिति में लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने नही दिया जायेगा.

## संकुल स्तरीय एक दिवसीय वैदिक गणित कार्यशाला का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव कोर्रा में शनिवार को संकुल स्तरीय एक दिवसीय वैदिक गणित कार्यशाला आयोजित किया गया।जिसमें संकुल के पांच विद्यालय कुम्हार टोली, रामनगर, मालवीय मार्ग, बरगड्डा तथा कोर्रा की सहभागिता रही।सर्वप्रथमअतिथियों का परिचय वैदिक गणित संकुल प्रमुख रितेश के द्वारा किया गया। जिसमें स्थानीय विद्यालय सचिव राम बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह एवं वैदिक गणित प्रांत प्रमुख राजीव नयन उपस्थित थे।कार्यशाला में प्रांत प्रमुख राजीव नयन ने प्रत्येक वर्ग में पूछे जाने वाले प्रश्नों से संबंधित छोटी छोटी बातों पर ध्यान आकर्षित किया गया जिससे भैया बहन को सही तरीके से मार्गदर्शन किया जाए।
संकुल प्रमुख रितेश ने वैदिक गणित से संबंधित प्रश्न को हल कर बताया गया ताकि भैया बहन को अच्छी तरह से समझाया जाए। इस कार्यक्रम में कोर्रा आचार्य राहुल कुमार पाण्डेय,मुकेश कुमार सिन्हा, रामनगर से दीपक कुमार,बरगड्डासे आचार्य एवं महिला आचार्य उपस्थित हुएं। धन्यवाद ज्ञापन राहुल कुमार पाण्डेय ने किया।अंत में कल्याण मंत्र के साथ कार्यशाला सम्पन्न हुआ।

**चट्टी बरियातु पंचायत भवन में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर**

## शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** श्रीनिवास अस्पताल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल ने एनटीपीसी चट्टी बरियातु के साथ मिलकर केरेडारी स्थित चट्टी बरियातु पंचायत भवन में दिन शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का लगाया गया। निःशुल्क दंत परीक्षण, नेत्र परीक्षण एवं रक्त परीक्षण के साथ-साथ टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट एवं दवा वितरण भी किया गया। शिविर का लाभ कुल 190 मरीजों ने उठाया। डॉक्टरों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली और डॉ. सोम्या राज ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना ही मेरा लक्ष्य है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है। बुनियादी उपचार जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं। शिविर का आयोजन हजारीबाग डेंटल कॉलेज की प्रशिक्षु स्वेता द्वारा किया गया।

**प्रदेश कमेटी के निर्देश पर भाजपा जिला समिति की वर्चुअल बैठक आयोजित**

# छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने पर दिया बल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला द्वारा प्रदेश के निर्देशानुसार एक वर्चुअल बैठक जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में शनिवार को 11:00 बजे आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रभारी शशि भूषण भगत विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री राजेंद्र कुशवाहा के द्वारा किया गया। बैठक में आगामी 6 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम तथा मन की बात कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया कि प्रत्येक शक्ति केंद्र के दो बूथों का चयन कर वहां मन की बात कार्यक्रम को भव्य रूप से करने तथा साथ-साथ अपनी मां के साथ पौधा लगाते हुए एक साझा तस्वीर सरलऐप में पोस्ट करने और मंडल के कार्यक्रम संयोजक को भी उपलब्ध करा देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने मतदाता सूची का क्रमबद्ध अध्ययन करते हुए छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने पर बल दिया। जिला और प्रदेश को भी उपलब्ध हो जाने की बात कही। आगामी 6 जुलाई से 15 जुलाई तक विजय अभिनंदन कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों से स्थानीय समस्याओं को लेकर एक कार्यक्रम बनाने का निर्देश दिया। वर्चुअल बैठक में जिला के महामंत्री रंजन फौजी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वर्चुअल बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ संजय सिंह,जिला मंत्री रमेश वर्मा, मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार शर्मा, जिला आईटी सेल संयोजक प्रवीण कुमार सोनू, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, सतीष मोहन मिश्रा,सागर दांगी, टोकेश सिंह, बबलू साव, अशोक कुमार, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, संजय शाह, मनोज गिरि, राजेश कुमार, अशोक कुमार सहित सभी मंडल के कार्यक्रम संयोजक और सह संयोजक भी शामिल थे।

**जिले के पचास पैक्स अध्यक्ष को मिली सीएससी सेवा की जानकारी**

## सरकारी सेवाओं को आसान और सरल बनाना ही सरकार का है मुख्य उद्देश्य : निजामुद्दीन



◆आम लोग अपने डोर स्टेप पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ ले सके.

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** पुराना समाहरणालय परिसर स्थित सूचना भवन में हजारीबाग जिला के करीब पैक्स अध्यक्षों को सीएससी सेवा से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण सीएससी के डीएम मो निजामुद्दीन अंसारी, रौशन कुमार और डिजिटल ग्राम पंचायत प्रभारी मुकेश झा ने दिया. प्रशिक्षण के माध्यम से कॉपरेटिव पैक्स अध्यक्षों को डिजिटल सेवा के विभिन्न सर्विस की जानकारी दी गई. साथ ही अपने क्षेत्र के लोगों को सरकारी दर पर सेवा देने की बात कही गई. डीएम मो निजाम ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं को सरल और सहज बनाना है. आम लोग अपने डोर स्टेप पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ ले सके. प्रशिक्षण देते हुए सीएससी मैनेजर रौशन कुमार ने बताया कि सरकारी सेवाओं को पारदर्शी बनाते हुए आमजन तक सस्ती और जल्दी सेवा उपलब्ध करवाना ई गवर्नेंस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है. डिजिटल ग्राम पंचायत प्रभारी श्री झा ने बताया कि सभी पंचायतों को डिजिटल बनाना सरकार का मुख्य उद्देश्य है. पंचायत या पैक्स का हर एक काम डिजिटल होना है, इस कार्य में सभी पैक्स अध्यक्ष के डिजिटल सेवा के माध्यम से किसान और आम नागरिक को सहयोग करेंगे. पंचायत विकास में उनकी महत्ती भूमिका होगी. प्रशिक्षण में बरही, चौपारण, विष्णुगढ़, कटकमसांडी बड़कागांव आदि प्रखंड के पचास से भी अधिक पैक्स अध्यक्ष शामिल थे.

**तीन दिनों में 46 वाहनों का कटा चालान, वाहन चालकों में हड़कंप**

## जन और धन सुरक्षित रखने के लिए ट्रैफिक नियम का पालन अनिवार्य : इंस्पेक्टर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** ट्रैफिक दुर्घटना पर हाई कोर्ट के कड़े रुख पर बरही पुलिस के तेवर भी तल्ख हो चुके हैं. पिछले तीन दिनों से लगातार सघन वाहन चेकिंग अभियान कर अब तक कुल 46 वाहनों का चालान काटा जा चुका है. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि वाहन चालक अपने साथ आरसी, डीएल, इंश्योरेंस व प्रदूषण के साथ हेलमेट या चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का उपयोग करें. उन्होंने बताया कि अभिभावक नाबालिग बच्चो को वाहन चलाने से मना करें. दुपहिया चालक ट्रिपल लोड या साउंड वाले साइलेंसर युक्त बाईक नही चलाए. इसके साथ ही वाहन चलाते समय नशे या मोबाइल का प्रयोग नहीं करे. उन्होंने बताया कि इसका उल्लंघन करते पकड़े जाने पर वाहन जब्त करते हुए चालान काटे जा रहे हैं. उन्होंने आम जनता से अपील किया कि जन और धन दोनों बचाने के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन अवश्य करें. बीते तीन दिन की जानकारी देते हुए बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के पहले दिन 19 दो पहिया वाहन, दूसरे दिन भी 19 एवं तीसरे दिन 08 दो पहिया वाहनों सहित कुल 46 वाहनों को जब्त कर चालान कर दिया गया है. पुलिस के का अभियान से बाईक चालको में हड़कंप मचा हुआ है.

**बेहतर कार्यकाल**

**सीएससी एकेडमी में विदाई समारोह का आयोजन**

# शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षिका रागिनी तिवारी के योदान को संस्था हमेशा याद रखेगी : संस्थापक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ कॉलेज के निकट स्थित सीएससी एकेडमिक संस्थान में शनिवार को विदाई संस्था की शिक्षिका रागिनी तिवारी के लिए विदाई समारोह का अयोजन किया गया। विदाई समारोह संचालन चंदन कुमार और सबीता कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में रागिनी तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि सरना हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक किस्टू महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सीएससी एकेडमी एक कंप्यूटर संस्थान है जो कि मुर्रामकला रामगढ़ कॉलेज गेट रामगढ़ के निकट स्थित है। सीएससी एकेडमी के संस्थापक रूपेश कुमार महतो तथा शिक्षक के रूप में रोहन नायक, रागिनी तिवारी और आनंद कुमार कार्यरत हैं। इस मौके पर संस्थापक रूपेश कुमार महतो ने कहा कि शिक्षिका रागिरी तिवारी के बारे में कहा कि यह शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर योदान दिया है खासकर एकेडमिक संस्थान जो उन्होंने कार्य किया है उसे हमेशा याद किया जायेगा। वह छात्रों के बीच हमेशा लोकप्रिय रहीं हैं और वह छात्रों आगे बढ़ने के लिए हमेशा उन्हें प्रेरणा देती रही हैं। विदाई समारोह में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत, नृत्य प्रस्तुत किये गये। वहीं, वक्ताओ द्वारा भाषण दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य मुख्य अतिथि रागिनी तिवारी ने कहा कि मै दो वर्षों तक इस संस्थान में छात्र छात्राओं को शिक्षा देने का कार्य की हूं।

**धनवार पैक्स में कृषक पाठशाला का आयोजन**

## कृषि मानव सभ्यता की रीढ़ है, कृषक पाठशाला उन्नत खेती के लिए उचित : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** धनवार पैक्स कार्यालय में मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया. जिसमे उपस्थित कृषक बंधुओं को सचिव नंदकिशोर प्रसाद, प्रोजेक्ट मैनेजर ऋषिकांत सागर, रितेश कुमार, विवेक कुमार ने कृषि संबंधित तकनीक जानकारी दिया. खेती के दौरान आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के साथ सरकारी योजनाओं पर चर्चा किए गए. इसके साथ ही पशु एवं मत्स्य पालन की जानकारी, कृषि के लिए मिट्टी जांच, टपक सिंचाई सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई. मुखिया श्री प्रसाद ने कहा कि कृषि पाठशाला किसानों के लिए वरदान साबित होगा. नए तकनीक सहित उत्पादन के नियमो की जानकारियां उन्नत पैदावार में सहायक होंगे. कृषक पाठशाला में मौजूद समाजसेविका ममता देवी ने कहा कि एफपीओ योजना के तहत प्रत्येक एफपीओ को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है.

## न्यूज बॉक्स

**जिप सदस्य के पहल पर ग्रामीणों को मिला दो माह का बकाया राशन**

### आम जनमानस की सेवा हमारी पहली प्राथमिकता : प्रेरणा प्रिया



**बरकट्ठा।** प्रखण्ड क्षेत्र के चेचकप्पी पंचायत के रोसा गांव में विगत तीन माह से ग्रामीणों को जनवितरण प्रणाली दुकान से राशन नही मिल रहा था। जिसकी सूचना लाभुकों ने जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया को दिया। सूचना मिलते ही जिप प्रतिनिधि सी के पाण्डेय ने रोसा गांव पहुँच कर संबंधित पदाधिकारियों से दूरभाष पर बात कर ग्रामीणों को अविलंब दो माह का राशन मुहैया कराया। साथ ही जन वितरण प्रणाली दुकानदार को हिदायत दिया कि गरीबों को परेशान करने पर बख्शा नही जाएगा। इस नेक कार्य के लिए ग्रामीणों ने जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय को धन्यवाद दिया।

### मुखिया प्रतिनिधि की उपस्थिति में स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का किया गया वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चेचकपी अंतर्गत राज्य उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचरुखी तिलैया में मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव,वार्ड सदस्य पुष्पा देवी और प्रधानाध्यापक जयलाल प्रसाद के उपस्थिति में छात्र छात्राओं के बीच कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त साइकिल का वितरण किया गया। वहीं मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव व वार्ड सदस्य पुष्पा देवी स्कूल का पठन-पाठन और मिड-डे मिल भोजन का भी जांच किया। जांच से असंतुष्ट होने पर शिक्षक को सुधार करने का निर्देश दिया। साथ ही जर्जर स्कूल रहने के कारण कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है इसकी जानकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। मौके पर शिक्षक नरेंद्र कुमार, अनिल कुमार, अध्यक्ष संतोष कुमार, विक्की सिंह,सोमनाथ सिंह, महादेव टुडू,दुलारचंद टुडू,बसंती देवी, चमेली देवी, जितनी देवी, आशा टुडू समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ पर निकाली गई झंडा शोभा यात्रा



**हजारीबाग।** ओकनी के बड़ा शिव मन्दिर प्रांगण में 9 जुलाई से 16 जुलाई तक श्री श्री1008 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाना है। जिसको लेकर शनिवार को बड़ा शिव मंदिर प्रांगण से भव्य झंडा शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बच्चे बूढ़े महिलाएं शामिल हुई।ढोल नगाड़े व महावीरी झंडे के साथ शोभायात्रा ओकनी तालाब, गली नंबर चार,न्यू एरिया रोड से पंचमुखी मंदिर, पैगोडा चौक,ओकनी छोटा शिव मंदिर, ओकनी साई मंदिर होते हुए मंदिर परिसर पहुंची जहां पर भव्य झंडा का ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच शरबत का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त ओकनी वासी समिलित रहे।

### सर्व कल्याण नवचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी प्रतिष्ठा का नौ दिवसीय महायज्ञ आयोजित



**दारू ।** प्रखंड अंतर्गत पुनाई पंचायत के ग्राम बसरिया में भव्य सर्व कल्याण नवचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी प्रतिष्ठा के नौ दिवसीय महायज्ञ का श्रीगणेश शनिवार से हुआ।पंचायत मुखिया अनिल कुमार देव एवं पंचायत समिति सदस्य कौशल्या देवी द्वारा अशोक का पौधा रोपण कर कलश यात्रा शुरू हुई,जिसमें हजारों महिलाओं संग छोटे-बड़े बच्चे भी शामिल हुए। बताते चले कि ग्राम देवी माता भक्तों ने नंगे पांव 5 किलोमीटर गोबराही नदी से जल कलश में भर कर कलश उठाया गया।

### कोर्ट फीस में बढ़ोत्तरी के विरोध में खतियानी परिवार की बैठक



**हजारीबाग।** मो हकीम की अध्यक्षता में खतियानी परिवार की एक बैठक शनिवार को हुई।बैठक में सर्वप्रथम पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की गई।बैठक में बगैर समीक्षा किये कोर्ट फी में बेतहाशा वृद्धि पर विरोध जताया गया।साथ हीं इसे वापस लेने की सरकार से मांग की गई। बैठक में सईद अहमद,बोधी साव,बाबु भाई विद्रोही,महेश विश्व कर्मा,दुलारी देवी,समेत अन्य साथी उपस्थित थे।

### जिला राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का डीजीपी ने किया शुभारंभ



**हजारीबाग।** स्थानीय कर्जन ग्राउंड स्टेडियम में जिला राइफल एसोसिएशन के तत्वाधान में फर्स्ट जिला शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ डीजीपी अजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर डीआईजी सुनील भास्कर, डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, ब्रिगेडियर राजेश करेल, एसडीपीओ सदर कुमार शिवाशीष, एसडीओ शैलेंद्र कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर नीरज कुमार, एनटीपीसी पकरी बरवाडीह तय्यब ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वागत भाषण में राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन ने कहा कि उन्होंने कैसे कम संसाधनों और सचिव नीलेंद्र जयपुरियार के साथ मिलकर इस फायरिंग रेंज को डेवलप किया। जीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बड़े-बड़े देशों में किस तरह लोग एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लेकर अपने दिमाग को व्यस्त रखते है। इस प्रकार भारत में भी लोगों को अपने बच्चों को एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में व्यस्त कर उसकी प्रतिभा को उभर सकते है। साथ ही उन्होंने डीसी से अनुरोध किया कि बच्चों की सुविधा के लिए 25 मीटर और 50 मी का रेंज दिया जाना चाहिए। सचिव नीलेंदु जयपुरियार ने कहा कि बच्चों के लिए एक बड़ी सुविधा यहां की गई है और आने वाले समय में यहां के बच्चे नेशनल स्तर तक जाएंगे उसके लिए वह प्रयासरत है। उन्होंने प्रातः आवाज के सीईओ हेमंत कुमार को धन्यवाद किया। उनके द्वारा प्रदान किया गया 1 लाख 40 हजार रुपए का कंप्यूटर बच्चों के एनालिसिस के लिए बहुत ही आवश्यकता थी जिसकी पूर्ति उन्होंने की है।

## एक नजर

### सरना पूजा से प्रसन्न हुए देवता, हुई झमाझम बारिश



**सिमडेगा।** कुरडेग प्रखंड लवडेरा पंचायत ग्राम में तीन साली पुजा विधिवत व्रत सरना स्थल में ग्राम प्रधान पाहन के द्वारा किया गया। गांव के प्रधान लालधर पाहन के द्वारा आज सभी ग्राम वासियों की उपस्थिति में ग्राम की खुशहाली, सुरक्षा,अच्छी फसल, अच्छी वर्षा और गांव की सुख समृद्धि के लिए के लिए ग्राम देवता को याद करते हुए पुजा पाठ एवं बलि देकर विधिवत किया गया पुजा की समाप्ति उपरांत देवता खुश हुए एवं तत्क्षण वर्षा कर शुभ संकेत दिया। सरना पूजा के उपलक्ष्य में एक पीपल का पौधा भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा एवं ग्राम प्रधान लालधर पाहन के द्वारा संयुक्त रूप से सरना स्थल पर लगाया गया।इस पुजा के अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा कांत सिंह, पुर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा, उप प्रमुख अजय जयसवाल, जानकी जयसवाल, मोनु ठाकुर, प्रफुल्ल साय, कृष्णा साय, राम साय, मुंद्रिका सिंह रतन साव इत्यादि सैकड़ों सरना भक्त गण मान्य श्रद्धालु गण पूजा में शामिल हुए।

### सिमडेगा व्यवहार न्यायालय में विशेष लोक अदालत में 578 मामलों का हुआ निष्पादन

**सिमडेगा।** विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वावधान में विशेष लोक अदालत भूमि एवं राजस्व संबंधी सह-मासिक लोक अदालत का आयोजन किया। इस दौरान छह बेंच का गठन किया गया। वही प्रभारी पीडीजे ने वादीगणों, आम जन को आग्रह पूर्वक कहा कि सुलहनीय वादों के निष्पादन में लोक अदालत सरल, सस्त एवं सुलभ मार्ग है। लोक अदालत में कुल 578 मामलों का निष्पादन किया गया जिसमें भूमि एवं राजस्व से संबंधित 543 मामले का निष्पादन किया गया तथा कु 3560287/- रुपये का मुआवजा दिया गया। इसके अतिरिक्त 35 अन्य मामलों की निष्पादन किया गया तथा 736488/- रुपये की राजस्व की वसूली की गयी। उक्त मासिक लोक अदालत के अवसर पर एडीजे आशा डी भट्ट एडिजे 2 नरंजन सिंह, सीजेएम मनीष कुमार सिंह, एडीजेम सुमी बिना होरो तथा वादकारीगण उपस्थित थे।

### हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**सिमडेगा।** एडीजे आशा देवी भट्ट की अदालत ने हत्या के दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावे दोनों आरोपियों को 18000 रुपए की राशि भी जमा करने का निर्देश भी दिया गया है। एडीजे की अदालत ने ठेठईटांगर थाना में दर्ज कांड संख्या 59/20 की सुनवाई करते हुए हत्या के आरोपी अमृत बिलूंग और दिलीप बिलूंग को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। आरोपियो को सजा दिलाने में ठेठईटांगर थाना के तत्कालिन थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश के अनुसंधान को अहम माना गया। बताया गया कि 12 दिसम्बर 2020 की रात करीब दस बजे आरोपी अमृत बिलूंग और दिलीप बिलूंग दोनों ने अजय साहू और विजय साहू को लाठी डंडे से पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। गंभीर हालत में अजय और विजय दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

लमडेगा डांडपानी गांव के लोग विधानसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

## बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण





**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरे, मोती मानुष चून। रहीम का यह दोहा गर्मी की तपिश बढ़ते ही जलडेगा प्रखंड के लमडेगा पंचायत के डांडपानी गांव में सच साबित होने लगा है। विकास के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी सरकार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की प्यास बुझाने में नाकाम रही है। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए भटक रहे हैं। गर्मी का पारा चढ़ते ही यहां जल संकट गहरा गया है। गांव के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। इस गांव में एक भी चापाकल नही है ना ही मनरेगा से कुंआ बना है। एक कुंआ है जिसे वर्षों पहले ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाया था, गांव के चार परिवार इसी कुंआ का पानी से अपना गला तर करते हैं लेकिन अब वो भी सुख चुका है। कुंआ में पानी इतना नीचे है कि गांव के किसी न किसी पुरुष को पहले कुंए में उतरना पड़ता है उसके बाद बाल्टी, रस्सी और मग से पानी निकला जाता है। गांव में मनरेगा के तहत एक भी योजना नही चल रहा है। ना गांव में मुखिया जाते हैं ना वार्ड, ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। ग्रामीण बिरजीना बिलुंग, रिमिश सुरीन, एग्नेश केरकेट्टा, टेलेस्फोर सुरीन, रानी केरकेट्टा, संदीप बिलुंग, बांधनी सुरीन, विक्टोरिया सुरीन ने कहा कि नेता सिर्फ चुनाव में ही नजर आते हैं। ऐसे कोई भी यहां नहीं आता है। पिछले कई वर्षों से लोग पानी के लिए तरस रहे हैं, यही नहीं गांव में अभी तक बिजली भी नही पहुंची है। फिर भी अब तक किसी नेता या अधिकारी देखने भी नहीं आये है। अगर जल्द हीं कोई निदान नहीं निकलता है तो इस बार विधानसभा चुनाव वोट का बहिष्कार करेंगे।

सदर प्रखंड में पंचायत समिति की मासिक बैठक संपन्न

## प्रखंड प्रमुख ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड कार्यालय सिमडेगा में पंचायत समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमडेगा समीर रेनियर खलखो सीडीपीओ, 20 सूत्री सदस्य एवं सभी पंचायत समिति सदस्य एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। मौके पर सरकार द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। मौके पर मनरेगा आम बागवानी के तहत जल्द से जल्द लाभुकों के भूमि पर आम बागवानी करने के निर्देश दिए ताकि सरकार का लक्ष्य पूरा हो सके। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास अबुआ आवास जिन पंचायत में अभी लंबित पड़े हैं वैसे जगह को पूरा करने तथा पंचायत समिति के मध्य द्वारा निर्मित योजनाओं के वर्तमान अध्यक्ष स्थिति एवं लंबित कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने को लेकर प्रखंड प्रमुख ने निर्देश दिए। वही प्रखंड प्रमुख ने कहा है कि सरकार के जो लक्ष्य है उसे पूरा करने के लिए सभी पंचायत समिति सदस्य अपने पंचायत क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दें ताकि उन योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचा कर लाभ दिया जा सके। मौके पर लघु सिंचाई विद्युत विभाग कृषि पशुपालन सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### कुरडेग पुलिस ने गांजा आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**कुरडेग।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा आपूर्तिकर्ता रमेश चन्द्र सतपति सबडेगा थाना तलसारा जिला सुन्दरगढ़ को उसके आवास से गिरफ्तार कर सिमडेगा जेल भेज दिया। रमेश चन्द्र सतपति लम्बे समय से कुरडेग और आस पास के क्षेत्र में गांजा आपूर्त्ति का काम कर रहा था। ज्ञात हो कुछ दिन पहले कुरडेग थाना के एसआइ संतोष कुमार राय ने पुलिस टीम के साथ अवैध रूप से गांजा बेचने वाले तीन दुकानदारो को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा था। गिरफ्तार दुकानदारों ने मुख्य आपूर्तिकर्ता का नाम पता बताया था जो पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। शुक्रवार को एसआइ संतोष कुमार राय को सुचना मिली कि रमेश चन्द्र सतपति अपने आवास सबडेगा में है उन्होंने तत्काल पुलिस टीम के साथ आरोपी के घर सबडेगा पहुंचकर गिरफ्तार करते हुए कुरडेग थाना लेकर आ गए। जहां से उसे शनिवार को जेल भेज दिया, वहीं थाना प्रभारी विनायक कुमार पाण्डेय ने कहा कि मादक पदार्थो की तस्करी या कारोबार करने वालो के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सुचना पुलिस को दें ताकि नशे के कारोबार को पूरी तरह रोक लगाइ जा सके।

### उपायुक्त ने की ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की समीक्षात्मक बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आरसेटी निदेशक सानिश अभिजीत मिंज, डीडीएम. नाबार्ड सारंग पात्रा, डीपीएम गौरव जैसवाल, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त ने आरसेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थान की ओर से जिन युवक-युवतियों को प्रशिक्षित किया गया है वैसे लोगों को बैंक एवं महिला समूह से लोन की सुविधा मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि आरसेटी की ओर से युवाओं को अलग-अलग ट्रेडों में प्रशिक्षण दें। साथ ही प्रशिक्षण के बाद उन्हें आर्थिक सहायता भी मुहैया करवाने का प्रयास करें। आरसेटी निदेशक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1150 बेरोजगार युवक/युक्तियों के लिए ट्रेनिंग का लक्ष्य प्राप्त है। उपायुक्त महोदय ने प्रशिक्षण देने के बाद सभी प्रक्षिरणर्थियों का बैंक के द्वारा क्रेडिट लिंकेज करने का निर्देश दिया।

### सिमडेगा उपायुक्त ने जिला स्तरीय चयन समिति के साथ की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा शनिवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजनान्तर्गत ऋण हेतु प्राप्त आवेदनों में से योग्य लाभुकों के चयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत पूर्व में लाभुकों को दिए गए लाभ एवं वर्तमान में लाभ लेने हेतु प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। इस संबंध में जानकारी देते हुए कल्याण विभाग के कमीर्यों ने उपायुक्त सहित समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी दी कि वर्तमान में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में कुल 79 आवेदनकताओं का साक्षात्कार लिया गया है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों पर चर्चा करने के उपरांत लाभुकों को लाभ देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में एमभीई, एलडीएम एवं महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सहित अन्य कर्मी गण उपस्थित थे।

### कुरडेग अस्पताल में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**कुरडेग।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सीएचसी कुरडेग में शनिवार को सदर अस्पताल की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन सीएस डॉ अजित खलखो ने किया। इस दौरान सी एस ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है रक्त दान करने से न जाने कितने लोगों की जान बचाने में मदद मिलती है कई जानलेवा कंडिशन में डोनेट किए गए ब्लड की मदद से मरीज की जान बचाई जाती है। इसलिए रक्तदान जैसे कार्य के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। रक्त दान शिविर में दस लोगों ने रक्तदान किया रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से थाना प्रभारी विनायक कुमार पाण्डेय, एसआई नवीन कुमार,दैनिक भास्कर संवाददाता सुमन्त कुमार सिंह सहित ग्रामीण भी शामिल थे। शिविर में टेक्निशियन के रूप में रीना तिग्गा, राजीव ठाकुर,कुमार गौरव उपस्थित थे। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा, डॉ प्रशांत कुमार बारीक, नवल प्रसाद, मोहम्मद वशी आदि उपस्थित थे।

बिजली समस्या को लेकर विधायक ने कार्यपालक अभियंता से की मुलाकात

## ससमय बहाल करने का दिया निर्देश



विधायक ने जिले में जले हुए सभी ट्रांसफॉर्मर की लिस्ट मांगी व त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा जिला में बिजली से संबंधित शिकायत को लेकर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंनगाडी ने शनिवार को विद्युत कार्यपालक अभियंता से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने जले हुए ट्रांसफॉर्मर को जल्द बदलने तथा ट्रांसफॉर्मर को बनाने के लिए जिला में निर्मित ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में मिस्त्री नहीं रहने की समस्या का त्वरित निष्पादन करने को कहा। विधायक ने लोगों को परेशानियों को देखते हुए ससमय बिजली बहाल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा जिले में बिजली बिल की जो समस्या आ रही है। मौके पर जीएम श्रीवास्तव से विधायक ने फोन पर बात कर समस्याओं से अवगत कराया। वहीं मौके पर तत्काल जीएम श्रीवास्तव ने कार्यपालक अभियंता से जिले में जले हुए सभी ट्रांसफॉर्मर की लिस्ट मांगी एवं त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। गर्मी के दिनों बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों लोगों को आश्वासन दिया कि बिजली बहाल के लिए हम कदम उठाने को तैयार हैं, इसे जल्द पूरा कर दिया जायेगा। ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में मिस्त्री को लेकर आ रही समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई और तत्काल मिस्त्री व्यवस्था की बात कही। वहीं कार्यपालक अभियंता ने जिले में होने वाले विद्युतीकरण के टेंडर प्रक्रिया की भी जानकारी को विस्तार से विधायक को बताया कि अभी जो टेंडर प्रक्रिया हुई है उसमें सभी 10 केवीए को 25 केवीए में बदलाव करना है। सभी जले हुए 25 केवीए ट्रांसफार्मर को बदलना और सभी 2 फेज लाइन को 3 फेज में बढ़ाना है। सभी लाइन का केबलिंग का कार्य करना है। कार्यपालक अभियंता ने विद्युतीकरण से वंचित क्षेत्र के बारे मे बताया कि जिन क्षेत्र में विद्युतीकरण कार्य नहीं हुआ है, उन क्षेत्रों भी विद्युतीकरण का कार्य बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष फ्रांसिस बिलुंग, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस जमीर अहमद सहित विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

## करेंट लगने से एक व्यक्ति गंभीर, अस्पताल रेफर

**अपने घर में खराब बिजली को बनाने के लिए पोल पर चढ़ा था, जिससे इसी दौरान 11000 वोल्ट बिजली के तार की चपेट में आ गया वह झुलस गया**



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखंड के बेलकूबा टांगरटोली गांव में शनिवार को बिजली करेंट लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई जिसे इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बेलकुबा टांगर टोली निवासी सुरेंद्र सिंह शनिवार की सुबह अपने घर के कुछ दूर में लगे पोल के खंभे में ऊपर चढ़कर खुद से ही अपने घर के खराब हुई बिजली के तार को बना रहे थे, इसी दौरान 11000 वोल्ट बिजली के तार की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया और ऊपर ही बिजली के खंभे में लटक गया। इसके बाद गांव वालों की मदद से उसे खंभे में रस्सी बांधकर इनको नीचे उतरा गया। इनके दोनों हाथ एवं गर्दन में गंभीर रूप से जख्मी हो गया डॉ देबोतोष भुटिया की देखरेख में बोलबा अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर देवतोष भूटिया ने प्रखंड के लोगों से अपील किया कि बिजली से संबंधित किसी भी तरह के कार्य को आप खुद ना करें अगर बिजली से संबंधित किसी प्रकार का कार्य करना हो तो संबंधित विभाग के कर्मी को बुलाकर अप ने घर के बिजली संबंधित कार्य करा सकते हैं।

कुरडेग में सीएस ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ की बैठक, कहा

## स्वास्थ्य सुविधाओं को आसान बनाना हम सभी चिकित्सकों का दायित्व है



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** सीएचसी में शनिवार को सीएस डॉ अजित खलखो ने समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान टीकाकरण उपलब्धि रिपोर्ट, डिलीवरी, डायरिया रोकथाम, विटामिन ए राउण्ड की जानकारी, कुपोषण केन्द्र की जानकारी एवं उपकेन्द्रों में चल रहे अन्य कार्यक्रमों की भी विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीएस ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं आसान बनाना हम सभी चिकित्सकों दायित्व है कि लोगों को आसान हो। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिलीप कुमार बेहरा, डॉ पीके बारीक, डा. अभिनव बिहान,डॉ सुरभि,सभी एएनएम, जीएनएम, सीएचओ एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### चंदवारा ने सतगांवा को 3-0 से हराकर मैच जीता

**कोडरमा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार अंतर्गत जिलास्तरीय 63 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 अंडर-17 बालिका वर्ग का शनिवार को जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया के मैदान में खेला गया। पहला मुकाबला डोमचांच और मरकच्चो के बीच खेला गया। इसमें मरकच्चो की टीम 2-0 से मैच जीत दर्ज किया। दूसरा मुकाबला चंदवारा और सतगांवा के बीच खेला गया। इसमें चंदवारा ने 3-0 से मैच जीता। पहला सेमीफाइनल मरकच्चो और कोडरमा के बीच खेला गया, जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में 6-5 से कोडरमा को हराया।

## समस्या को दूर करने में विफल साबित हो रहे हैं जनप्रतिनिधि : संदेश एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** युवा झापा नेता संदेश एक्का शनिवार को डोमटोली पंचायत का भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक की। संदेश एक्का ने पंचायत के केराबेड़ा स्कूल कॉलोनी, छाचरीडीपा आदि गांव का भ्रमण कर लोगों की समस्या सुनी। मौके पर संदेश एक्का ने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। लेकिन खुद को सरकार का अंग बताने वाले कांग्रेस पार्टी के नेता समस्या को दूर करने के बजाय अपने ही सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने की बात कहते है जो विकास के नाम पर उनके ढोंग को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि सरकार में रहकर विकास का काम कैसे किया जाता है यह उनके पिता एनोस एक्का ने करके दिखाया है। संदेश ने जिले में लगातार आदिवासी बहन बेटियो के साथ हो रहे शोषण और अत्याचार के मामले पर भी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार को नाकाम बताया। संदेश ने कहा कि झापा शुरू से ही आदिवासी मूलवासी के अस्मिता संस्कार, संस्कृति, भाषा, वेश भूषा, खान-पान, नृत्य संगीत आदि की रक्षा करते आ रही है और भविष्य में भी करते रहेगी। उन्होंने विस चुनाव में सहयोग की अपील की। मौके पर जुनूल सुरीन, संदीप बा, संजनु सिंह, विनोद कुल्लू, अशोक ठाकुर, सुशील सुरीन, सुषमा साहू, संदीप दास, सुरेश लुगून, आशीष सिंह, रसेल खलखो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## समाधान

उपायुक्त ने की आकांक्षी जिला संपूर्णता अभियान की समीक्षा, कहा

## स्कूलों में पेयजल व शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करें



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान की तैयारी से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहां कि नीति आयोग नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम का लॉन्च 4 जुलाई से 6 जुलाई 2024 तक किया जाना निर्धारित है। जिसके तहत जिले के आकांक्षी प्रखंड, बांसजोर में 4 जुलाई 2024 को संपूर्णता अभियान कार्यक्रम शुभारंभ किया गया वहां आकांक्षी जिला, सिमडेगा में यह कार्यक्रम 5 जुलाई 2024 को शुभारंभ किया जायेगा। आकांक्षी प्रखंड, बांसजोर एवं आकांक्षी जिला, सिमडेगा में सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आकांक्षी जिला में सम्पूर्णता अभियान उत्सव एवं आकांक्षी प्रखंड में सम्पूर्णता अभियान मेला के नाम पर कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित इंडिकेटर पर 100% सैचुरेशन करना है। आकांक्षी जिला अंतर्गत संपूर्णता अभियान में हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, एग्रीकल्चर एवं एजुकेशन विभिन्न 6 बिंदुओं पर योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए 100% सैचुरेशन करना है। हेल्थ एंड न्यूट्रिशन के अंतर्गत उपायुक्त महोदय ने गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत (एएनसी) रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का ए.एन.सी. रजिस्ट्रेशन कराना की दिशा में समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। एग्रीकल्चर अंतर्गत सॉइल हेल्थ कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन करने के लिए जिला कृषि पदाधिकारी को शत प्रतिशत कृषकों का मृदा जांच करते हुए का उपलब्ध कराने की बात कही। शिक्षा विभाग अंतर्गत स्कूलों में पेयजल शौचालय एवं विद्युत व्यवस्था ससमय बहाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आकांक्षी प्रखंड बांसजोर अंतर्गत संपूर्णता अभियान में हेल्थ न्यूट्रिशन, एग्रीकल्चर एवं सोशल डेवलपमेंट से संबंधित 6 इंडिकेटर पर शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

### लोक अदालत में 35 हजार 639 वादों का निष्पादन

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत सह भूमि एवं राजस्व मामले संबंधी विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल 35 हजार 639 वादों का निष्पादन किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों से कुल एक करोड़ 54 लाख 30 हजार 54 रुपए राजस्व की वसूली की गई। प्रधान जिला जज सह प्राधिकार अध्यक्ष बाल कृष्ण तिवारी के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष गुलाम हैदर ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में लोक अदालत किसी परिचय की मोहताज नहीं है।


## पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए सिमडेगा से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे रांची



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** पांच महीने बाद होटवार जेल से रिहा हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सिमडेगा झामुमो नेता और कार्यकताओं में खुशी की लहर है।वही शनिवार को झामुमो सिमडेगा जिला कमिटी, जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना की अगुवाई में हेमंत सोरेन के साथ मुलाकात करने रांची पहुंची। बड़ी संख्या में जेएमएम समर्थकों ने उनका स्वागत किया और नारे लगाए।उनकी पत्नी और जेएमएम विधायक कल्पना सोरेन ने न्यायपालिका और लोगों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि आज का पल भावुक कर देने वाला है। रांची बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुण्डा के प्रतिमा को माल्यार्पण कर, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने समर्थकों को आभर व्यक्त कर संबोधित करते हुए कहा कि 'मेरे ऊपर झूठे आरोप लगाकर जेल में बंद कर दिया गया।' लोगों की आवाज को कुचलने का काम किया जा रहा है। न्यायालय ने अपना न्याय सुनाया है उनकी वजह से ही में आज बाहर आया हूं। मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव शफीक खान, उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, ओस्कर डांग, कोषाध्यक्ष नोवस केरकेट्टा, संगठन सचिव कल्याण मिंज विपिन कुल्लू, केन्द्रीय सदस्य मो शहीद, सेतेंग तोपनो, फिरोज अली, झा मु मो जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव डांग सहित सैकड़ो की सख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

स्वास्थ्य

## एकै साधे सब सधे !


गिरीश्वर मिश्र

**जीवन** की डोर सांसों से बंधी होती है इसलिए सामान्य व्यवहार में सांस लेना जीवन के पर्याय या लक्षण के रूप में प्रचलित है। सांस अन्दर लेना और बाहर निकालना एक स्वतःचालित स्वैच्छिक शारीरिक क्रिया है जो शरीर में दूसरी प्रक्रियाओं को प्रभावित करती है और हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा असर डालती हैं। योग-विज्ञान में सांस लेना सिर्फ शारीरिक अभ्यास नहीं है। वह आध्यात्मिक विकास की राह भी है और तन-मन से स्वस्थ बने रहने का एक सरल नुस्खा भी है। योग के अंतर्गत प्राणायाम में सांस लेने के विभिन्न तरीकों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी है। योगियों की अनेक उपलब्धियां का आधार सांसों के नियंत्रण में ही छिपा हुआ है। प्राणायाम का अर्थ होता है प्राण का विस्तार और उसकी अभिव्यक्ति। हमारा मन प्राण के साथ वैसे ही जुड़ा रहता है जैसे एक पतंग धागे से जुड़ी रहती है। धागा अच्छी तरह पकड़े रहते हैं या प्राण शक्ति नियंत्रित रहती है तो चंचल मन नियंत्रित और वांछित दिशा में सक्रिय होता है। सांस का विज्ञान प्राण को नियंत्रण में लाता है जिसके फलस्वरूप मन पर साधक का अधिकार स्थापित होता है। वस्तुतः प्राण की ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है और वही शरीर में भी व्यक्त होती है। शरीर में प्राण-शक्ति के अनेक कार्य हैं जिनको ध्यान में रख कर पांच तरह के प्राणों की पहचान की गई है - उदान, प्राण, समान, अपान और व्यान । उदान लेरीनेक्स के ऊपर के भाग में और विशिष्ट इंद्रियों से जुड़ा होता है। प्राण हृदय के आधार से लेकर लेरीनेक्स तक सक्रिय रहता है। यह वाक्शक्ति और श्वसन प्रणाली से जुड़ा है। समान हृदय और नाभि के बीच सक्रिय होता है और पाचन क्रिया से भी जुड़ा है। अपान नाभि के नीचे स्थित रहता है और किडनी तथा मूत्राशय आदि अन्य अंगों को प्रभावित करता है। व्यान पूरे शरीर में व्याप्त रहता है और सभी पेशियों और जोड़ों के संचालन से जुड़ा होता है। प्राण की ऊर्जा बहुत सूक्ष्म होती है जिसे श्वास के सभ्यास से नियंत्रित किया जाता है। श्वांसों पर नियंत्रण के लिए सांस अंदर लेने और बाहर निकालने, उसे रोकने आदि की गति, अवधि, तीव्रता तथा आवृत्ति आदि में बदलाव किया जाता है। वस्तुतः कोई भी रोग हमारी प्राण शक्ति के प्रवाह में असंतुलन का परिणाम होता है। हमारी श्वास-प्रश्वास की प्रक्रिया प्राणिक ऊर्जा का मूल आधार होती है। हम सब एक दिन में लगभग 20,000 बार सांस लेते हैं। सांस को फेफड़े के अन्दर लेते समय हृदय गति बढ़ जाती है और सांस को बाहर निकालते हुए कम हो जाती है। हमारा तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) भी सांस की गति के प्रति संवेदनशील रहता है। हम अच्छी तरह सांस लेये हुए तनाव में कमी और अन्दर से ऊर्जावान महसूस करते हैं। अपने सांस पर ध्यान देकर स्वास्थ और दीर्घायु पा सकते हैं। रोचक बात यह है कि हम अपनी सांस लेने के क्रम को आवश्यकतानुसार बदल भी सकते हैं और अपनी पूरी शरीर-प्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं। सांस का सायास प्रयोग कब शुरू हुआ यह तो मालूम नहीं पर भारत में निश्चय ही इसकी बड़ी पुरानी परम्परा मौजूद रही है। श्रीमद्भगवद्गीता में सांस लेना (पूरक), सांस को छोड़ना (रेचक) और सांस को रोकना (कुंभक) इन तीन प्रक्रियाओं का वर्णन मिलता है। तिबती परम्परा में भी इस पर बल दिया गया है। अनुष्ठान करने में, चिकित्सा में, अध्यात्म और धार्मिक अभ्यास में, ध्यान और शारीरिक कला-कौशल विकसित करने आदि सबमें श्वास-प्रश्वास का महत्त्व पाया गया है। वस्तुतः सांस लेना सिर्फ वायु का भौतिक रूप से गतिशील होना नहीं हैं। इसे ऊर्जा, शक्ति, प्राण, ब्रह्मानंद और आत्मा तक से भी जोड़ा गया है । योग की ज्ञान-परम्परा में प्राणिक ऊर्जा को नियमित करने और सकारात्माक रूप से संचारित करने के लिए प्राणायाम पर बल दिया गया है। चिकित्सा जगत की इसमें बहुत दिनों तक कोई खास रुचि न थी। बीसवीं सदी के मध्य तक आते-आते यह स्पष्ट हुआ कि श्वांस लेने और निकालने के दर (रेट) का स्वास्थ पर सीधा प्रभाव पड़ता है। दमा (अस्थमा) वस्तुतः श्वांस की कमी से जुडा है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी कदम

**फरवरी** 2019 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, देश भर के किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार की गई है; और यह कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने तथा ग्रामीण समुदायों की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण प्रदान करके उनकी आय में वृद्धि करना है ताकि उनकी ग्रामीण आजीविका में सुधार हो सके। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से शुरू की गई पीएम-किसान योजना का उद्देश्य भूमिधारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। तीन बराबर किस्तों में वितरित 6,000 रुपये के वार्षिक लाभ के साथ, यह योजना किसानों को आवश्यक कृषि व्यय पूरा करने और साहूकारों पर निर्भरता से बचाने में मदद करती है। यह वित्तीय सहायता परिवर्तनकारी सिद्ध हुई है, जिससे किसान उपकरण, बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि इनपुट में निवेश करने में सक्षम हुए हैं और फसल की पैदावार, कृषि उत्पादकता एवं स्थिरता में वृद्धि हुई है। पीएम-किसान योजना प्रारंभ होने के बाद से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.02 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया गया है, जो इस योजना के तहत 16वीं किस्त के माध्यम से भारतीय कृषि में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसके अलावा, हाल ही में 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे कुल वितरण 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इस योजना का आर्थिक प्रभाव और पहुंच गहरी रही है। अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) के एक अध्ययन में पाया गया कि उत्तर प्रदेश में पीएम-किसान लाभार्थियों को बिना किसी लीकेज के पूरी राशि प्राप्त हुई, जिससे कृषि में निवेश करने की उनकी क्षमता में काफी सुधार हुआ। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता से न केवल किसानों की वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय बाजारों और सेवाओं को भी गति मिली है। पीएम-किसान योजना सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रभावी एकीकरण के कारण सबसे अलग है। इस योजना में किसानों के बैंक खातों में सीधे, पारदर्शी और समय पर धन वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) तंत्र का उपयोग किया जाता है। आधार, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के साथ एकीकरण द्वारा सुगम यह विधि धोखाधड़ी के जोखिम को कम करती है और यह सुनिश्चित करती है कि इसका लाभ इच्छित प्राप्तकर्ताओं तक पहुंच सके। इस योजना के लिए विशेष रूप से शुरू किया गया पीएम-किसान पोर्टल लाभार्थियों को वैधीकृत करने के लिए विभिन्न डेटा बिंदुओं को एकीकृत करता है, जिससे पात्र किसानों को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित हो पाता है। इसके अतिरिक्त, आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य हो गया है, जिससे पारदर्शिता और दक्षता में अतिरिक्त वृद्धि हुई है। लाभार्थियों की सहायता के लिए, पीएम-किसान योजना में अनेक अभिनव सहायता पहल शामिल हैं। समर्पित वेब पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन और एसएमएस अलर्ट किसानों को अपनी स्थिति को ट्रैक करने, ई-केवाईसी पूरा करने और उनकी शिकायतों को दूर करने में सक्षम बनाते हैं। 'अपनी स्थिति जानें' (केवाईएस) मॉड्यूल किसानों को एक क्लिक पर उनके पंजीकरण और लाभ की स्थिति का व्यापक अवलोकन प्रदान करता है। इसने किसानों को रियल टाइम जानकारी प्रदान करके सशक्त बनाया है और बिचौलियों पर उनकी निर्भरता कम कर दी है। इसके अलावा, एआई-संचालित चैटबॉट किसान ई-मित्र की शुरूआत ने किसानों के लिए सहायता में क्रांतिकारी बदलाव किया है, जो 11 भाषाओं में रियल टाइम सहायता प्रदान करता है। यह सेवा, 5 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और भारतीय डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी) के साथ मिलकर, योजना से संबंधित सेवाओं को किसानों के दरवाजे तक पहुंचाती है, जिससे समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित होती है।

**अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) के एक अध्ययन में पाया गया कि उत्तर प्रदेश में पीएम-किसान लाभार्थियों को बिना किसी लीकेज के पूरी राशि प्राप्त हुई, जिससे कृषि में निवेश करने की उनकी क्षमता में काफी सुधार हुआ। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता से न केवल किसानों की वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय बाजारों और सेवाओं को भी गति मिली है। पीएम-किसान योजना सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रभावी एकीकरण के कारण सबसे अलग है। इस योजना में किसानों के बैंक खातों में सीधे, पारदर्शी और समय पर धन वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) तंत्र का उपयोग किया जाता है।**

**आगे की राह :** भारत सरकार पीएम-किसान योजना को परिष्कृत और विस्तारित करने का काम जारी रखे हुए है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंग के रूप में, इस राष्ट्रव्यापी अभियान का लक्ष्य सभी पात्र किसानों को शामिल करना है, जिसमें 1 करोड़ से अधिक अतिरिक्त किसान पहले ही लाभान्वित हो चुके हैं। किसान कॉल सेंटर और फील्ड सर्वेक्षणों के माध्यम से निरंतर फीडबैक यह सुनिश्चित करता है कि यह योजना अपने लाभार्थियों की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए विकसित हो सके। इस योजना का मजबूत शिकायत निवारण तंत्र, जिसकी समाधान दर लगभग 99% है, किसानों की समस्याओं का त्वरित निपटान करने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गांव-स्तर के नोडल अधिकारी जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिससे योजना की पहुंच और प्रभावशीलता में वृद्धि हो रही है। जैसे-जैसे पीएम-किसान अपने अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है कि हर पात्र किसान को इस योजना का लाभ मिल सके। वित्तीय सहायता, तकनीकी एकीकरण और निरंतर नवाचार के मिश्रण के साथ, पीएम-किसान भारत की कृषि और ग्रामीण विकास कार्यनीति का एक प्रमुख आधार बना रहेगा, जो एक आत्मनिर्भर और समृद्ध कृषक समुदाय को बढ़ावा देगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पर भारत सरकार की पहल के साथ पीएम-किसान को जोड़ने से इस योजना के वितरण को और मजबूती मिलेगी।

**■ डॉ. एमएल जाट**
**निदेशक, ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम ऑन रेसिलिएंट फार्म एंड फूड सिस्टम्स**
**इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (इक्रीसैट), हैदराबाद**
**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# मोदी सरकार के लिए विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं


योगेंद्र योगी

**पिछले** कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आई भाजपा गठबंधन सरकार के लिए इस बार विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष के कारण केंद्र सरकार को अपना रवैया पिछले कार्यकाल की तुलना में नरम रखना होगा। इसका प्रमाण भी लोकसभा में मिल गया। विपक्ष ने जिस तरह के तेवरों से आगाज किया है, सत्तारुढ़ दल उस तरह प्रतिरोध नहीं कर पाया जिस तरह पहले और दूसरे कार्यकाल में किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पिछले कार्यकाल की तुलना में इस बार की शुरूआत सामंजस्य बिठाने से की है। पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। सदन में कई दिनों तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों को निलंबित कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर की वीभत्स घटनाओं और लगातार होती हिंसा के बावजूद सार्वजनिक बयान देने से कतरा रहे हैं। पीएम मोदी ने मणिपुर की घटना का लोकसभा और सार्वजनिक मंचों का जिक्र तक नहीं किया। इस बार भाजपा गठबंधन सरकार का ऐसी स्थितियों से बचना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष की घेराबंदी से सरकार को ऐसे सार्वजनिक मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का भारी दवाब होगा। लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर और भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब द्वारा 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाए जाने के दौरान एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने के बाद नारा लगाया- जय भीम, जय तेलंगाना और फिर जय फलिस्तीन कहा। फिर उन्होंने अल्लाह-ओ-अकबर के भी नारे लगाए। इस पर भाजपा के कई सदस्यों ने आपत्ति जाहिर की। उन्होंने विरोध दर्ज करवाया। इस पर प्रोटेम स्पीकर ने कहा कि अगर ओवैसी ने कोई आपत्तिजनक बात कही है उसे कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। ओवैसी हैदराबाद से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। वह पांचवी बार सांसद बने हैं। विवाद के बाद ओवैसी ने सफाई दी और कहा कि फिलीस्तीन बोलना संविधान के खिलाफ कैसे है। भाजपा सांसद जी किशन रेड्डी का काम ही विरोध करना है। भाजपा के पिछले कार्यकाल के दौरान यदि ओवैसी इस तरह शपथ लेते तो निश्चित तौर पर उन्हें भाजपा सांसदों का भारी विरोध सहना पड़ता, जोकि इस बार इस बार साामन्य नजर आया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता दे दी। राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नौ जून, 2024 से प्रभावी रहेगा। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेजकर कांग्रेस के इस फैसले के बारे में उन्हें अवगत कराया था कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उनके लिए यह अधिकारों की लड़ाई लड़ने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता सिर्फ एक पद नहीं है, यह आपकी आवाज बनकर आपके हितों और अधिकारों की लड़ाई लड़ने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। लोकसभा के पिछले कार्यकाल में कांग्रेस की लगातार मांग के बावजूद संख्या बल का हवाला देते हुए मोदी सरकार ने नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति नहीं की थी। १७ वीं लोकसभा में पर्याप्त संख्या बल नहीं होने पर लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद रिक्त रहा। नेता प्रतिपक्ष की सदन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका और संवैधानिक अधिकार होते हैं। इनमे कटौती करना सत्तारुढ़ दल के लिए संभव नहीं है। यह एक सम्मानीय पद है। राहुल गांधी के लिए भाजपा जिस तरह का वक्तव्य हर वक्त इस्तेमाल करती रही है, वह अब संभव नहीं होगा। नेता प्रतिपक्ष की हैसीयत सत्तारुढ़ दल के नेता से कम नहीं होती। राहुल गांधी सदन में विपक्ष की आवाज उठाते हुए नजर आने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों ने बहुत कुछ बदलकर रख दिया है। राहुल गांधी के तौर पर पूरे दस सालों बाद सदन के भीतर विपक्ष को अपना सेनापति मिला है। 2014 में सत्ता से बेदखल होने के बाद कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है, क्योंकि पिछले दस सालों से पार्टी के पास इस पद को पाने के लिए जरूरी 54 सीटें तक नहीं थीं।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पिछले कार्यकाल की तुलना में इस बार की शुरूआत सामंजस्य बिठाने से की है। पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। सदन में कई दिनों तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों को निलंबित कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर की वीभत्स घटनाओं और लगातार होती हिंसा के बावजूद सार्वजनिक बयान देने से कतरा रहे हैं।**

अर्थव्यवस्था

## आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन का किया जाता रहा है अनुपालन


प्रह्लाद सबनानी

**पिछले** कुछ वर्ष से निगमित अभिशासन को विभिन्न बैंकों एवं कम्पनियों में लागू करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी इस सम्बंध में विस्तार से दिशा-निर्देश जारी किए हैं एवं इन्हें सहकारी क्षेत्र के बैंकों में लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्त होने के पश्चात अमेरिका में लागू की गई पूंजीवाद की नीतियों के चलते कम्पनियों को अमेरिकी सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करने की खुली छूट दी गई थी ताकि अमेरिकी में बिलिनायर नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ाई जा सके और अमेरिका एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाए। अमेरिका एवं अन्य देशों में व्यापार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अमेरिका में आर्थिक नियमों में भारी छूट दी गई थी। इस छूट का लाभ उठाते हुए कई अमेरिकी कम्पनियों ने अन्य देशों में भी अपने व्यापार का विस्तार करते हुए अपनी कई कम्पनियां इन देशों में स्थापित की और बाद में उन्हें बहुराष्ट्रीय कम्पनियां कहा गया। अमेरिका में स्थापित कम्पनियां दूसरे देशों में स्थापित अपनी सहायक कम्पनियों की अमेरिका में बैठकर देखभाल तो कर नहीं सकती थीं। अतः उन्होंने अन्य देशों में स्थापित कम्पनियों के बोर्ड में अपने प्रतिनिधि, निदेशक के तौर पर भर्ती किए। इस बोर्ड को चलाने के साथ ही इन देशों में इन कम्पनियों द्वारा व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से इस सम्बंध में नियमों की रचना की गई, जिन्हें बाद में निगमित अभिशासन का नाम दिया गया। वर्ष 1970 के आसपास अमेरिका में एवं अन्य यूरोपीयन देशों में निगमित अभिशासन के सम्बंध में बहुत शोध कार्य सम्पन्न हुआ एवं निगमित अभिशासन के कई मॉडल एवं सिद्धांत विकसित हुए, जिन्हें भारत में भी लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि भारत में तो प्राचीन काल से ही आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन सम्बंधी नियमों का अनुपालन किया जाता रहा है। सनातन संस्कृति में कर्म एवं अर्थ को धर्म से जोड़ा गया है। अतः प्राचीन भारत में धर्म का पालन करते हुए ही आर्थिक गतिविधियां सम्पन्न होती रही हैं। इस प्रकार, आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन तो व्यापार में उपयोग होता ही रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतने बड़े स्तर पर होने वाले व्यापार में अभिशासन की नीतियों का अनुपालन तो निश्चित रूप से होता ही होगा। परंतु, पश्चिमी देश निगमित अभिशासन को एक नई खोज बता रहे हैं। प्राचीन काल में भारत में आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन के अनुपालन का स्तर बहुत उच्च था। एक घटना के माध्यम से इसे सिद्ध भी किया जा सकता है। एक किसान ने एक अन्य किसान से जमीन के टुकड़ा खरीदा। उस किसान ने जब जमीन में खुदाई शुरू की तो उसे खुदाई के दौरान उस जमीन में सोने के सिक्कों से भरा एक घड़ा मिला। इस घड़े को लेकर वह किसान जमीन के विक्रेता किसान के पास पहुंचा और बोला आपसे जो जमीन का टुकड़ा मैंने खरीदा था उसमें सोने के सिक्कों से भरा यह घड़ा मिला है, मैंने तो चूंकि आपसे केवल जमीन खरीदी है, अतः इस घड़े पर आपका अधिकार है। विक्रेता किसान ने उस घड़े को लेने से इसलिए इंकार कर दिया कि क्योंकि अब तो वह जमीन मैं आपको बेच चुका हूं अतः अब जो भी वस्तु अथवा पदार्थ इस जमीन से प्राप्त होता है उस पर जमीन के क्रेता अर्थात केवल आपका अधिकार है। दोनों किसानों के बीच जब किसी प्रकार की सुलह नहीं हो सकी तो वे दोनों किसान राजा के महल में अपनी समस्या का हल ढूंढने के लिए पहुंचे। जब वहां भी इस समस्या का हल नहीं निकल सका तो दोनों किसानों ने राजा से प्रार्थना की कि सोने के सिक्कों से भरे इस घड़े को राज्य के खजाने में जमा कर दिया जाए। राजा ने भी उस घड़े को राज्य के खजाने में जमा करने से इंकार कर दिया क्योंकि राज्य के खजाने में तो अभिशासन सम्बंधी नियमों के अनुपालन के अनुसार ही प्राप्त धन को जमा किया जा सकता है और अभिशासन सम्बंधी नियमों में इस प्रकार से प्राप्त धन को खजाने में जमा करने का वर्णन ही नहीं है। इस उच्च स्तर की अभिशासन प्रणाली प्राचीन भारत में लागू थी।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# संथाल हूल शोषण मुक्त समाज के लिए लड़ी गयी एक बड़ी लड़ाई थी


डॉ. कोरनेलियुस मिंज



**भारतीय** इतिहास में 8 अगस्त 1942 का जो महत्त्व है वहीं महत्व 30 जून 1855 ई का भी है। 8 अगस्त 1942 ई को अखिल भारतीय कांग्रेस की एक सभा बम्बई में हुई थी। इस सभा में एक प्रस्ताव परित किया गया था, जिसके द्वारा अंग्रेजों से आग्रह किया गया था कि वे भारत छोड़ कर चले जायें। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने इस सभा में 30 मिनट तक भाषण देते हुए करो या मरो का मंत्र दिया था। ठीक इसी प्रकार का संकल्प तत्कालीन बिहार राज्य के संथाल प्रगना जिला के राजमहल क्षेत्र के भोगनाडीह गाँव में 30 जून 1855 ई को 10 हजार संथालों के बीच संथाल नेता सिद्धों, कान्हू ने परित किया था। उन्होंने अपने प्रस्ताव के द्वारा यह घोषित किया कि अंग्रेजी हुकूमत उनकी भूमि छोड़ दे। 15 दिन के भीतर अंग्रेज संथालों की भूमि से हट जायें और शांतिपूर्ण तरीके से संथालों को अपनी जमीन पर राज करने दे। सिद्धू कान्हू ने अंग्रेजों को अपनी जमीन से भगाने के लिए अपने साथियों को करो या मरो का महामंत्र दिया। संथाल विद्रोह महाजनों के अत्याचार के खिलाफ उठा था। उग्र संथाल चाहते थे कि अंग्रेजों के सहायक महाजनों को खत्म किया जाये। उनके शोषण, अत्याचार से हमेशा के लिए मुक्ति मिले। इस मुक्ति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए चुन्नी माझी के चार साहसी पुत्र - सिद्धू, कान्हू, चाँद और भैरव कूद पड़ें। इनका साथ बहन फूलो और झानों ने भी दिया। इन वीर सपूतों को न सिर्फ संथालों का सहयोग प्राप्त हुआ बल्कि सभी वर्गों का समर्थन मिला। सिद्धू के व्यक्तित्व में एक जादू था। उनके व्यक्तित्व से सभी वर्ग के लोग प्रभावित थे। संथाल विद्रोह को सफल बनाने के लिए लोहारों ने उन्हें कुठारी, टांगी एवं लोहे के अस्त्र-शस्त्र बना कर दिया था तो वहीं चमार जाति के लोगों ने उन्हें बड़े-बड़े नगाड़े बनाकर दिया था। यही कारण है कि भागलपुर कमिशनर ने 28 जुलाई 1855 ई को अपने एक पत्र में स्वीकार किया था कि संथाल विद्रोह में लोहार, चमार, ग्वाला, तेली आदि जाति के लोगों का सहयोग सिद्धू को प्राप्त है। शाल की टहनी के माध्यम से पूरे संथाल प्रगना के लोगों को एकत्र होने का संदेश दिया गया। 30 जून 1855 ई को भोगनाडीह में 10 हजार संथाल आये। सभी ने सिद्धू को अपना राजा घोषित किया और संथाल राज्य की स्थापना का संकल्प लिया। विद्रोह में कान्हू को सिद्धू का सलाहकार, चाँद को प्रशासक और भैरव को संथाल राज्य का सेनापति बनाया गया। संथालों ने सभा में एक साथ हुंकार भरते हुए नारा दिया - जमीनदार, महाजन, पुलिस और सरकार के कर्मचारियों का नाश हो। संथालों ने निश्चय किया कि वे सरकारी हुकुम को नहीं मानेंगे न ही सरकार को टैक्स देंगे। संथाल विद्रोह का ही परिणाम कहीं-कहीं 1857 का सिपाही विद्रोह के रूप में सामने आया। स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी सिद्धू कान्हू के नेतृत्व में जो स्वतंत्रता संग्राम हुआ, उसे ही अंग्रेजों ने संथाल विद्रोह कहा। कार्ल मार्क्स ने अपनी पुस्तक नोट्स ऑफ इंडिया हिस्ट्री में संथाल विद्रोह का उल्लेख करते हुए इसे भारत की प्रथम जन-क्रांति कहा। यह सत्य है कि संथाल विद्रोह भारत में पहला जन-क्रांति था। संथाल विद्रोह में जनता के उपर क्रांति थोपी नहीं गयी थी बल्कि जनता स्वयं क्रांति करने के लिए उत्तेजित थी। विद्रोह में महिलाओं ने पुरूषों का पूरा-पूरा साथ दिया। संथाल विद्रोह ने अंग्रेजी हुकूमत को हिला कर रख दिया। इस विद्रोह में 10 हजार लोग मारे गये। अंग्रेजों ने सिद्धू,कान्हू को फांसी की सजा दी। सिद्धू, के बाद विद्रोह का मोर्चा चांद, भैरव ने संभाला। बाद में उन्हें भी अंग्रेजों ने मार दिया। संथाल हूल का दायरा बहुत बड़ा था। यह वीरभूम से लेकर भागलपुर तक फैला हुआ था। इस हूल की प्रकृति पूर्व के आदिवासी विद्रोहों से भिन्न थी। यह जनता के बीच के आम योद्धाओं के द्वारा खड़ा किया गया लड़ाई था और जनता की नजर में पूरी तरह विश्वसनीय और प्रासंगिक था। इस जन विद्रोह को देखकर अंग्रेजी हुकूत समझ गयी थी कि यदि देश की मुख्यधारा का समाज संथालों के साथ हो गया तो उनके लिए 1855 ई में ही भारत छोड़ने की नौबत आ जायगी। सथाल हूल के परिणाम स्वरूप दामन-ए-कोह को भागलपुर व वीरभूम से अलग कर नया जिला संथाल परगना बनाया गया। संथाल परगना जिले के प्रथम डिप्टी कमिश्नर एशली इडेन नियुक्त किये गये और इस जिले का प्रशासन अंग्रेजों ने विशेष कानून बनाकर किया। संथाल हूल ने यह सीख दिया कि जनता के संघर्ष में किसी प्रकार का आत्मसर्मपर्ण और समझौता नहीं होता है। वह समस्या के समाधान तक या कुर्बानी देने तक अपनी पूरी ताकत से चलता है। यह एक जन आंदोलन का रूप था और इसका जन आंदोलन वाला रूप अंत तक बना रहा। संथाल हूल ने कई विद्रोंहों का रास्ता तैयार किया। बिरसा मुण्डा के उलगुलान के लिए भी इसने प्रेरणा का काम किया। संथाल हूल एक जन-क्रांति के रूप में हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज है।

**(सहायक प्राध्यापक बिरसा कॉलेज खूँटी)**

**सिद्धू कान्हू ने अंग्रेजों को अपनी जमीन से भगाने के लिए अपने साथियों को करो या मरो का महामंत्र दिया। संथाल विद्रोह महाजनों के अत्याचार के खिलाफ उठा था। उग्र संथाल चाहते थे कि अंग्रेजों के सहायक महाजनों को खत्म किया जाये। उनके शोषण, अत्याचार से हमेशा के लिए मुक्ति मिले। इस मुक्ति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए चुन्नी माझी के चार साहसी पुत्र - सिद्धू, कान्हू, चाँद और भैरव कूद पड़ें। इनका साथ बहन फूलो और झानों ने भी दिया। इन वीर सपूतों को न सिर्फ संथालों का सहयोग प्राप्त हुआ बल्कि सभी वर्गों का समर्थन मिला। सिद्धू के व्यक्तित्व में एक जादू था। उनके व्यक्तित्व से सभी वर्ग के लोग प्रभावित थे।**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सीएम तीर्थ दर्शन योजना के तहत विभिन्न धर्मावलंबियों को कराया जायेगा तीर्थ दर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को जुलाई में तीर्थ दर्शन कराया जायेगा। इसमें ईसाई धर्मावलंबियों को गोवा, हिन्दू धर्मावलंबियों को द्वारिका-सोमनाथ और मुस्लिम धर्मावलंबियों को अजमेर शरीफ-आगरा-फतेहपुर सिकरी तीर्थ दर्शन कराया जाएगा। गरीब वरिष्ठ नागरिक श्रेणी के 88 लाभुकों को योजना का लाभ मिलेगा। झारखंड गजट (साधारण) 21 सितम्बर 2016 के अनुसार तीर्थयात्री की उम्र 60 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।वह झारखंड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए। तीर्थयात्री बीपीएल श्रेणी के अन्तर्गत आना



चाहिए (करदाता नहीं होना चाहिए) तीर्थयात्री द्वारा पहले इस प्रकार का तीर्थदर्शन योजना का लाभ नहीं लिया गया हो। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लाभार्थियों (स्वयं, पति,पत्नि एवं परिवार के सदस्यों) के सहयोग के लिए एक पारिवारिक सदस्य सहयात्री के रूप में उनके साथ जा सकते हैं. इस क्रम में अपने सहयात्री का आवेदन, अपने आवेदन के साथ जमा करना होगा। तीर्थयात्रा शुरू करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। किसी तरह का संक्रामक रोग (यथा, टीबी, सांस लेने में कठिनाई, हृदय रोग, कुष्ठ रोग आदि) से पीड़ित नहीं होना चाहिए। मूल चिकित्सा प्रमाण-पत्र जिसमें यात्रा प्रमाणपत्र के लिए सर्टिफिकेट होना चाहिए। आवेदन पत्र में एक फोटो चिपकाया हुआ एवं एक संलग्न होना चाहिए। निवास प्रमाण-पत्र के रूप में आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, बिजली बिल, मतदाता पहचान पत्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी एक प्रमाण पत्र को निवास प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार किया जायेगा। यदि गरीब वरिष्ठ नागरिकगण एक साथ समूह में आवेदन जमा करते है, तो चयन के लिए पूरे समूह के आवेदन को एक आवेदन माना जायेगा। एक समूह में अटेंडेंट सहित अधिकतम सदस्यों की संख्या 25 होगी, इससे अधिक मान्य नहीं होगा। तीर्थ यात्रियों का चयन संबंधित जिला स्तरीय प्रबंधन समिति द्वारा किया जायेगा। सबसे पहले सभी आवेदन क्रम में बांट लिया जायेगा। तीर्थ यात्रियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। यदि तीर्थ यात्रियों की संख्या निर्धारित अंश से अधिक बढ़ जाती है तो इसके अतिरिक्त एक प्रक्रिया सूची (निर्धारित अंश की 10 प्रतिशत) भी तैयार की जायेगी। राज्य एवं जिला के कुल यात्रियों की संख्या झारखंड पर्यटन विकास निगम द्वारा सूचित किया जायेगा। इस आयोजन में चयनित आवेदनों की कुल संख्या किसी भी तीर्थ यात्रा के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता के कम होने पर झारखंड पर्यटन निगम अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए पैकेज को रद्द भी कर सकता है।

## एक नजर

### हूल दिवस पर सिद्धू-कान्हू को श्रद्धांजलि देगी आजसू

**रांची।** हूल दिवस पर रविवार को आजसू पार्टी सिद्धू-कान्हू पार्क, रांची स्थित शहीद सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा पर प्रातः दस बजे माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आजसू पार्टी केंद्रीय समिति, रांची जिला समिति, रांची जिला महिला समिति, रांची महानगर समिति, रांची महानगर महिला समिति, युवा आजसू, आजसू छात्र संघ, आजसू बुद्धिजीवी मंच तथा अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### टेंडर घोटाला मामले के संजीव लाल की बेल पर अगली सुनवाई छह को

**रांची।** टेंडर घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की जमानत याचिका पर शनिवार को धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में जवाब दाखिल करने के लिए ईडी ने कोर्ट से समय की मांग की। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने ईडी को समय देते हुए अगली सुनवाई की तिथि छह जुलाई निर्धारित की है। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए छह मई को कई स्थानों पर छापेमारी की थी।

### विशेष लोक अदालत में 1.41 लाख से अधिक मामलों का निपटारा

**रांची।** सिविल कोर्ट के साथ जिले के अंचल कार्यालयों, सीसीएल में भूमि और राजस्व संबंधित मामले को लेकर आयोजित विशेष लोक अदालत में शनिवार को एक लाख 41 हजार 559 वादों का निपटारा किया गया। इसमें दाखिल खारिज के 23,499 मामले भी शामिल है। साथ ही मौके पर 45 करोड़ 91 लाख 70 हजार 121 रुपए का सेटलमेंट हुआ। मामलों के निष्पादन के लिए 13 बेंचों का गठन किया गया था। इसमें दो बेंच न्यायिक पदाधिकारियों का और 11 बेंच कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए बनाया गया था। इसमें भूमि और राजस्व, भूमि अधिग्रहण, विस्थापन, मुआवजा एवं इससे संबंधित अन्य मामलों के त्वरित निष्पादन किया गया।

### मासिक लोक आदालत में 12 मामलों का हुआ निष्पादन

**खूंटी।** खूंटी के प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष संजय कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय खूंटी में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। मासिक लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए चार बैंचों का गठन न्यायालय में लंबित मामलों और प्रीलिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले एनआई एक्ट के मामले और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किए गए। डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि लोक अदालत में चार बैंचों के माध्यम से 12 मामलों का निष्पादन किया गया।

### राज्य के प्रमुख आदिवासी नेताओं से असम के मुख्यमंत्री मिले

# विधानसभा चुनाव झारखंड की दिशा और दिशा तय करेगा : हिमंता विस्वा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव झारखंड की दशा और दिशा तय करेगा। झारखंड निर्णायक मोड़ पर है। राज्य की जनता लूट, भ्रष्टाचार और वादा खिलाफी से निजात चाहती है। जनता सुशासन और विकास के लिए समय का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव में घोषणा पत्र समिति और आरोप पत्र समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हिमंता ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र जनता का संकल्प पत्र होगा। पार्टी जनसंपर्क और संवाद के माध्यम से सर्व समावेशी, सर्व स्पर्शी और विकासोन्मुख घोषण पत्र तैयार करे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आरोपों से घिरी सरकार है। समाज का हर वर्ग इस निकम्मी और भ्रष्ट सरकार से ऊब चुका है। हमें इनकी एक-एक नाकामियों को



उजागर करते हुए आरोप पत्र तैयार करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। हिमंता विस्वा सरमा ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित घोषणा पत्र समिति, आरोप पत्र समिति, टॉकिंग पॉइंट्स समिति की संयुक्त बैठक के अलावा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने जनजाति समाज से जुड़े पार्टी के नेताओं से उनके आवास पर जाकर आत्मीय मुलाकात की। कुशल क्षेम जाना एवं राज्य की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर चर्चा की।

बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री संजय सेठ, समीर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, सांसद बीडी राम, सीपी सिंह, विरंचि नारायण, अनंत ओझा, केदार हाजरा, नवीन जायसवाल, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, गीता कोड़ा, शशांक राज, रविनाथ किशोर, आरती सिंह सहित युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जनता भाजपा को उम्मीद भरी नजरों से देख रही : बाबूलाल



**बैठक** को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता की आशा और उम्मीद भाजपा से जुड़ी है। ठगबंधन सरकार ने राज्य की जनता के लिए एक भी भलाई के काम नहीं किए। यह सरकार साढ़े चार वर्षों केवल राज्य को लूटने में जुटी रही। तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति ने राज्य की डेमोग्राफी को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि जनता उम्मीद भरी नजरों से भाजपा की ओर देख रही है है। भाजपा ने राज्य बनाया है। भाजपा राज्य को लुटते और बर्बाद होते नहीं देख सकती। हमें जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि ठगबंधन सरकार आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला, युवा विरोधी सरकार है। जनता को इस सरकार से निजात दिलानी है। हिमंता विस्वा सरमा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, दुमका लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी रहीं सीता सोरेन, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. अरुण उरांव के घर पहुंचे। उन्होंने नेताओं के आवास पर ही जलपान और भोजन किया।

## तीन नए आपराधिक कानूनों पर न्यायिक अधिकारियों ने की गहन चर्चा

*न्यायिक पदाधिकारियों ने गहन मंथन किया और उक्त विषय पर अपने-अपने मंतव्य देकर एक-दूसरे से जानकारी साझा की*



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** देश में एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) लागू होने वाले हैं। रांची के जज कॉलोनी स्थित मल्टी पर्पस हॉल में झारखंड न्यायिक अकादमी के दिशा-निर्देश पर शनिवार को बैठक कर इन तीनों आपराधिक कानून पर गहन चर्चा की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने की। बैठक में उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारियों को 10 अलग-अलग समूहों में बांटा गया था और सभी को नये कानून से संबंधित एक-एक खंड दिया गया था। इस पर न्यायिक पदाधिकारियों ने गहन मंथन किया और उक्त विषय पर अपने-अपने मंतव्य देकर एक-दूसरे से जानकारी साझा की। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय के दो महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी चर्चा की गयी, जिनमें टरसेम लाल बनाम डायरेक्टोरेट इंफोरर्समेंट और जलंधर जोनल ऑफिसर और बाबू साहेबागौड़ा बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटक है। अभियुक्तों के कोर्ट में बेल एवं उनकी उपस्थिति से संबंधित प्रावधानों पर चर्चा की गयी। न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने भी न्यायिक पदाधिकारियों को नये आपराधिक कानून के बदले हुए प्रवधानों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान रांची सिविल कोर्ट के सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ-साथ विधि के छात्र-छात्राएं और न्यायालयकर्मी उपस्थित थे।

### आजसू के हल्ला बोल कार्यक्रम का चौथा दिन

# हर योजना में गड़बड़ी, नौकरशाहों और सरकार की मनमानी चरम पर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी ने सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी और सत्ता व्यवस्था में मनमानी के खिलाफ चौथे दिन शनिवार को भी हल्ला बोल कार्यक्रम जारी रखा। अलग-अलग जगहों पर कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की और पब्लिक के काम को लेकर सरकार का ध्यान खींचा। आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रखंड और अंचल कार्यालयों में नौकरशाही-बिचौलिया गठजोड़ के चलते आम आदमी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अफसरों ने हर काम के लिए रेट फिक्स कर रखा है। अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है और यह योजना बाबूगीरी की भेंट चढ़ रही है। छात्रों को जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अफसरों तथा




कर्मचारियों के सामने चिरौरी करनी पड़ती है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा की तमाम योजनाओं में अनियमितता व्याप्त है। न समय पर राशन मिलता है और न ही जरूरतमंदों को पेंशन। सरकार की किसी भी योजना पर पकड़ नहीं है और सब कुछ झूठे वादे और कोरी घोषणाएं साबित हो रहे हैं। आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो सरकार लोगों को पीने का पानी तक मुहैया कराने में विफल है, वह झारखंड का हितैषी होने के दावे करती रही है। लूट और करप्शन का पैसी नीचे से ऊपर तक बंट रहा है और आम आदमी अपने हक अधिकार के लिए पिस रहा है।

हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत देवघर जिले के प्रखंड मनोहरपुर, प. सिंहभूम के प्रखंड खुटपानी, गुमला जिले के प्रखंड चैनपुर, धनबाद जिले के प्रखंड बलियापुर समेत कई प्रखंडों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा।

# रेलगाड़ियों में दिखेंगी जनकल्याणकारी योजनाएं, एजेंसियों से मांगा गया आवेदन

*राज्य सरकार को उम्मीद है कि देशभर में चलने वाली प्रमुख ट्रेनों की मदद से अपनी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना लाभदायक होगा*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ट्रेनों के माध्यम से अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाएगी। सरकार ने भारत के प्रमुख ट्रेनों के अंदर एवं बाहर योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रचार करने की योजना तय की है। इसके लिए उसने पहल भी कर दी है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने इस काम के लिए योग्य एजेंसियों से निर्धारित फॉर्मेट में पांच जुलाई की दोपहर तीन बजे तक आवेदन मंगाए हैं। सभी प्राप्त आवेदनों को इसी दिन खोला भी जाएगा। वैसे




पिछले वर्ष अगस्त 2023 से ही इस तरह की पहल सीमित स्तर पर की जा चुकी है। राज्य सरकार को उम्मीद है कि देशभर में चलने वाली प्रमुख ट्रेनों की मदद से अपनी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना लाभदायक होगा। अपने राज्य के ऐसे लोग जो दूसरे राज्यों में हैं, उन तक सूचनाएं पहुंचेंगी तो वे राज्य वापस लौटकर लाभार्थी बनने का भी प्रयास करेंगे। देशभर में झारखंड की और बेहतर छवि बनाने में भी इस प्रयास का लाभ मिलेगा। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में भी राज्य सरकारें ट्रेनों की मदद से अपनी योजनाओं, उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करवा रही हैं।

तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद ट्रेन के माध्यम से सरकार प्रवासी श्रमिकों के अधिकार एवं कल्याणार्थ योजना का प्रचार-प्रसार का काम शुरू भी कर दिया गया था। खासकर मुंबई, दिल्ली, केरल, बेंगलुरु और जम्मू जाने वाली ट्रेन के जरिए प्रचार-प्रसार का काम होने लगा था। इस रूट में जाने वाली ट्रेनों के जनरल और स्लीपर बोगी के बाहरी और भीतरी हिस्से में श्रमिकों के अधिकार और उन्हें जागरूक करने से सम्बन्धित जानकारी साझा की जाने लगी थी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था कि प्रवासी मजदूरों के अधिकारों एवं उनके लिए बने योजना का व्यापक प्रचार- प्रसार श्रमिकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले ट्रेन के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाए। इसके बाद से हटिया लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हटिया से आनंद विहार स्वर्णजयंती एक्सप्रेस, हटिया एसएमवीबी एक्सप्रेस, धनबाद एलेपी एक्सप्रेस और संबलपुर से जम्मूतवी एक्सप्रेस के जनरल और स्लीपर कोच में श्रमिकों के अधिकार और जागरुकता से संबंधित प्रचार-प्रसार पोस्टर के जरिए किया जा रहा था।

### मार्शल, सहायक मार्शल व सुरक्षा कर्मियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विधायी शोध संदर्भ एवं प्रशिक्षण कोषांग की ओर से शनिवार को झारखड विस सचिवालय के मार्शल, सहायक मार्शल एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुरक्षा संवर्ग कर्मियों के कार्य एवं दायित्व विषय पर झारखंड विस के मार्शल एवं सहायक मार्शल तथा सुरक्षा संवर्ग के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने के लिए संसाधन पुरुष के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा से मार्शल, कैप्टन मनीष चंद्र राय एवं बिहार विस से प्रधान मार्शल उत्पल तथा झारखंड विस के सेवानिवृत्त संयुक्त सचिव उदयभान सिंह सम्मिलित हुए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आज दो पालियों में आयोजित किया गया। झारखंड विस सचिवालय की ओर से प्रशिक्षणार्थियों के अतिरिक्त झारखंड विस के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर, उप सचिव रजी बंटी एवं अवर सचिव रवि शंकर प्रसाद कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम से मिले पोटका विधायक, क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण का किया आग्रह



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को बूटी रोड, मोरहाबादी रांची स्थित आवास में पोटका विधायक संजीव सरदार ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को विधायक संजीव सरदार ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण का आग्रह किया। मुख्यमंत्री से उन्होंने पूर्वी सिंहभूम जिले में सर्वेक्षण के आधार पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के संवर्द्धकरण के लिए चिह्नित विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के माचेत और मास्टर चयन प्रक्रिया में आ रही विसंगतियों को दूर करने का भी निवेदन किया है। मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर निदान किए जाने का भरोसा उन्हें दिया है।

### मुख्यमंत्री से सांसद और चार विधायकों ने की मुलाकात, समस्याओं से कराया अवगत



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक इरफान अंसारी, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक राजेश कच्छप और विधायक भूषण बाड़ा ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने-अपने क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और उसके समाधान की दिशा में त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर शबाना खातून, शशि भूषण राय और मौलाना मदनी साहब भी मौजूद थे।

### टेंडर कमीशन घोटाले में पूर्व मंत्री सहित नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी



**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। सभी आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को हुई। अब इनकी अगली पेशी 12 जुलाई को होगी। आरोपितों में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, संजीव लाल, जहांगीर आलम, ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, हरीश यादव, नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया और तारा चंद शामिल हैं। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने पहली कार्रवाई 21 फरवरी, 2023 को की थी। इस समय ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के कई ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी, 2023 को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। मामले में वीरेंद्र राम के करीबी और सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वीरेंद्र राम को रिमांड पर लेकर हुई ईडी की पूछताछ में टेंडर कमीशन में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### राज्य के सभी 29464 बूथों पर सुनी जाएगी मन की बात कार्यक्रम



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 111वें संस्करण का प्रसारण रविवार को होगा, जिसे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ क्षेत्र में सुनेंगे। इसके लिए पार्टी की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रदेश के सभी 29464 बूथ क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को सुनने को लेकर पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ताओं की अनेकों बैठक हो चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दुमका प्रवास के दौरान स्वयं शिकारीपाड़ा विधानसभा के पलमा में आम जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम को सुनेंगे। पार्टी के नेता विधायक दल और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी कांके मंडल के रॉक गार्डेन स्थित बूथ संख्या 347, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र रांची के धुर्वा मंडल में और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह हरमू में, केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ चुटिया के होटल संमुगम में मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। गोड्डा जिला के पड़ैयाहाट विधानसभा अंतर्गत डांडे गांव में सैकड़ों कृषक महिलाएं लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से जुड़ेंगीं।

### कांग्रेस ने की लोस चुनाव परिणाम की समीक्षा



**रांची।** लोकसभा आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें केवल दो अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीटें खूंटी और लोहरदगा ही जीत सकीं। वहीं, एससी रिजर्व पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस को भाजपा के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। सात में से पांच लोकसभा सीट हार जाने के बाद चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए पार्टी की ओर से पूर्व सांसद प्रदीप बलमुचू की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चुनाव परिणाम समीक्षा समिति का गठन किया गया था। शनिवार को इसी समिति के नेतृत्व में राजधानी के बिहार क्लब सभागार में रांची लोकसभा क्षेत्र चुनाव परिणाम की समीक्षा को लेकर बैठक की गई। बैठक में रांची महानगर, रांची ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड कांग्रेस पदाधिकारी, पूर्व विधायक, विधानसभा प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, अग्रणी संगठन एवं विभाग, वरिष्ठ कांग्रेस समर्थक के साथ समिति के अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू समेत समिति के सदस्य लोग समीक्षा बैठक में मौजूद रहे। इस चर्चा में रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय भी शामिल हुई। इसके अलावा समिति के सदस्य प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार व सुल्तान अहमद भी मौजूद थे।

## एक नजर

### ड्रेसिंग के नाम पर बना दिया 1.63 लाख का बिल

**रांची।** पारस अस्पताल में व्यक्ति के चेहरे पर कट के बाद सिर्फ ड्रेसिंग कर 10 घंटे तक अस्पताल में रखा गया और उसे 1 लाख 63 हजार रुपये का बिल थमा दिया गया। इस पर मरीज के परिजनों ने शनिवार को अस्पताल में जम कर हंगामा किया। अस्पताल में मौजूद सुरक्षा गार्ड तथा हॉस्पिटल मैनेजर की ओर से भी पूरा पैसा देने को लेकर दबाव बनाया गया। जानकारी के अनुसार, नया सराय में सड़क दुर्घटना के बाद नवीन झा घायल हो गए थे। उनके चेहरे में कट का निशान हो गया। घटना शुक्रवार की शाम 7 बजे की है। परिजनों ने आरोप लगाया कि रात के डेढ़ बजे मरीज का ड्रेसिंग कर आईसीयू में रखा गया। शनिवार को दोपहर तक मरीज का बिल 1 लाख 63 हजार हो गया। देर शाम हंगामे के बाद अस्पताल प्रबंधन ने कुल 82000 रुपये लेकर जाने दिया। मरीज को ईएसआइसी के तहत इलाज कराने के लिए नामकुम ले जाया गया।

### मई में 29 सड़क दुर्घटनाओं में 15 की मौत, 18 लोग घायल

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं सहित सड़क सुरक्षा व अन्य विषयों पर चर्चा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय ने बताया कि मई माह में जिले में 29 सड़क दुर्घटनाएं हुई। जिसमें 15 लोगों की मृत्यू हो गई तथा 18 लोग गंभीर रुप से घायल हुए। इन घटनाओं में अधिकांश यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण हुई। जिसके कारण मई माह में सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना पर 114 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया गया। वाहन जांच अभियान में बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालक और बिना सीटबेल्ट के चारपहिया वाहन चालकों समेत अन्य मामलों में करीब 7 लाख रुपये जुमार्ना वसूला गया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिले में स्कूली बच्चों व शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने तथा कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कहा कि समिति ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट, वल्नरेबल एक्सीडेंटल पॉइंट्स एवं सड़कों के कर्व (घूमावदार सड़क) स्थलों को चिन्हित करते हुए आवश्यकतानुसार सुधार करने पर बल दिया।

### रथ यात्रा को लेकर 2 जुलाई से 19 जुलाई तक पूरी के लिए स्पेशल ट्रेन

**जमशेदपुर।** रथ यात्रा को लेकर रेलवे ने ओडिशा के पूरी के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। इसको लेकर रेलवे की ओर से सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। रेलवे की ओर से चक्रधरपुर डिवीजन में तीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। इसमें से एक ट्रेन बादामपहाड़ स्टेशन से पूरी के बीच चलेगी। इस दौरान इस ट्रेन का ठहराव रायरंगपुर, टाटानगर, घाटशिला और भद्रक में भी होगा। यह ट्रेन 2 जुलाई से 19 जुलाई तक एक दिन छोड़कर चलेगी वहीं दो ट्रेन 2 जुलाई से 19 जुलाई तक राउरकेला और पूरी के बीच चलेगी जिसमे से एक ट्रेन चक्रधरपुर होते हुए चलेगी वहीं दूसरी ट्रेन झारसुगड़ा, संबलपुर होते हुए पूरी के लिए रवाना होगी।

### दिल्ली पुलिस ने बिरसानगर से दो साइबर ठगों को दबोचा

**बिरसानगर।** दिल्ली साइबर पुलिस ने बिरसानगर के गुरुड़बासा में छापेमारी कर साइबर ठगी के आरोपी सागर और तुषार कर्मकार को गिरफ्तार किया था। इधर, शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ वापस दिल्ली ले गई।

# हेमंत सोरेन की रिहाई पर खुशी से झूमे कार्यकर्ता

## प्रण लिया था कि हेमंत सोरेन जब तक जेल से बाहर नहीं आते तब तक वे नंगे पांव रहेंगे और केवल लुंगी पहनेंगे : सुरेश मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लगभग पांच माह बाद हाई कोर्ट से जमानत मिलने पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा व अन्य सहयोगी पार्टियों में जश्न का माहौल है। इसको लेकर पार्टी के नेता और कार्यकताओं द्वारा जगह - जगह जुलूस निकाला जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल के नेतृत्व में तिसरी प्रखंड मुख्यालय में भी जुलूस निकालकर आतिशबाजी की गई। जेएमएम के दर्जनों कार्यकर्ता रिंकू बर्णवाल के आवास पर जुटे और मांदर व नगाड़े के साथ नारेबाजी करते हुए चौक पर पहुंचे। यहां सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया, मिठाइयां बांटी और जमकर आतिशबाजी की।

वहीं कार्यकताओं ने जेल का ताला टूट गया - हेमंत सोरेन छुट गया,हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद, कल्पना सोरेन जिंदाबाद, निजामुद्दीन अंसारी जिंदाबाद सरीखे नारे लगाए। प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल ने कहा कि न्यायपालिका द्वारा हेमंत सोरेन को जमानत देने से यह साबित होता है कि सत्य की सदैव विजय होती है। उनपर लगे सभी आरोप बेबुनियाद थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा द्वारा षड्यंत्र कर हेमंत सोरेन को जेल भिजवाया गया था, लेकिन इस लोकसभा चुनाव में विपक्ष को भी पता चल गया कि राज्य में हेमंत और कल्पना की क्या बिसात है।

**पांच माह बाद बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने पहना चप्पल, नंगे पांव कर रहे थे पार्टी के कामकाज**

वहीं तिसरी के बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुरेश मरांडी ने कहा कि उन्होंने प्रण लिया था कि हेमंत सोरेन जब तक जेल से बाहर नहीं आते तब तक वे नंगे पांव रहेंगे और केवल लुंगी पहनेंगे। इस दौरान लोकसभा चुनाव में भी वे नंगे पांव ही पार्टी के लिए प्रचार - प्रसार में जुटे थे। पांच माह बाद श्री सोरेन के जेल से बाहर आने पर प्रखंड अध्यक्ष द्वारा उन्हें चप्पल पहनाया गया।

## सिलेंडर लीक होने से घर में लगी आग



**गिरिडीह।** पचंबा थाना इलाके के हंडाडीह स्थित तिवारीडीह गांव में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया. दरअसल सिलेंडर लीकेज होने से एक घर में आग लग गयी। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता से कोई जनहानि नहीं हुई। केवल गृहस्वामी को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। इस बाबत भुक्तभोगी विक्रम तिवारी ने बताया कि वे कल सिलेंडर लेकर आए थे। जिससे आज सुबह घर में लोग खाना बना रहे थे। इसी बीच अचानक आग लग गई। आग लगने की घटना से थोड़ी देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। घर के सभी सदस्य बाहर निकल गए और हो-हल्ला किया। हल्ला सुनकर आस - पास के लोगों की भी भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गयी। जिसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस बाबत भुक्तभोगी विक्रम तिवारी ने बताया कि अगलगी की इस घटना में लगभग 50 हजार से अधिक रुपए के सामान जलकर राख हो गए है। भुक्तभोगी ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।



खाना बनाने के दौरान हुआ हादसा

## सीसीएल ने समाहरणालय परिसर में किया पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**


सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड 16 जून से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। इस कड़ी में शनिवार को समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे ने शामिल हुए.जबकि मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीसीएल के अधिकारी समेत अन्य कई अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे. बताया गया कि स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए जागरुकता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल आदि और स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट/कचरे का निपटान जैसी गतिविधियां करना है. स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल उप विकास आयुक्त ने समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण किया. इस दौरान उप विकास आयुक्त ने इस अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की बात कही।

## मेनहर्ट घोटाला में प्राथमिकी दर्ज कराएंगे सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मेनहर्ट घोटाला के मामले में जमशेदपुर पूर्व सीट से विधायक सरयू राय डोरंडा अथवा धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। यह जानकारी देते हुए सरयू राय ने बताया कि उन्होंने मेनहर्ट घोटाला के अभियुक्तों पर कार्रवाई के लिए झारखंड उच्च न्यायालय में दायर उनकी रिट याचिका पर विगत 26 जून को आदेश हुआ है। इस आदेश के आलोक में वे घोटालाबाजों के खिलाफ शीघ्र ही प्राथमिकी दर्ज कराएंगे।

उन्होंने कहा, मेरी याचिका खारिज करते हुए माननीय न्यायाधीश ने मुझे तीन विकल्प दिए हैं - 1. मैं झारखंड उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीश की खंडपीठ द्वारा 28 सितंबर, 2018 में दिए गए आदेश के क्रियान्वयन कराने के लिए उच्च न्यायालय की खंडपीठ में जाऊं, 2. मैं घोटाला के दोषियों के विरुद्ध थाना में भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के अनुरूप प्राथमिकी दर्ज कराऊं और जांच की मांग करूं और 3. मैं सक्षम न्यायालय में कार्रवाई के लिए मुकदमा दायर करूं।



उन्होंने कहा कि अधिवक्ता के परामर्श के अनुसार उन्होंने दूसरा विकल्प चुना है और शीघ्र ही रांची के डोरंडा अथवा धुर्वा थाने में उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। कहा, मांग करूंगा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इस मामले में बंद लिफाफा में जो प्राथमिक जांच रिपोर्ट माननीय उच्च न्यायालय को सौंपा है, पुलिस उस रिपोर्ट को एसीबी से प्राप्त करे और उस पर कार्रवाई करे। एसीबी ने इस मामले में प्राथमिक जांच की है और मेरी रिट याचिका की सुनवाई के समय माननीय झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा मांगे जाने के बाद इसे बंद लिफाफा में न्यायालय को सौंपा है। इस प्राथमिक जांच रिपोर्ट में उन सभी अभियुक्तों के नाम हैं, जिनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए थाना में एफआईआर करने का निर्देश उच्च न्यायालय ने दिया है। उन्होंने कहा, गत 26 जून को जब झारखंड उच्च न्यायालय ने मेरी रिट याचिका खारिज करने का निर्णय लिया तो घोटालाबाज और घोटालाबाजों के समर्थकों ने इसे मेरे लिए एक बड़ा झटका बताया और ऐसा माहौल बनाया कि न्यायालय ने इस संबंध में मेरे आरोपों को खारिज कर दिया है। दो दिन बाद 28 जून को न्यायालय का निर्णय आने के बाद इनके मुंह पर तमाचा लगा है। कारण कि न्याय-निर्णय में माननीय न्यायाधीश ने मेरी याचिका में उल्लिखित उन बिंदुओं का जिक्र किया है, जिसके अनुसार मेनहर्ट के परामर्शी चयन में भारी अनियमितताएं हुई हैं।

### वार्षिक प्राइज नाइट में पुरस्कृत हुए मेधावी छात्र-छात्राएं

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित लोयोला स्कूल में शनिवार को एनुवल प्राइज नाइट का आयोजन किया गया। इसमें शैक्षणिक एवं पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए छठी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। समारोह की शुरूआत फादर रेक्टर के नेतृत्व में प्रार्थना के साथ हुई। इसके साथ ही कार्यक्रम में श्रद्धापूर्ण माहौल बन गया। इसके बाद स्कूल अध्यक्ष ने रॉबर्ट कोलियर ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सफलता दिन-प्रतिदिन दोहराये गये सभी प्रयासों का योग है। फादर ज्योति रंजन और फादर एस पैनक्रास ने छठी कक्षा के छात्रों को दक्षता पुरस्कार प्रदान किए। सातवीं कक्षा में श्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन के लिए फादर पायस फर्नांडीस ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। फादर विक्टर मिसक्विथ ने आठवीं के छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया।

## पुलिस प्रशासन ने टोटो और ऑटो चालकों के साथ की बैठक, नियम कानून की दी जानकारी

- **चालकों को यातायात नियमों से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि कम उम्र के टोटो चलाने वाले चालक के ऊपर कारवाई की जाएगी**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

शहर के सर्कस मैदान में शनिवार को टोटो चालकों के साथ पुलिस पदाधिकारियों ने एक बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी 2 कौसर अली ने किया। मौके पर मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो,ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद महतो,पचंबा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मंटू कुमार, भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा,मुफस्सिल थाना के एसआई सतेंद्र पाल उपस्थित थे। इस मौके पर टोटो चालकों को



यातायात नियमों से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि कम उम्र के टोटो चलाने वाले चालक के ऊपर कारवाई की जाएगी। डीएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि टोटो चालक को लाइसेंस के साथ-साथ टोटो से संबंधित कागजात साथ में रखना आवश्यक है। वहीं शहरी क्षेत्र में जहां-तहां टोटल खड़ा कर जाम की स्थिति उत्पन्न करने पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सामान्य से अधिक लोड बैठाकर टोटो चलाने वाले चालकों को सख्त निर्देश दिया गया और कहा गया कि आगे से इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए टोटो चलाएं। यातायात इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद महतो ने भी टोटो चालकों को यातायात नियमों के मापदंड के अनुसार टोटो चलाने का निर्देश दिया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में टोटो चालक मौजूद थे।

### सोनामारा गांव में बिजली गिरने से चार घायल अस्पताल में इलाजरत

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर प्रखंड की होयोहातु पचांचत स्थित सोनामारा गांव में शनिवार को आसमानी बिजली गिरने से चार लोग घायल हो गये। इसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। बताया जाता है कि सोनामारा गांव में शनिवार शाम लगभग चार बजे 14 वर्षीय अविनाश मुंडरी, 13 वर्षीय सावन मुंडरी, 13 वर्षीय नारायण सिंह मुंडरी एक इमली पेड़ के नीचे बैठे हुये थे। इसी बीच बारिश के साथ आसमानी बिजली भी कड़कने लगी। इस बीच पेड़ के समीप ही आसमानी बिजली गिरी। इससे पेड़ के नीचे बैठे तीनों इसकी चपेट में आ गये और घायल हो गये। इमली पेड़ के समीप अपने घर के बाहर खड़े 34 वर्षीय राज मुंडरी भी वज्रपात होने से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनों घायलों को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण अंधेरे में डूबा बनखंजो का इलाका

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 वार्ड स्थित पेसरागड़ा, बनखंजों इलाके में ट्रांसफार्मर चार महीने से खराब पड़ा है। ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण लगभग 200 घर के लोग इस भीषण गर्मी में परेशान है। इलाके में चार साल पहले 100 केबीए का ट्रांसफार्मर लगा था, लेकिन इलाके में बिजली कंज्यूमर की संख्या इन 4 सालों में बढ़कर दोगुनी हो गई है।

जिसके कारण पुराना ट्रांसफार्मर लोड नहीं ले पा रहा है। इसलिए अभी इलाके में 100 केबीए के जगह 200 केबीए का ट्रांसफार्मर की जरूरत आन पड़ी है।



बिजली समस्या से परेशान स्थानीय लोगों ने शनिवार को माले नेता को अपनी समस्या बताई। इस पर माले नेता राजेश सिन्हा ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द इलाके में नया ट्रांसफार्मर लगवाने का आश्वासन दिया है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से आरजू मिन्नत की, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। ट्रांसफार्मर खराब रहने से घर में बच्चे, बुजूर्ग और महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है।

## स्कूल का पानी-पीने से बच्चे हुए बीमार

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

कोलेबिरा थाना के जाम टोली स्थित डॉन बोस्को मिशन विद्यालय में शुक्रवार को कई छात्र छात्रा ने केंट आरो का पानी पीने से स्कूली बच्चे पड़े बीमार ,इलाजरत। कल शुक्रवार को सुबह जब सभी छात्र छात्र हर दिन के जैसा शुक्रवार को पानी पीने गए तो पानी में क्या था ये हम भी नही कह सकते । किंतु शुक्रवार को जितने भी छात्र छात्रा पानी पिया उन लोगो को सास का प्रोब्लम हो रहा है । जानकारी के अनुसार 30कोई इलाजरत है बाकी की संख्या बढ़ सकता है शुक्रवार रात जब छात्र छात्रा की माता पिता को खबर पता चला तो पूरे पालकोट और कोलेबिरा के लोगो में अफरा तफरी मच गया । छात्र छात्रा के माता पिता ने बताया की हमारे बच्चे का सास लेने में प्रोब्लम हो रही है तब जा कर के



बहुत सारे माता पिता स्कूल के प्रिंसिपल को रात में कॉल किया गया तो उनका मोबाइल ऑफ बता रहा था ।

गर्जियानो के द्वारा जानकारी मिली कि केंट आरो में अच्छा सा सेंटेक्स का पानी होना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं था जब जा कर के देखा गया तो स्कूल के बच्चे को सेंटीक्स का पानी नहीं रख कर खुले ड्रम में पानी को केंट आरो में डाला जाता है जिसमे से हर बच्चा बारी बारी से पानी पीने जैसे ही जाता है उसी द्वारा ओह सारे बच्चे ,बच्चियों का सास रुकने का मामला सामने में आया है और अभी सभी कोई को सास का बीमारी से जूझ रहे है।

## न्यूज | बॉक्स

### जयंती पर याद किये गए सांख्यिकी विद् प्रशांत चन्द्र महालनोविस



**गिरिडीह ।** सांख्यिकी विद् प्रशांत चन्द्र महालनोविस साहब के जन्म दिवस पर 18 वाँ सांख्यिकी दिवस शनिवार को गिरिडीह में मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जीतेन्द्र कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सांख्यिकी विद् प्रशांतचन्द्र महालनोविस साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने पी.सी। महालनोविस के संबंध में उनके जीवन वृतान्त के बारे में बताते हुए अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखंड, रांची द्वारा निर्धारित विषय के बारे में विस्तृत रूप जानकारी दी। बताया गया कि सांख्यिकी डाटा का उपयोग कर निर्णय लेना एक महत्वपूर्ण कार्यवाही है। हमें कई तरह के कार्यों के करने के लिए निर्णय लेना होता है। जिसके द्वारा कोई लक्ष्य प्राप्त करने या किसी योजना को क्रियान्वित करने के लिए लिया जाता है। संगोष्ठी में अशीम कुमार टिरू, रवि शंकर पासवान, रीतेश कुमार, आशीष कुमार, विवेक कुमार एवं अमित रंजन के साथ-साथ जिला जन सम्पर्क कार्यालय, गिरिडीह के अनुप कुमार सिन्हा एवं जितेन्द्र कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

### चाईबासा सीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**चाईबासा।** अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी निशांत अंबर ने शनिवार को कार्यालय कक्ष में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सीओ ने विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से सुझाव लिये। उन्होंने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 1 जुलाई से 24 जुलाई तक छूटे हुए योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए हर संभव मदद करने की अपील की। राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने कहा कि कई ऐसे मतदान केंद्र हैं जिन्हें बदलना अत्यंत जरूरी है। सर्वप्रथम घाटशिला के बोर्ड मध्य विद्यालय में छह मतदान केंद्र बनाया गया है इससे वहां काफी भीड़ होती है। हाथीजोबड़ा मध्य विद्यालय बंद हो गया है। वहां के मतदान केंद्र को पंचायत सचिवालय में स्थानांतरित किया जाए। बघुडिया, केसरपुर सहित अन्य कई क्षेत्रों के बूथ में बदलाव करना होगा। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो नेता जगदीश भकत, भाजपा नेता सत्यनारायण पुष्टि सहित अन्य उपस्थित थे।

### योजनाओं में अल्पसंख्यकों की भागीदारी से आयोग संतुष्ट : हिदायतुल्लाह खान



**जमशेदपुर।** राज्य अल्पसंख्यक आयोग की टीम ने शनिवार को जमशेदपुर परिसदन में जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बारी-बारी से सभी विभागों की समीक्षा की गई। आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने बताया कि आ?ोग की ओर से सभी विभागों को पहले ही प्रश्नावली भेज दी गई थी। जिसमें सभी विभागों से पुछा गया था कि जिले में चल रही केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में अल्पसंख्यकों (मुस्लिम, इसाई, सिख, बौध, जैन, पारसी, बंगाली एवं उड़िया) की कितनी भागीदारी है। सभी विभाग प्रश्नावली के हिसाब से अपना-अपना जवाब तैयार करके लाए थे। जिसे आयोग को सुपूर्द कर दिया गया। अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने बताया कि अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार अल्पसंख्यकों की आबादी के हिसाब से योजनाओं में भागीदारी ठीक-ठाक है। कुछ विभागों के द्वारा अपूर्ण रिपोर्ट जमा करने पर उन्हें जल्द अद्यतन रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया। कहा कि सभी जिलों की समीक्षा बैठक के बाद राज्यस्तरीय बैठक होगी। उसके बाद सरकार को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। बैठक के दौरान सोनारी में वर्षों पहले बनी (देश की आजादी से पहले) एक छोटी मस्जिद के टाटा स्टील द्वारा तोड़ने का मामला भी पहुंचा। जिसपर आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि धार्मिक स्थलों के मामले में टाटा स्टील की सहृदयता सार्वजनिक है। अगर उन्हें जगह की जरूरत है तो वे मस्जिद को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के लिए जगह उपलब्ध करवा सकते हैं।

### जमशेदपुर में साहित्यिक परिचर्चा के साथ तुलसी जयंती समारोह आरंभ



**जमशेदपुर।** तुलसी भवन में डेढ़ मह ने तक चलने वाले तुलसी जयंती समारोह की शुरूआत शनिवार को एक साहित्यिक परिचर्चा हुई। परिचर्चा का विषय था वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तुलसी साहित्य की प्रासंगिकता। समारोह की अध्यक्षा तुलसी भवन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र मुनका ने की। मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटीज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय, विशिष्ट अतिथि तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी एवं डॉ चंदेश्वर खां थे। अतिथियों ने गोस्वामी तुलसी दास की तस्वीर के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कर कार्यक्रम की शुरूआत की। डॉ वीणा पांडेय भारती ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत व सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण तुलसीभवन के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने किया। परिचर्चा में विमल जालान, रीना सिन्हा सलोनी, कन्हैयालाल अग्रवाल, कैलाश नाथ शर्मा गाजीपुरी, रीना गुप्ता, प्रकाश मेहता, आरती श्रीवास्तव विपुलता, ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र एवं दिव्येंदु त्रिपाठी ने शिरकत की। परिचर्चा का संचालन साहित्य समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ यमुना तिवारी व्यथित व धन्यवाद ज्ञापन राम नंदन प्रसाद ने किया।

## एक नजर

### आर्टिस्ट ने कोयले से बनाई रोहित की खास तस्वीर



**अमरोहा।** कुछ तस्वीर अमरोहा से भी आई है, लेकिन यह तरीका थोड़ा अनोखा है। अमरोहा के एक आर्टिस्ट जुहैब खान ने कोयले से रोहित शर्मा की एक स्पेशल तस्वीर बनाई और पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा का कोयले से पोर्ट्रेट बनाया और टीम इंडिया को शुभकामनाएं देते हुए पूरी टीम के लिए एक खास मैसेज में बेस्ट ऑफ लक लिखा। भारतीय क्रिकेट फैंस में टी20 विश्व कप को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। क्या बच्चे, क्या बूढ़े, हर कोई भारत माता की जय और जीतेगा इंडिया के नारे लगा रहा है। ऐसे कई वीडियो सोशल मीडिया पर आए हैं, जिसमें फैंस हाथ में तिरंगा और विराट कोहली-रोहित शर्मा की फोटो लिए जश्न में डूबे हैं।

### रोहित शर्मा के नेतृत्व में खेलकर काफी खुश हूं : बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि वह उनके नेतृत्व में खेलकर खुश हैं। मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 में रोहित शर्मा इस समय टूनामेंट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने सात मैचों में 155.97 की स्ट्राइक रेट से 248 रन बनाए। आईसीसी के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए गए एक वीडियो में बुमराह ने कहा कि भारतीय कप्तान ने अपने खिलाड़ियों को काफी आजादी दी। बुमराह ने कहा, रोहित शर्मा बिल्कुल शानदार रहे हैं। यहां तक कि पिछले विश्व कप में भी, आप जानते हैं कि वह सक्रिय रहे हैं, वह अपने खिलाड़ियों को काफी आजादी देते हैं, वह खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करने देते हैं। जब उन्हें सही समय लगता है, तो वह मैच के दौरान अपना अनुभव साझा करते हैं।

# रोहित सेना ने बारबाडोस की धरती पर गाड़ दिया झंडा, भारत 17 साल बाद विश्व विजेता



**कोहली की 48 गेंदों पर आई फिफ्टी :** विराट ने भले ही पहले ओवर में 3 चौके लगाकर शुरूआत की लेकिन अन्य शोर से विकेट गिर जाने के कारण वह धीमे हो गए। उन्होंने 48 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। वह सिंगल-डबल लेने में ही मशगूल दिखे। विराट की यह टूनामेंट में पहली फिफ्टी है। हालांकि दूसरे शोर से पहले अक्षर और बाद में शिवम दुबे ने तेजी से रन बनाए।

**ब्रिजटाउन।** रोहित शर्मा की सेना ने शनिवार रात बारबाडोस की धरती पर झंडा गाड़ दिया। भारतीय टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 17 साल बाद टी20 विश्व कप पर कब्जा जमा लिया। आखिरी ओवर की आखिरी गेंद तक चले रोमांचक की पराकाष्ठा वाले मुकाबले में टीम इंडिया ने वो कर दिखाया, जिसका सपना 140 करोड़ भारतीयों ने दखा था। भारतीय टीम 2007 में एमएस धोनी की कप्तानी में चैंपियन बनी थी। उसके बाद से न जाने किसकी नजर लग गई थी, लेकिन इस बार 2023 में टूटे दिलों को फिर जोड़ दिया। वो करिश्मा कर दिया, जिसकी जरूरत थी। जैसे ही भारत विश्व विजेता बना यहं भारत में आकाश आतिशबाजियों से रंग गया। भारत ने 20 ओवर में 176 रन बनाए थे वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 169 रन ही बना सकी। इस तरह भारत ने 7 रन से टी 20 विश्व कप का खिताब जीत लिया।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह

**दक्षिण अफ्रीका :** क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्कराम (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, मार्को जानसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्टजे, तबरेज शम्सी

## हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय कोर संभावित टीम घोषित की

**एजेंसी। बेंगलुरु**

हॉकी इंडिया ने शनिवार को 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो 1 जुलाई से 31 अगस्त तक साई बेंगलुरु में राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर में प्रशिक्षण के लिए वापस आएगी। भारतीय महिला हॉकी टीम लंदन और एंटवर्प में अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 सीजन के समापन के बाद एक छोटे ब्रेक पर चली गई थी। कप्तान सलीमा टेटे और उप कप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन को कड़ी चुनौती दी। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रगति पर कहा, हमने हाल ही में प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए एंटवर्प और लंदन की यात्रा की, और हालांकि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं थे, लेकिन हमने एक टीम के रूप में बहुत कुछ सीखा। कई मौकों पर, हम आगे चल रहे थे, और हमने बराबरी का प्रयास करते हुए लगातार गोल करने की कोशिश की। पुनर्निर्माण के शुरूआती चरणों में ये अच्छे संकेत हैं, और मुझे यकीन है कि भारतीय महिला हॉकी टीम भविष्य में एक ताकत होगी।



**33 सदस्यीय टीम**

**गोलकीपर :** सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो

**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति।

**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे, मरीना लालरामंगकी, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, अजमीना कुजूर।

**फॉरवर्ड :** सुनिलिता टोप्पो, मुमताज खान, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रुतुजा दादासो पिसल।

## पंजाब एफसी के मुख्य कोच बने पानागियोटिस

**एजेंसी। मोहाली**

पंजाब एफसी (पीएफसी) ने आगामी आईएसएल 2024-25 सीजन के लिए पानागियोटिस डिलम्पेरिस को मुख्य कोच नियुक्त किया है। कोंस्टांटीनोस कटारस उनके साथ सहायक कोच और पापाइआन्नू इयोनिस स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के रूप में शामिल होंगे। पीएफसी में शामिल होने से पहले, डिलम्पेरिस ने पिछले सीजन में ए. ई. एर्मियोनिडा एफसी के मुख्य कोच के रूप में काम किया था। उनके 15 साल के व्यापक कोचिंग करियर में इराकलिस लारिसास एफसी, रोचेस्टर एनवाई एफसी, पैनसेराइकोस एफसी, और अन्य उल्लेखनीय टीमों में काम करना शामिल है। अपने कोचिंग कार्यकाल से पहले, डिलम्पेरिस का 17 साल का खेल करियर गोलकीपर के रूप में था, जिसमें उन्होंने इराकलिस एफसी और एग्रोटिकोस एस्टेरस जैसे क्लबों के साथ-साथ कई अन्य क्लबों का प्रतिनिधित्व किया। खेल और कोचिंग करियर दोनों में उनका समृद्ध अनुभव आगामी सीजन में पीएफसी का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सहायक कोच कटारस ने अपने 20 साल से ज्यादा के कोचिंग करियर में ग्रीस के कई क्लबों को कोचिंग दी है। दूसरी ओर, पापाइआन्नू टीम को मजबूत बनाने के लिए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के तौर पर 10 साल से ज्यादा का अनुभव लेकर आए हैं।



### शेफाली के दोहरा शतक देख खुशी से झूम उठे पिता

**रोहतक।** भारतीय महिला क्रिकेट की वीरेंद्र सहवाग यानी शेफाली वर्मा ने द. अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में ऐतिहासिक दोहरा शतक ठोका है। इस पारी के दौरान उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए, जिसे देखकर उनके पिता भी काफी खुश हैं। मुंबई में चल रहे भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट मैच में शेफाली वर्मा ने महिला क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाकर अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज किया।

## अल्कराज करेंगे मार्क लाजल के खिलाफ अभियान की शुरूआत

**एजेंसी। लंदन**

गत चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अल्कराज विंबलडन में एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क लाजल के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम के लिए शुक्रवार को ड्रॉ की घोषणा की गई। 21 वर्षीय अल्कराज ने पिछले साल फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को पाँच सेटों के संघर्ष में हराकर खिताब जीता था। इस साल, वे पहली बार फ्रेंच ओपन में जीत हासिल कर एक और बड़ी ट्रॉफी के साथ ऑल इंग्लैंड क्लब पहुँचे। दूसरी तरफ लाजल को अभी तक ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ का कोई अनुभव नहीं है, उन्होंने तीसरे क्वालिफि केशन राउंड में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को हराकर टूनामेंट में प्रवेश किया है।



## कोपा अमेरिका 2024 : ब्राजील ने जीत के साथ वापसी की, पैराग्वे को बाहर किया

**एजेंसी। लास वेगास**

विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ में दो गोल करके ब्राजील को शुक्रवार रात पैराग्वे पर 4-1 से जीत दिलाई और कोपा अमेरिका में ग्रुप डी से आगे बढ़ने की स्थिति में पहुंचा दिया। विनिसियस के अलावा साविन्हो ने ब्राजील के लिए पहले हाफ में गोल किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल किया। पैराग्वे के लिए उमर एल्डेरेटे ने एकमात्र गोल किया। मैच में पांच पीले कार्ड और एक रेड कार्ड के साथ कई तनावपूर्ण क्षण आए। 81वें मिनट में एंड्रेस क्यूबास को रेड कार्ड देकर लिए बाहर भेज दिया गया, जिससे पैराग्वे को मैच का आखिरी हिस्सा 10 खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। ब्राजील के वेंडेल, जूनियर और पाक्वेटा तथा पैराग्वे के फैबियन बालबुएना और हर्नेस्टो कैबलेरो को येलो कार्ड दिए गए।चार अंकों के साथ, ब्राजील ग्रुप लीडर कोलंबिया से दो अंक पीछे है, जिसने शुक्रवार को कोस्टा रिका को 3-0 से हराया था। मंगलवार को कोलंबिया के खिलाफ ब्राजील की जीत या बराबरी से नॉकआउट चरण में ग्रुप के दो स्थानों में से एक सुनिश्चित हो जाएगा।




## वॉलीबॉल प्रदर्शनी मैच में गाड़ी गांव क्लब 2-1 से विजयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला ओलंपिक संघ ने गत 23 जून से जारी इंटरनेशनल ओलंपिक डे सप्ताह खेल का आयोजन किया। रांची जिला वॉलीबॉल संघ के द्वारा वॉलीबॉल के प्रदर्शनी मैच का आयोजन शनिवार को मारवाड़ी युवक व्यायामशाला में हुआ हुआ। गाड़ी गांव क्लब एवं मारवाड़ी युवक व्यायामशाला क्लब के बीच खेले गए मैच में गाड़ी गांव 2-1 से विजयी रहा। मैच के अतिथि झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज, रांची वॉलीबॉल संघ के विकाश वर्मा, संजय ठाकुर, भोला प्रताप सिंह, प्रदीप अग्रवाल, नारायण घोष एवं अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित थे।





### मसाबा बनीं मिंत्रा होम की ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** फैशन डिजाइनर और एक्ट्रेस मसाबा गुप्ता एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इंडियन फैशन ई-कॉमर्स कंपनी मिंत्रा ने उन्हें 'मिंत्रा होम' का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। बतौर ब्रांड एंबेसडर वह प्लेटफॉर्म को अपने क्रिएटिव विजन से आगे ले जाएंगी। ट्रेंड-फर्स्ट कस्टमर्स की उम्मीदों के मुताबिक घर का चयन करेंगी, जो उनके पर्सनालिटी को दशार्ते हों। इस सहयोग के हिस्से के रूप में, वह 'क्यूरेटेड बाय मसाबा' कैंपेन में भी दिखाई देंगी, जो मिंत्रा के प्रीमियम होम सेलेक्शन को सामने लाता है। मसाबा ने कहा, घर वह जगह है जहां हम खुद को खुलकर एक्सप्रेस करते हैं। मिंत्रा की होम कैटेगरी के लिए ब्रांड एंबेसडर बनना घर की सजावट को सेल्फ-एक्सप्रेशन में बदलने जैसा है।

### 1 शेयर पर 1 शेयर फ्री दे रही है कंपनी

**नई दिल्ली।** राजू इंजीनियर्स लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया जाएगा। कंपनी पहली बार बोनस शेयर दे रही है। कंपनी ने डिविडेंड देने का भी फैसला किया है। एक शेयर पर 0.25 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। यानी योग्य निवेशकों हर एक शेयर पर 25 प्रतिशत का फायदा होगा। कंपनी के शेयर 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 317.50 रुपये के लेवल पर था। इससे पहले दिन में कंपनी के शेयर 322.80 के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया था।

### भारत को कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए

## 1.5 अरब डॉलर का ऋण देगा विश्व बैंक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व बैंक ने कम कार्बन उत्सर्जन वाले ऊर्जा उत्पादन के विकास में तेजी लाने के लिए दूसरे ऑपरेशन के तहत भारत को 1.5 अरब डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। विश्व बैंक ने शुक्रवार को वाशिंगटन में बताया कि लो-कार्बन एनर्जी प्रोग्रामेटिक डेवलपमेंट पॉलिसी ऑपरेशन का दूसरा चरण ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रोलाइजर के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों में मददगार होगा, जो ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीक है। यह ऑपरेशन सरकार की ऊर्जा सुरक्षा और विश्व बैंक की हाइड्रोजन फॉर डेवलपमेंट (एच4डी) भागीदारी के अनुरूप है। विश्व बैंक के अनुसार, सुधारों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2025-26 से प्रति वर्ष कम से कम 4,50,000 टन ग्रीन हाइड्रोजन और 1500 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर का उत्पादन होने की उम्मीद है। इसके अलावा, यह अक्षय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन में प्रति वर्ष पांच करोड़ टन कमी लाने में भी महत्वपूर्ण रूप से मदद करेगा। यह ऑपरेशन राष्ट्रीय कार्बन क्रेडिट बाजार को और विकसित करने के कदमों का भी समर्थन करेगा। भारत में विश्व बैंक के निदेशक ऑगस्त तानो कुआमे ने कहा, विश्व बैंक को भारत की लो-कार्बन विकास रणनीति का समर्थन जारी रखने की प्रसन्नता है, जो देश के शुद्ध-शून्य लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा और निजी क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नौकरियां पैदा करेगा।



### रांची में सीएसीपी की बैठक में पांच राज्यों के कृषि विशेषज्ञों ने की मंत्रणा

## रिपोर्ट के आधार पर तय होगी रबी फसल की एमएसपी

**वनीन मेल संवाददाता। रांची**

किसानों को उनकी फसल की लागत के अनुरूप कीमत मिले इसके लिए केंद्र सरकार अब गंभीर और सार्थक प्रयास कर रही है. इसे लेकर रांची में वर्ष 2025-26 में देश के पूर्वी राज्यों के अन्नदाता किसानों को उनकी रबी फसल जैसे गेहूं, बार्ली, चना, मसूर, सरसों-राई, सूरजमुखी की खेती में लागत मूल्य जानने के लिए उच्च स्तरीय बैठक हुई. जिसमें भारत के पांच पूर्वी राज्य बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ के कृषि पदाधिकारियों के साथ-साथ दिल्ली से सीएसीपी (कमीशन फॉर एग्रिकल्चरल कॉस्ट एंड प्राइस) के निदेशक प्रो. विजय पॉल शर्मा, कमीशन के मेंबर सेक्रेटरी अनुपम मित्रा और कमीशन के मेंबर ऑफिशियल डॉ नवीन प्रकाश सिंह ने भाग लिया. झारखंड कृषि निदेशालय के निदेशक डॉ कुमार ताराचंद भी इस बैठक में शामिल हुए.




**अंतरराज्यीय बैठक के मायने और महत्व**

सीएसीपी के निदेशक प्रो. विजय पॉल शर्मा ने बताया कि हमें आगामी वर्ष 2025-26 के लिए रबी फसलों का लागत मूल्य जानना है। किस राज्य में रबी की अमुक फसल को उगाने में किसान को कितना खर्च करना पड़ता है, अन्य राज्यों में उसी फसल का उत्पादन कॉस्ट क्या है। यह जानने के बाद एक रिपोर्ट कमीशन तैयार करेगा। जिसके आधार पर भारत सरकार को रबी फसलों की एमएसपी तय करने में आसानी होगी और रबी फसल उत्पादक किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

**झारखंड में खेती पर जोर**

झारखंड प्रदेश में तिलहन, दलहन और मिलेट्स की खेती की अपार संभावनाएं हैं। इस दिशा में भारत सरकार विशेष पहल कर रही है, ताकि झारखंड राज्य के किसानों के जीवन को समृद्ध बनाया जा सके।

**रिसर्च से मिलेगी एमएसपी तय करने में सहूलियत**

सीएसीपी का मुख्य लक्ष्य यह जानना है कि पूर्वी भारत के राज्यों के किसानों को रबी फसल उत्पादन में क्या-क्या परेशानी आती है और उनकी फसलों का लागत मूल्य क्या है, ताकि एमएसपी के तहत आनेवाली रबी फसलों का नया न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने में कोई दिक्कत न हो।

## मांझी ने खादी कारीगरों को समर्थन देने वाली योजनाओं को व्यापक बनाने पर दिया बल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को बढ़ावा देने और खादी कारीगरों को समर्थन देने के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन पर केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से प्रयासों को गहन और व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने यहां केवीआईसी द्वारा देश में खादी एवं ग्रामोद्योग (केवीआई) क्षेत्र के विकास के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रदर्शन की समीक्षा की। इस अवसर पर एमएसएमई राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे, केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार के अलावा एमएसएमई मंत्रालय और केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग देश में खादी और ग्रामोद्योग से संबंधित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाली एक शीर्ष संस्था है।



## भारतीय रुपया सबसे स्थिर मुद्राओं में शुमार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय मुद्रा रुपया एक दशक पहले तक एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाता था। लेकिन, अब रुपया को सबसे स्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाने लगा है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। ये भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, प्रभावी नीतिगत सुधार और विदेशी मुद्रा भंडार के रणनीतिक प्रबंधन को दशार्ता है। आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि 2010 के दशक की शुरूआत में भारत में महंगाई आसमान छू रही थी, महंगाई दर बढ़कर करीब 10 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। वैश्विक वित्तीय संकट के बीच सरकार द्वारा भारी-भरकम खर्च से स्थिति ज्यादा बदतर हो गई थी। लेकिन वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की सत्ता संभालने के बाद अब तक भारत में आर्थिक विकास पहले से काफी बेहतर हुई है।



- रुपया को एक दशक पहले तक एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाता था
- 2010 में महंगाई दर बढ़कर करीब 10 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी


**देश का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर**

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे बड़े विदेशी मुद्रा भंडारों में शामिल है। आरबीआई रणनीतिक तरीका अपनाते हुए रुपये के मजबूत होने पर डॉलर खरीदता रहा है और रुपये के कमजोर होने पर इसे बेचता रहा है। इस उपाय से रुपये के मूल्य में व्यापक उतार-चढ़ाव को सुचारु करने में मदद मिलती है, जिससे इसकी स्थिरता में काफी योगदान मिलता है।

## अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड एक्टिविटी : एलन मस्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टीवी पर पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधि दर्ज की गई। मस्क के स्वामित्व वाले एक्स ने बताया कि अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट पर मिनट-दर-मिनट चर्चा प्रसारण शुरू होने के बाद 90 मिनट में 19 गुना हो गई। कंपनी ने कहा कि डिबेट के दौरान एक्स पर दुनिया भर में चचाओं का पैमाने चौंकाने वाला था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने बताया कि डिबेट के दौरान दो अरब से ज्यादा इम्प्रेशन दर्ज किये गये। इनमें 24.2 करोड़ वीडियो व्यूज और 20 लाख पोस्ट शामिल थे। मस्क ने कहा कि अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधियां दर्ज की गईं। एक यूजर ने लिखा, डिबेट के दौरान एक्स पर बवाल मचा हुआ था। डिबेट के एक्स पर लाइव स्ट्रीम को भी काफी लोगों ने देखा। एक अन्य यूजर ने एक्स पर लिखा कि बिना किसी सेंसरशिप के डर के लोगों को इस मुद्दे पर खुलकर बात रखने की अनुमति देने के जबरदस्त परिणाम दिखे।



## एक नजर

### श्रेया हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** श्रेया हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया. पुलिस ने इस मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया। हत्यारोपियों की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के कोसडिहरा गांव निवासी दिलीप सिंह के पुत्र धर्मेन्द्र कुमार सिंह व राकेश कुमार सिंह के रूप में की गई है। घटना में प्रयुक्त एक ऑल्टो कार को भी जब्त किया गया है। प्रेस वार्ता कर एसपी ने बताया कि नाबालिग छात्रा के साथ इन दोनों ने पहले दुष्कर्म किया। इसके बाद उसकी हत्या कर दी। फिर अपनी ऑल्टो कार से इंद्रपुरी बराज के समीप नहर में शव फेक दिया। वहीं पूछताछ में इन दोनों ने अपराध स्वीकार किया। बता दें कि घटना को लेकर पीड़िता की मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### छत्तीसगढ़ पुलिस ने नवादा से साइबर ठग को किया गिरफ्तार

**नवादा।** छत्तीसगढ़ की पुलिस ने शनिवार को नवादा के शाहपुर थाने के महारथ गांव में छापेमारी कर 24 लाख रुपए, पासबुक ,एटीएम कार्ड सहित साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है,जिसने लाखों रुपए की ठगी की थी। नवादा के एसपी ने बताया कि नवादा में साइबर अपराधियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई है।

### करंट लगने से वृद्ध महिला की मौत

**जालौन।** कुठोंद थाना क्षेत्र में महिला छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई थी। उस दौरान वृद्ध महिला करंट की चपेट में आकर झुलस गई परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। कुठौंद थाना क्षेत्र के शेखपुर बुजुर्ग निवासी रामकली 65 काफी समय से अपने बिटिया दामाद के साथ थाना क्षेत्र के हदरुख गांव में रह रही थी। आज सुबह नहाने के बाद छत पर कपड़े सुखाने के लिये डालने गई थी। कपड़े डालते समय महिला छत पर टीन से निकले तार से करंट की चपेट में आ गई।

## लद्दाख हादसे में सैनिकों की मौत पर शोक की लहर

# अपने वीर जवानों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**5 जवान शहीद** | **टी-72 टैंक बह गए**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में टैंक युद्ध अभ्यास के दौरान एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) समेत सेना के पांच जवान शहीद हो गए। इस हादसे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने दुख जताया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "लद्दाख में नदी पार करते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में पांच बहादुर भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से मैं बहुत दुखी हूं। हम देश के लिए अपने वीर जवानों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।" अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा, "यह जानकर बहुत दुख हुआ कि लद्दाख के न्योमा-चुसुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास अचानक आई बाढ़ में पांच सैनिक समेत एक टी-72 टैंक बह गए। हमारे बहादुर सैनिकों की सुरक्षा और कुशलता के लिए प्रार्थना करता हूं।" लद्दाख हादसे पर दुख जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा, "लद्दाख में एक नदी पार करते समय एक जेसीओ सहित भारतीय सेना के पांच जवानों की जान जाने से बहुत दुखी हूं। इस दर्दनाक त्रासदी के शिकार हुए सैन्य कर्मियों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में, पूरा देश हमारे वीर सैनिकों की अनुकरणीय सेवा को सलाम करने के लिए खड़ा है।"

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर लिखा, "लद्दाख में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास अचानक आई बाढ़ में सेना के पांच जवानों के शहीद होने का समाचार अत्यंत दुखद है।

ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हमारे वीर जवानों के इस सर्वोच्च बलिदान के लिए देश सदैव उनका और उनके परिवारों का ऋणी रहेगा।" लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर से आधिकारिक सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि शुक्रवार को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास दौलत बेग ओल्डी इलाके में टैंक युद्ध का अभ्यास चल रहा था।

### नगर निगम टीम ने जब्त की 1.80 क्विंटल पॉलिथीन

**मुरादाबाद।** नगर निगम टीम द्वारा शनिवार को प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली क्षेत्र के बुध बाजार में विभिन्न दुकानों पर छापा मार कर वहां मिली 1.80 क्विंटल प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की। साथ ही कुछ व्यापारियों से मौके पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी वसूल किया गया है। बीते दिन महानगर में 25 कुंतल पॉलिथीन जब्त की गई थी। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज 1.80 क्विंटल पॉलिथीन पकड़ी गई प्रतिबंधित पॉलिथीन को जब्त कर लिया गया है।

# नीट मामले में गुजरात के सात ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

**नीट मामले के तार बिहार झारखंड, महाराष्ट्र और गुजरात से जुड़े**




**एजेंसी। कोलकाता**

नीट पेपर लीक मामले को लेकर सीबीआई की टीम एक्शन मोड में है। एक के बाद एक ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। मामले की जांच के लिए शनिवार को सीबीआई की टीम गुजरात के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी के लिए पहुंची।

सूत्रों के मुताबिक सीबीआई के अधिकारियों ने गुजरात के गोधरा, खेड़ा, अहमदाबाद और आणंद के कुल सात ठिकानों पर छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि पेपर लीक केस की जांच के दौरान कुछ इलेक्ट्रॉनिक सबूत हाथ लगे हैं। साथ ही गुजरात में संदिग्धों के होने की सूचना भी प्राप्त हुई है।

सीबीआई ने इस मामले में झारखंड के हजारीबाग से एक पत्रकार जमालुद्दीन को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पेपर लीक में उसके भी शामिल होने के सबूत सीबीआई अधिकारियों को मिले हैं। दरअसल, बिहार की आर्थिक अपराध शाखा ने जांच के दौरान ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस-प्रिंसिपल के शामिल होने की पुष्टि की थी। इसके बाद सीबीआई की टीम ने प्रिंसिपल एहसान-उल-हक और वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ और कॉल डिटेल्स के आधार पर पता चला कि पत्रकार जमालुद्दीन लगातार प्रिंसिपल और वाइस-प्रिंसिपल के संपर्क में था। जानकारी के अनुसार पेपर लीक मामले में वो दोनों की सहायता कर रहा था।

### कोलकाता में कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को 2021 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी की। पहले इस मामले की जांच सीबीआई कर रही थी। सूत्रों ने बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित मामले में जो छापेमारी की गई है उसका कुछ विदेशी संबंध भी है। शहर में आठ अलग-अलग स्थानों पर समानांतर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें न्यू अलीपुर, जोधपुर पार्क स्थित साउथ सिटी आवासीय परिसर, लेक टाउन और जादवपुर भी शामिल है।

## जदयू की बैठक में प्रस्ताव पारित, एनडीए के साथ ही रहेगी पार्टी

# संजय झा को बनाया गया कार्यकारी अध्यक्ष

**2** प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया

**3** बार मोदी को प्रधानमंत्री बनने पर नीरज कुमार ने दी बधाई



**एजेंसी। पटना**

बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड की शनिवार को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से सांगठनिक और राजनीतिक प्रस्ताव पेश किए गए और इनको सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। पार्टी ने फैसला किया है कि वह एनडीए में ही रहेगी।

बैठक के बाद पार्टी के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से दो प्रस्ताव पेश किए गए जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि बैठक में सांगठनिक और राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया। नीतीश कुमार ने राज्यसभा में संसदीय दल के नेता संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने एनडीए में शामिल होकर लोकसभा चुनाव में बेहतर परिणाम लाने और केंद्र सरकार में शामिल होने पर अध्यक्ष नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

उन्होंने बताया कि जननायक कपूरी ठाकुर को भारत रत्न से नवाजे जाने को भी जदयू ने गौरव का विषय बताया।

नीरज कुमार ने कहा कि बैठक में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए धन्यवाद दिया गया। आजादी के संघर्ष, आदर्श और जीवन मूल्यों की रक्षा और राजनीति सेवा के लिए है, मेवा के लिए नहीं, इसकी बात की गई। उन्होंने कहा, इसके अलावा यह भी तय हुआ कि हम एनडीए के साथ ही रहेंगे।

**प्रस्ताव में कहा**

इसके तहत झारखंड में इस साल होने वाले चुनाव में भागीदारी करने का प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि वर्ष 2024 में जिन राज्यों में चुनाव होंगे, इनमें झारखंड प्रमुख है, जहां पहले भी हमारे प्रत्याशी चुनाव लड़े और जीते हैं। झारखंड पर विशेष ध्यान देते हुए हमें वहां की उन सीटों को चिह्नित किया जाएगा जहां से हमारे प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने की संभावना सबसे ज्यादा है। इसके बाद, चुनाव के लिए आगे की रणनीति बनाकर गंभीरता से जुट जाना होगा।

### थमता नहीं दिख रहा पुल-पुलिया गिरने का सिलसिला सरकार पर उठने लगे सवाल

**पटना।** बिहार में पुल-पुलिया गिरने या क्षतिग्रस्त होने का सिलसिला जारी है। पिछले 11 दिनों के अंदर पांच पुल गिर चुके हैं। पुल गिरने की घटनाओं के बीच सरकार पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। हालांकि सरकार पुल के टूटने या धराशायी होने की घटना की जांच कराने की बात जरूर कर रही है। इधर, पुल-पुलियों के गिरने की घटना के बाद सचेत हुई सरकार अब पुल की कमजोरी को जानने और नए पुल मजबूत बने, इसके लिए सभी ग्रामीण पुलों की स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने जा रही है। मकसद यह है कि सरकारी राशि का सदुपयोग हो और जानमाल की सुरक्षा भी की जा सके। ऐसा नहीं कि बिहार में पुल धराशायी या टूटने की घटना इसी सरकार में हो रही है। प्रदेश में सरकार महागठबंधन की रही हो या एनडीए की, पुल गिरते रहे हैं और विपक्ष सरकार पर सवाल उठाता रहा है। बताया जाता है कि बिहार में पुल-पुलियों के रखरखाव को लेकर कोई नीति नहीं है, जिस कारण पुराने पुलों की मॉनिटरिंग नहीं हो पाती है और बन रहे पुल-पुलियों में निर्माण सामग्री में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### न्यायपालिका को राजनीतिक तौर पर निष्पक्ष होना चाहिए : ममता बनर्जी



**मैं खुद को कानूनी बिरादरी का हिस्सा मानती हूं। मैं अब भी बार एसोसिएशन की सदस्य हूं।**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका को राजनीतिक रूप से निष्पक्ष, ईमानदार और पवित्र होना चाहिए। बनर्जी ने यहां नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में 88 फास्ट-ट्रैक अदालतें हैं जिनमें 55 सिर्फ महिलाओं के लिए हैं। राज्य में 99 मानवाधिकार अदालतें हैं। मेरी एकमात्र अपील है कि देश की न्यायपालिका को पूरी तरह निष्पक्ष, पवित्र और ईमानदार होना चाहिए। गोपनीयता बरकरार रहनी चाहिए। सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम भी मौजूद थे। कानून की डिग्री रखने वाली मुख्यमंत्री ने कहा कि वह भी कानूनी बिरादरी की सदस्य हैं और न्याय तंत्र उनके लिए एक पवित्र मंदिर, चर्च, मस्जिद या गुरुद्वारे की तरह है। उन्होंने कहा, मैं खुद को कानूनी बिरादरी का हिस्सा मानती हूं। मैं अब भी बार एसोसिएशन की सदस्य हूं। मैंने खुद कुछ मामलों की अदालत में पैरवी भी की है। सीएम बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा न्यायिक तंत्र के साथ है और कहा कि न्यायपालिका की पहली जिम्मेदारी आम लोगों की रक्षा करनी है।

### पुल गिरने में खनन माफिया की भूमिका सबसे ज्यादा : पप्पू यादव

**किशनगंज।** बिहार में लगातार पुल गिर रहे है। ये अत्यंत निंदनीय है। पुल गिरने में खनन माफिया की भूमिका सबसे ज्यादा है। यह बातें शनिवार को बागडोगरा से पूर्णिया जाने के दौरान बस स्टैंड में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने हाल के दिनों में नीट परीक्षा को लेकर उठाये गए मुद्दे पर भी चर्चा की।उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में जिस बच्चे की भूमिका अहम है उसकी लाइफ को सिक्योर करना है। पूर्णिया सांसद ने कहा कि एनजीओ के द्वारा एग्जाम न लिया जाए। इसके लिए एग्जामिनेशन कंट्रोल करने वाली एक कमिटी बनायी जाए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से कुछ परीक्षा के प्रश्न लीक आउट हो रहे है। लेकिन सरकार इस बात को मानना नहीं चाहती है। इस पर अविलंब रोक लगनी चाहिए।किसी भी परीक्षा का प्रश्न लीक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। अभी हाल ही में नीट का एग्जाम कैंसिल किया गया है। नीट एग्जाम को लेकर जो बातें सामने आयी है उसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सकारात्मक व रचनात्मक कार्य नहीं कर रही है।युवाओं की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सबसे पहले इस देश के युवाओं की आवाज को आगे पहुंचाना चाहती है।

### पानी भरे गड्ढे में डूबकर दो बच्चों की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरानगर में शनिवार की शाम को पानी भरे गड्ढे में डूबकर दो बच्चों की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, कुकरैल नदी के किनारे रिवर फ्रंट की खुदाई का काम चल रहा है। यहां पर गहर गड्ढा खोदा गया है, जिसमें बारिश का पानी इकट्ठा हो गया। इसी पानी में नहाने के लिए इंदिरानगर के खुर्रमनगर चौकी के पास रहने वाले बच्चें पहुंचे। उन्होंने बताया जा रहा है कि पानी में बच्चे डूबने लगे, जिसमें एक बच्चा किसी तरह से बच गया और उसने घटना की जानकारी परिवार को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद गड्ढे से डूबे बच्चों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों बच्चों की मौत की हो गई है। बच्चों की पहचान गोंडा की रहने वाली कासिम (10) पुत्र जुनैद व शिफा (8) पुत्री मुश्ताक के रूप में हुई हैं।

### पानी की टंकी में मिली बालिका की लाश मामले का पदार्फाश, हत्यारोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** नदेसर स्थित काशीराज अपार्टमेंट के एक फ्लैट की छत पर पानी की टंकी में मिली बालिका की लाश मामले में शनिवार को कैंट पुलिस ने हत्यारोपी को पांडेयपुर स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल के निकट से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। डीसीपी वरुणा जोन चंद्रकांत मीणा, एडीसीपी वरुणा जोन सरवणन टी और एसीपी कैंट विदूष सक्सेना ने आरोपित को पुलिस लाइन सभागार में मीडिया के सामने पेश किया। डीसीपी ने बताया कि घटना पुलिस के लिए चुनौती रही। पुलिस कमिश्नर ने मौके पर निरीक्षण कर इस मामले का त्वरित पदार्फाश का निर्देश दिया था। उनके निर्देश पर 09 टीमों का गठन किया गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया तो आरोपी पकड़ में आ गया।

## आज का राशिफल

**मेष** — खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनेंगे।

**वृषभ** — प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा।

**मिथुन** — कुछ कार्य भी सिद्धि होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं।

**कर्क** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह** — शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या** — सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला** — शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृश्चिक** — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु** — नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मकर** — सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

**कुम्भ** — समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन** — यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

## पूरी निष्ठा से निभाएंगे जिम्मेदारी : चिराग पासवान

*केंद्र में मंत्री बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे*



**एजेंसी। पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान केंद्र में मंत्री बनने के बाद शनिवार को पहली बार बिहार की राजधानी पटना पहुंचे। पटना हवाई अड्डा पहुंचने पर उनकी पार्टी के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी दी है, जिसे ईमानदारी और निष्ठा से निभाउंगा। उन्होंने इस क्रम में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की भी चर्चा करते हुए कहा कि उसकी तैयारियां पार्टी द्वारा शुरू कर दी गयी है।लोजपा (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान केंद्र में मंत्री बनने के बाद अपने सांसदों के साथ पटना पहुंचे। उनके पटना पहुंचने के पहले से ही लोजपा (रा) के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पटना हवाई अड्डे पर पहुंच गए थे। हजारों कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने भी लोगों का आभार जताया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पालन करेंगे। उन्होंने फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में बिहार में काम करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी बड़ी जीत हुई है। पार्टी ने चुनाव में शत प्रतिशत स्ट्राइक रेट रखा है। बिहार में अगले साल विधानसभा के चुनाव भी होने हैं, ऐसे में पार्टी उसकी तैयारी में मजबूती के साथ जुटेगी। हमारी कोशिश है कि जो जीत लोकसभा में बिहार हमें मिली, वही जीत विधानसभा चुनाव में भी मिले। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तमाम सांसदों के साथ मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को अपना मार्गदर्शन दिया।

## बेकाबू रोडवेज बस ने ऑटो में मारी टक्कर, तीन की मौत




**पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है**

**एजेंसी। उन्नाव**

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में गंजमुरादाबाद के पास हरदोई की ओर से आ रही बेकाबू रोडवेज बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। घटना में आटो सवार दो सवारियों की मौके ही मौत हो गयी जबकि एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। इसमें कुछ लोगों की हालत नाजुक है।

ग्राम बल्लापुर निवासी चालक रामचन्द्र ने बांगरमऊ स्थित तिकोनिया पार्क से सवारियों को बैठाकर मल्लावां हरदोई जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उन्नाव हरदोई मार्ग पर कस्बा गंजमुरादाबाद स्थित पेट्रोल पंप पास हरदोई से आ रही अनियंत्रित रोडवेज बस ने आटो रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आटो सवार हरदोई निवासी सुनील, बांगरमऊ निवासी श्रीकृष्ण, मल्लावां निवासी लक्ष्मण, बब्लू और राम स्नेही घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान सुनील, श्रीकृष्ण, लक्ष्मण की मौत हो गई है। वहीं, चालक सहित कुल चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस के मुताबिक घटना में कुल तीन लोगों की मौत हुई हैं। इनमें कुछ लोगों की हालत गंभीर है और मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है। पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है।

# कोई छात्र स्कूल से वंचित न रहे : सीएम योगी



**सचमुच एक गुरु के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है कि जिसको उन्होंने गाइड किया वो देश में, प्रदेश में, जनपद में उच्च स्थान प्राप्त कर उन्हें गौरवान्वित कर रहे हैं।**

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई छात्र स्कूल से वंचित न रहे, ये देश की सबसे बड़ी सेवा होगी।

उन्होंने कहा, श्रीमद्भागवत गीता में तो किसी को शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य माना गया है। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के बाद सीएम योगी ने कहा कि सचमुच एक गुरु के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है कि जिसको उन्होंने गाइड किया वो देश में, प्रदेश में, जनपद में उच्च स्थान प्राप्त कर उन्हें गौरवान्वित कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन नई दिल्ली और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से जुड़े छात्र-छात्राओं को यहां सम्मानित किया गया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मेरिट में जगह बनाने वाले छात्र-छात्राओं की कुल संख्या 170 है, जिनमें छात्र 58 हैं और छात्राएं 112 हैं। ये सफलता बताती है कि बेटियों ने लंबी छलांग मारी है और बेटी पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, मेरिट में आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट, टैबलेट और एक लाख रुपए नकद उपलब्ध कराने का कार्य सरकार कर रही है। इसके साथ ही ये छात्र जिस गांव, मोहल्ले के होंगे, वहां की सड़क का नामकरण इनके नाम पर या वहां की सड़क का निर्माण कार्य सरकार के स्तर पर होगा। विधायक और सांसद के साथ मिलकर इन्हीं के द्वारा इसका शिलान्यास भी कराया जाना चाहिए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
आरसीटी
पायरिया का ईलाज
टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
स्माईल डिजाइन
इनविजिबल क्लिप
दंत रोपण
फिक्स दाँत लगाना
अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## ब्रिफ न्यूज

### रफा में इजरायली बमबारी में 11 फिलिस्तीनियों की मौत



**गाजा।** गाजा के सबसे दक्षिणी शहर पश्चिमी रफा में विस्थापित लोगों के टेंट पर इजरायली हमले में कम से कम 11 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने ये जानकारी दी है। शुक्रवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि इजरायली सेना ने अल-मवासी क्षेत्र में टेंट पर तोप के गोले बरसाए और गोलियां चलाईं। सुरक्षा सूत्रों ने सिन्हुआ को बताया कि क्षेत्र के पास इजरायली टैंकों के आगे बढ़ने के बाद गुरुवार रात को गोलीबारी शुरू हुई।

### एस.जयशंकर आज जाएंगे कतर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर 30 जून को कतर का आधिकारिक दौरा करेंगे। यात्रा के दौरान, वह कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि विदेश मंत्री की यात्रा दोनों पक्षों को राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने में सक्षम बनाएगी।

### सीबीआई ने की केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली के केजरीवाल को शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। उनकी सीबीआई हिरासत समाप्त होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने उनकी न्यायिक हिरासत की मांग की, जिस पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। जज सुनैना शर्मा ने सुनवाई के दौरान कहा कि रिमांड की अवधि समाप्त होने पर कोर्ट के पास आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### नेपाल में भूस्खलन में सात लोगों की जान गई

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में शनिवार को भूस्खलन में सात लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गुलमी जिले के मलिका ग्रामीण नगरपालिका क्षेत्र में भूस्खलन में एक घर के बह जाने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। नगरपालिका के चेयरमैन देवी राम आर्यल ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि भारी बारिश के कारण इलाके में जानलेवा भूस्खलन हुआ है। पांचों मृतकों के शव बरामद कर लिए गये हैं। स्यांगजा जिले के फेदीखोला ग्रामीण नगरपालिका क्षेत्र में भूस्खलन में एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई।

### महाराष्ट्र के जालना में दो कारों की टक्कर में सात की मौत, चार घायल



**जालना।** महाराष्ट्र के जालना में शुक्रवार रात करीब 11 बजे दो कारों की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गये। हादसा इतना भीषण था कि कुछ लोगों के शव सड़क पर पड़े दिखे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों कारों को सड़क से हटाया और शवों को जालना जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, समृद्धि हाईवे पर जालना जिले के कदावंची गांव के पास दो कारों स्विफ्ट डिजायर और एर्टिगा की टक्कर हो गई।

## बड़ा हादसा टला : राजकोट में हीरासर हवाईअड्डे पर यात्री पैसेज की कैनोपी टूटी

एजेंसी

**राजकोट।** राजकोट के हीरासर स्थित ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शनिवार सुबह यात्रियों के लिए बनी कैनोपी टूट गई। राजकोट में दो दिनों से तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। बताया गया कि इसी वजह से कैनोपी टूट गई। कैनोपी के नीचे किसी यात्री के नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। राजकोट हीरासर हवाईअड्डा के निदेशक दिगंत बहोरा ने बताया कि बारिश के कारण कैनोपी पर पानी जमा था, जिसके कारण यह टूट गई। दुर्घटना अस्थाई टर्मिनल के बाहर हुई है। घटना



में कोई भी घायल नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार राजकोट में शुक्रवार से तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। शनिवार सुबह भी बारिश का दौर जारी रहा। सुबह 11 बजे से लेकर 11.30 बजे के बीच भी बारिश हो रही थी। दूसरी ओर कैनोपी टूटने को लेकर इसकी गुणवत्ता आदि पर सवाल खड़ा किया जा रहा है।

ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे का पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 जुलाई, 2023 को गुजरात में राजकोट शहर के निकट एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। यह राज्य का पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है और इसे 1,405 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। राजकोट से लगभग 30 किलोमीटर दूर हीरासर गांव में स्थित एयरपोर्ट कैंपस 1,025.50 हेक्टेयर (2,534 एकड़) क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें से भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण ने 1,500 एकड़ क्षेत्र में हवाई अड्डे का निर्माण किया है।

## रनवे पर उड़ान को तैयार एयर इंडिया की फ्लाइट की विंग सीढ़ी से टकराई

एजेंसी

**अहमदाबाद।** नई दिल्ली से शुक्रवार रात सूरत पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट सूरत से बेंगलुरू के लिए उड़ान भरते समय वहां से हटाई जा रही सीढ़ी से टकरा गई। इससे फ्लाइट के विंग को काफी नुकसान पहुंचा। इससे बेंगलुरू जा रही फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। यात्रियों को दूसरे दिन की फ्लाइट या रिफंड का ऑप्शन दिया गया।

जानकारी के अनुसार सूरत हवाईअड्डा पर सीआरजे और एटीआर स्तर की 72 से 78 सीटर विमान के यात्रियों को विमान से उतारने-चढ़ाने



के लिए मैनुअल सीढ़ी का उपयोग किया जाता है। विमान आने-जाने के दौरान इस सीढ़ी को विमान के साथ कनेक्ट किया जाता है। शुक्रवार रात एयर इंडिया का विमान दिल्ली से सूरत पहुंच कर ऐप्रन पर पार्क था और बेंगलुरू जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी को हटाया जा रहा था कि विमान के विंग के साथ सीढ़ी से टकरा गई। इससे विंग को क्षति पहुंची है। घटना के संबंध में डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को जानकारी दी गई, जिसके बाद जांच का आदेश दिया गया। हवाईअड्डा प्राधिकरण की तकनीकी टीम फिलहाल विमान के विंग की मरम्मत में जुटी है। घटना को लेकर सूरत से बेंगलुरू जा रही फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। इसके कारण यात्रा को तैयार यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# लोग अदालत को मंदिर समझते हैं पर खुद को देवता ना समझें न्यायाधीश : सीजेआई

एजेंसी

**कोलकाता।** देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि देश की जनता न्यायालय को मंदिर समझती है। इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि इसमें बैठने वाले न्यायाधीश खुद को देवता समझने लगें। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को संवेदनशील और सहानुभूति रखने वाला बनना पड़ेगा।

सीजेआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी के दो सौ साल पूरे होने के मौके पर एक विशेष परिचर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। उनके साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौजूद थीं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जनता कहती है कि न्यायालय न्याय का मंदिर है। ऐसे में न्यायाधीश अगर खुद को देवता समझते हैं तो यह बहुत बड़ी भूल होगी। मुझे लगता है कि न्यायाधीश जनता के सेवक हैं। वे मामलों की सुनवाई करें लेकिन अपराध के प्रति पहले से कोई धारणा तैयार न करें। उन्हें सहानुभूति रखनी होगी। उन्हें इस बात का ख्याल रखना होगा कि हमारे सामने खड़ा हुआ शख्स मनुष्य है। न्यायाधीश भी सामाजिक रीति-रिवाजों के मुताबिक अपनी धारणा नहीं बना सकते। उन्हें संविधान के मुताबिक काम करना होगा। संवैधानिक नैतिकता कहती है कि एक भारतीय जो चाहे सोच सकता है, जो चाहे बोल सकता है। जिसकी चाहे पूजा कर सकता है, जिसका चाहे अनुसरण कर सकता है। किसी के साथ शादी कर सकता है और जो चाहे खा सकता है। संविधान में दी गई स्वतंत्रता का हमेशा ख्याल रखना होगा। इसके बाद उन्होंने टेक्नोलॉजी का जिक्र करते हुए कहा कि इससे हमें बहुत सारे मौके मिले हैं। कोर्ट अपनी भाषा में जो फैसला सुनाता है उसे जिस भाषा में चाहें अनुवाद कर सकते हैं। हम लोगों (सुप्रीम कोर्ट) ने 51 हजार से अधिक आदेशों का कई भाषाओं में अनुवाद किया है। बंगाली और ओडिया सहित संविधान जिस किसी भी भाषा की स्वीकृति देता है, उन सभी भाषाओं में अनुवाद किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं बंगाली और ओडिया भाषा का जिक्र कर रहा हूं, क्योंकि मेरी पत्नी ओडिया को बहुत पसंद करती हैं और बंगाली भी बहुत करीब है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे हाई कोर्ट हैं, जो जमानत से संबंधित मामलों में तत्परता नहीं दिखाते हैं। इसे लेकर मैं बहुत चिंतित हूं। यह न्याय व्यवस्था का आदर्श मॉडल नहीं है।



### न्यायपालिका को राजनीतिक तौर पर निष्पक्ष होना चाहिए : ममता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका को राजनीतिक रूप से निष्पक्ष, ईमानदार और पवित्र होना चाहिए। बनर्जी ने यहां नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में 88 फास्ट-ट्रैक अदालतें हैं जिनमें 55 सिर्फ महिलाओं के लिए हैं। राज्य में 99 मानवाधिकार अदालतें हैं। मेरी एकमात्र अपील है कि देश की न्यायपालिका को पूरी तरह निष्पक्ष, पवित्र और ईमानदार होना चाहिए। गोपनीयता बरकरार रहनी चाहिए। सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम भी मौजूद थे। कानून की डिग्री रखने वाली मुख्यमंत्री ने कहा कि वह भी कानूनी बिरादरी की सदस्य हैं और न्याय तंत्र उनके लिए एक पवित्र मंदिर, चर्च, मस्जिद या गुरुद्वारे की तरह है। मैं अब भी बार एसोसिएशन की सदस्य हूं। मैंने खुद कुछ मामलों की अदालत में पैरवी भी की है।

### फिल्मी अंदाज में पुलिस काफिले पर हमला कर डकैती के आरोपी को छुड़ा ले गये गैंगस्टर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गडग जिले में बिल्कुल किसी एक्शन फिल्म की तरह डकैती के एक आरोपी को उसके साथी छुड़ा ले गये। बदमाशों ने शनिवार तड़के पुलिस के काफिले पर हमला किया और अपने साथी के साथ भाग गये। पुलिस ने बताया कि कोपल जिले में गडग रेलवे ब्रिज के पास गिरोह के लोगों ने गंगावती पुलिस के काफिले पर हमला किया और आरोपी अमजद अली ईरानी के साथ फरार हो गये। गंगावती शहर पुलिस को डकैती के एक मामले में ईरानी की तलाश थी। पुलिस अधीक्षक बी.एस. नेमागौड़ा ने शनिवार को अस्पताल में घायल पुलिसकर्मियों से मुलाकात के बाद बताया कि बीती रात पुलिस की टीम ईरानी को गिरफ्तार कर गंगावती थाने ले जा रही थी। रास्ते में उसके साथियों ने पुलिस टीम पर हमला किया और आरोपी के साथ भागने में कामयाब रहे। पुलिस हमले में शामिल लोगों पर कार्रवाई करेगी। अभी यह पुष्टि की जा रही है कि कितने हमलावर थे। घटना में पुलिस की कार की खिड़की टूट गई और दरवाजे को भी क्षति पहुंची है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हमला किस गैंग ने किया था। एसपी नेमागौड़ा ने कहा, हमें पता है कि उनके मन में कानून का डर कैसे पैदा किया जाना चाहिए। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गैंग को पकड़ने के लिए जांच जारी है।



## पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू की जीवन व यात्रा पर आज तीन पुस्तकों का विमोचन करेंगे पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 30 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के जीवन और यात्रा पर तीन पुस्तकों का विमोचन करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा शनिवार 29 जून को दी गई। पीएमओ ने जारी एक बयान में कहा है कि भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 जून को दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनके जीवन और यात्रा पर तीन पुस्तकों का विमोचन करेंगे। यह कार्यक्रम हैदराबाद के गाचीबोवली में अन्वय कन्वेंशन सेंटर में होने वाला है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री द्वारा जारी की जाने वाली सूची में तीन पुस्तकें शामिल हैं। इसमें पहली



पुस्तक पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवनी वेंकैया नायडू- लाइफ इन सर्विस, द हिंदू, हैदराबाद संस्करण के पूर्व रेजिडेंट एडिटर एस. नागेश कुमार द्वारा लिखी गई है। इसी कड़ी में दूसरी पुस्तक सेलिब्रेटिंग भारत- भारत के 13वें उपराष्ट्रपति के रूप में एम. वेंकैया नायडू का मिशन और संदेश, भारत के उपराष्ट्रपति के पूर्व सचिव डॉ. आई.वी. सुब्बा राव द्वारा संकलित यह एक फोटो क्रॉनिकल है। तीसरी पुस्तक संजय किशोर द्वारा लिखित तेलुगु में सचित्र जीवनी जिसका शीर्षक महाननेता- श्री एम. वेंकैया नायडू का जीवन और यात्रा है।

## सरकार ने एनडीआरएफ जोखिम और कठिनाई भत्ते में की 40 प्रतिशत की वृद्धि : अमित शाह

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जोखिम और कठिनाई भत्ते को उनके मूल वेतन के 40 प्रतिशत की दर से बढ़ा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीआरएफ के पर्वतारोहण अभियान विजय के ध्वजारोहण समारोह में कहा कि मैं आपको एक अच्छा समाचार देना चाहता हूं। लंबे समय से एनडीआरएफ कर्मियों के लिए जोखिम और कठिनाई भत्ता बढ़ाने की मांग की जा रही थी। कल ही भारत सरकार ने इसे मंजूरी दी है और अब आपको 40 प्रतिशत की दर से जोखिम और कठिनाई भत्ता दिया जाएगा। यह सभी 16,000 एनडीआरएफ बचाव कर्मियों के लिए खुशी की बात है। अमित शाह ने यह भी कहा कि सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और सीआईएसएफ जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भागीदारी के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमने यह भी तय किया है कि हमारे सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) की एक टीम सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आउटडोर और इनडोर खेलों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इसका रोडमैप तैयार हो गया है और कुछ ही समय में हम इसे आगे बढ़ाएंगे।

### विपक्ष के नेता का पद संवैधानिक नहीं, वैधानिक पद है : भाजपा


**नई दिल्ली।** राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा इसे लगातार संवैधानिक पद बताए जाने पर कटाक्ष करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि इस पद को लेकर राहुल गांधी को बरगलाया गया है और वास्तव में विपक्ष के नेता का पद संवैधानिक नहीं, बल्कि वैधानिक पद है। भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, ऐसा लगता है कि किसी ने थर्ड टाइम फेल राहुल गांधी को धोखे से विपक्ष के नेता का पद दिलवा दिया है। उनको किसी ने बता दिया कि ये संवैधानिक पद है। जो उनके कमजोर करियर के लिए प्रभावी साबित होगा। तब से दरबारियों ने भी शहजादे की जय-जयकार करना बंद नहीं किया है।

## रिकॉर्ड गतिविधि / इस दौरान दो अरब से ज्यादा इम्प्रेशन दर्ज किये गये, बोले एलन मस्क

## अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड एक्टिविटी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टीवी पर पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधि दर्ज की गई। मस्क के स्वामित्व वाले एक्स ने बताया कि अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट पर मिनट-दर-मिनट चर्चा प्रसारण शुरू होने के बाद 90 मिनट में 19 गुना हो गई। कंपनी ने कहा कि डिबेट के दौरान एक्स पर दुनिया भर में चचाओं का पैमाने चौंकाने वाला था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने बताया



कि डिबेट के दौरान दो अरब से ज्यादा इम्प्रेशन दर्ज किये गये। इनमें 24.2 करोड़ वीडियो व्यूज और 20 लाख पोस्ट शामिल थे। मस्क ने कहा कि अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधियां दर्ज की गईं।

एक यूजर ने लिखा, डिबेट के दौरान एक्स पर बवाल मचा हुआ था। डिबेट के एक्स पर लाइव स्ट्रीम को भी काफी लोगों ने देखा। एक अन्य यूजर ने एक्स पर लिखा कि बिना किसी सेंसरशिप के डर के लोगों को इस मुद्दे पर खुलकर बात रखने की अनुमति देने के जबरदस्त परिणाम दिखे।

बहस के बाद राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि उनका प्रदर्शन अच्छा रहा और उनके प्रदर्शन से निराश कुछ डेमोक्रेट्स की चुनावी दौर से हट जाने की सलाह पर अमल की संभावना से इनकार किया। राष्ट्रपति ने संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि मैंने अच्छा (प्रदर्शन) किया। हालांकि कई डेमोक्रेट्स को चिंता सता रही है कि बाइडेन पूर्व राष्ट्रपति रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के सामने पर्याप्त चुनौती नहीं पेश कर सकेंगे।

### शी चिनफिंग ने पेरू की राष्ट्रपति के साथ की बातचीत

**बीजिंग।** 28 जून की दोपहर के बाद चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पेइचिंग में पेरू की राष्ट्रपति डीना एर्सिलिया बोलोआर्टे जेगारा के साथ वार्ता की। शी ने बल दिया कि चीन पेरू के साथ संबंधों के विकास को बहुत महत्व देता है और पेरू के साथ राजनीतिक विश्वास मजबूत करने, व्यावहारिक सहयोग गहराने, विभिन्न सभ्यताओं की पारस्परिक सीख बढ़ाने और बहुपक्षीय समन्वय मजबूत करने और चीन-पेरू सर्वांगीण रणनीतिक साझेदारी निरंतर नयी मंजिल पर पहुंचाने को तैयार है। शी ने कहा कि फिलहाल पेरू की कांग्रेस ने मतदान से प्रस्ताव पारित कर हर साल की 1 फरवरी को चीन-पेरू मित्रता दिवस निर्धारित किया है।

### मास्को में डॉरमेट्री में लगी आग, पांच लोगों की मौत

**मास्को।** मास्को के एक उपनगर में एक डॉरमेट्री में आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। रूसी मीडिया ने शनिवार सुबह आपातकालीन सेवाओं के हवाले से यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी तास ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बालाशिखा उपनगर स्थित डॉरमेट्री में बिजली की खराबी के कारण आग लगी थी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, जलती हुई दो मंजिला इमारत से कई लोगों को बचाया गया। तास ने आपातकालीन सेवाओं के हवाले से बताया कि डॉरमेट्री में मुख्य रूप से विदेशी प्रवासी श्रमिक रहते थे।

### कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने बरसाना पहुंचकर राधा रानी से नाक रगड़कर मांगी माफी

एजेंसी

**मथुरा।** राधा रानी पर दिए गए बयान के बाद विवादों में घिरे कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शनिवार दोपहर बरसाना पहुंचे। यहां उन्होंने राधा-रानी को दंडवत प्रणाम किया और नाक रगड़कर माफी मांगी। इस दौरान बड़े पैमाने पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। राधा-रानी से माफी मांगने के बाद वो मंदिर से बाहर निकले। हाथ जोड़कर ब्रज वासियों का अभिनंदन किया। मीडियाकर्मियों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सभी ब्रजवासियों को बहुत-बहुत बधाई। राधा-रानी के दर्शन करने के लिए यहां पधारा हूं। मैं ब्रजवासियों के प्रेम की वजह से



यहां आया हूं। लाडली जी ने खुद ही इशारा कर मुझे यहां बुलाया, इसलिए मुझे यहां आना पड़ा। उन्होंने कहा कि मेरी वाणी से किसी को ठेस पहुंची हो तो उसके लिए माफी मांगता हूं। मैं ब्रजवासियों के चरणों में दंडवत प्रणाम कर माफी मांगता हूं। मैं लाडली जी और बरसाना सरकार से क्षमा चाहता हूं। सभी से निवेदन है कि किसी के लिए कोई अपशब्द न कहें।